

4इ किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 2 अंकः 03 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 13 अक्टूबर 2023 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

## 68.80 करोड़ से संवारा जा रहा है अयोध्या के ऐतिहासिक मठ-मंदिर

### प्रवेश द्वारों पर चित्रकारी व होगी फसाड की होगी लाइटिंग

**राजेश तिवारी/समाज जागरण**

अयोध्या । भगवान राम की नगरी अयोध्या में बन रहे राम मंदिर निर्माण के साथ यहां के ऐतिहासिक व पौराणिक मठ-मंदिरों व भवनों को संवारने की कवायद शुरू हो गई है। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि इनके प्रवेश द्वारों पर चित्रकारी व आधुनिक फसाड लाइटिंग होगी। उप्र राज्य पर्यटन विकास निगम 68.80 करोड़ की लागत से 37 धार्मिक स्थलों के फसाड ट्रीटमेंट एवं पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं के विकास और निर्माण कार्य करा रहा है।

उन्होंने बताया कि इन पौराणिक स्थलों के पुनरुद्धार में तत्कालीन समय में प्रयोग किए गए निर्माण सामाग्रियों यथा चूना सुर्खी आदि का प्रयोग किया जा रहा है। पौराणिक स्थलों/मठ-मंदिरों एवं आश्रमों में साइनेज भी लगाए जाएंगे। जिस पर उनके



पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्वों को उकेरा जाएगा। उन्होंने अन्य स्थानों पर भी समन्वय स्थापित कर कार्यदायी संस्था को शीघ्र कार्य शुरू करने और गुणवत्तापूर्ण ढंग से समस्त कार्यों को दिसंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिया है।

जानकी घाट, बड़ा स्थान, दशरथ भवन मंदिर, मंगल भवन, अक्षरी मंदिर, राम कचेहरी मंदिर, सियाराम किला, दिगम्बर अखड़ा, तुलसी चैराहा मंदिर, भारत किला मंदिर, हनुमान मंदिर, कालेराम मंदिर, नेपाली मंदिर, चित्रगुप्त मंदिर, विश्वकर्मा मंदिर, छोटी देवकाली मंदिर, मौर्य मंदिर, राम गुलेला मंदिर, करतलिया बाबा मंदिर, तिवारी मंदिर, वेद मंदिर, मणिराम दास छावनी मंदिर, बरेली मंदिर, रंग महल मंदिर, टेढ़ीयाती महादेव मंदिर, राम पुस्तकालय मंदिर, विद्या देवी मंदिर, देवीकाली कुण्ड मंदिर, रत्न सिंहासन मंदिर आदि प्रमुख हैं।

## गाजा की जंग अब सीरिया तक पहुंची, अब इजरायल ने दमिश्क एयरपोर्ट पर बरसाए बम

**नई दिल्ली:** गाजा पट्टी में इजरायल-हमास की जंग लगातार जारी है. गुरुवार को इजरायल के हमले और भी ज्यादा भयावह हो गए जब उसके फाइटर जेट ने सीरिया के दो मुख्य एयरपोर्ट पर एयरस्ट्राइक कर दी. सीरिया के सरकारी टीवी चैनल ने बताया कि इजरायल-हमास जंग के बीच यह सीरिया पर पहला हमला है. जानकारी के मुताबिक, इजरायल ने दमिश्क और अलेप्पो एयरपोर्ट पर एयरस्ट्राइक की है. इजरायली हमलों के कारण बार-बार अलेप्पो और राजधानी दमिश्क के हवाई अड्डों पर उड़ानें रोकनी पड़ी हैं. दोनों युद्धग्रस्त सीरिया की सरकार द्वारा नियंत्रित हैं.

ताजा हमले तब हुए, जब हमास और इजराइल के बीच छठे दिन भी भारी गोलीबारी जारी थी, शनिवार को हमास के



सैकड़ों आतंकियों ने गाजा सीमा पार करके इजराइल में हमला किया और हजार से ज्यादा नागरिकों को मौत को घाट उतार दिया. बता दें कि ये हमले ऐसे समय में हुए हैं जब अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इजरायल दौरे पर हैं. इसी बीच, ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने सीरियाई समकक्ष बशर अल-असद के साथ एक टेलीफोन कॉल में अरब और इस्लामी देशों से इजरायल का सामना करने में सहयोग करने का आह्वान किया है.

इजरायल सीरिया पर किए गए व्यक्तिगत हमलों पर शायद ही कभी टिप्पणी करता है. लेकिन उसने बार-बार कहा है कि वह अपने कट्टर दुश्मन ईरान को कभी सीरिया में पैर नहीं पसारने देगा.

### हमास ने बंधक बनाए इजरायली नागरिक

हमास ने 7 अक्टूबर की सुबह अपने हमले के दौरान, बच्चों से लेकर बुजुर्ग महिलाओं तक, कई इजरायली और विदेशी नागरिकों को बंधक बना लिया. हमास ने कहा है कि जब भी इजरायल बिना किसी चेतावनी के गाजा में नागरिक घरों पर हमला करेगा तो वह एक बंधक को मारने के लिए तैयार है. अगर इजरायली सेना गाजा पट्टी में घुसती है तो फिर इन बंदियों की जान भी खतरे में होगी. इस युद्ध के बहुपक्षीय संघर्ष में बढ़ने का भी गंभीर खतरा है. इजरायल पहले ही लेबनान से रॉकेट हमले देख चुका है, अगर वह सैन्य बल के साथ जवाब देता है तो बहुपक्षीय युद्ध और व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष की संभावना बढ़ जाती है.

## हरियाणा के गुरुग्राम में फ्लैट्स की कीमतों में आया भारी उछाल

### 100 करोड़ में बिका एक फ्लैट

**एस. के. शर्मा संवाददाता**

**दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा**

गुरुग्राम/ फरीदाबादः हरियाणा के गुरुग्राम में फ्लैट्स की कीमतों में पिछले चार महीने में भारी उछाल आया है। हाल ही में यहाँ एक फ्लैट 100 करोड़ में बिकने से हर कोई कह रहा है कि इतनी कीमत पर तो मुम्बई के बांद्रा और दिल्ली में भी फ्लैट की दरें नहीं है।

जानकारी के अनुसार 100 करोड़ रुपये की कीमत वाले इस फ्लैट के आसपास अरावली की हरी-भरी पहाड़ियां हैं। इसे डीएलएफ बिल्डर्स ने डेवलप किया है। ये फ्लैट गुरुग्राम के गोल्फ कोर्स रोड पर 'द कैमेलियास' सोसायटी में पड़ता है।

### 4 महीने में 40 फीसदी बढ़े प्रॉपर्टी के दाम

इस लग्जरी प्रॉपर्टी की खासियत ये है कि महज 4 महीने में ही इसके दाम 40 प्रतिशत बढ़ गए हैं। कुछ महीने पहले तक इसके बिल्डर्स 10,000 वर्ग फुट के इतने बड़े फ्लैट की कीमत सिर्फ 60 करोड़



रुपये चार्ज कर रहे थे। लेकिन बीते 4 महीने में दाम इतनी तेजी से बढ़े हैं कि अब इसकी कीमत 100 करोड़ रुपये हो गई है। गोल्फ लिंक्स एरिया में तीन बड़े रियल्टी स्टेट प्रोजेक्ट हैं।

इनमें 'मंगोलियास', 'अरालियास' और 'कैमिलियास' शामिल हैं। गोल्फ लिंक्स के ये प्रोजेक्ट्स स्टार्टअप कंपनियों के फाउंडर्स, एमएनसी कंपनियों के टॉप एग्जीक्यूटिव और बिजनेसमैन की पहली पसंद बने हुए हैं। बीते एक साल में इस एरिया के सभी प्रोजेक्ट्स में प्रॉपर्टी की कीमतें बेहताशा बढ़ी हैं। कैमिलियास में ही 'बो एट' ग्रुप के फाउंडर अमन गुप्ता, आकाश एजुकेशनल सर्विस के फाउंडर जे.सी. चौधरी भी रहते हैं. कैमिलियास में अभी मकानों की कीमत 85,000 प्रति वर्ग फुट तक के हिसाब से बिक रही है।

### इंटीरियर पर खर्च हुए 15 करोड़

डीएलएफ ने इस फ्लैट को 85 करोड़ रुपये में बेचा था। इसके बाद इसमें इंटीरियर और अन्य इंप्रूवमेंट्स का काम आ गया, जिसके बाद इसकी कीमत करीब 100 करोड एक रुपये पहुंच गई है।

## वर्ल्ड कप में दहशत!

### संन्यास की घोषणा के बाद खूंखार हुआ ओपनर, ठोकी लगातार दूसरी सेंचुरी

नई दिल्ली. आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के गेंदबाजों को लगातार दूसरे मैच में पिटाई झेलनी पड़ी. साउथ अफ्रीका



के खिलाफ टूनामेंट के दूसरे मैच में ओपनर क्विंटन डि कॉक ने गेंदबाजों को जमकर धोया. इस विश्व कप के बाद अपने संन्यास लेने की घोषणा कर चुके प्रोटियाज ओपनर ने पिछले मैच में भी धमाकेदार सेंचुरी ठोकी थी.

साउथ अफ्रीका के धुंआधार ओपनर क्विंटन डि कॉक आखिरी बार टीम की तरफ से वर्ल्ड कप खेलने उतरे हैं. टूनामेंट में उतरने से पहले ही अपने संन्यास की घोषणा कर चुके इस बैटर ने धमाकेदार शुरूआत की है. पहले मुकाबले में श्रीलंका के गेंदबाजों को धोया और अब ऑस्ट्रेलिया टीम की क्लास लगा दी. विश्व कप में डि कॉक के बल्ले से लगातार दूसरी सेंचुरी देखने मिली.

## मुख्यमंत्री ने परखी पीएम मोदी के कार्यक्रमों की तैयारियां

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गाजियाबाद में करेंगे देश के पहले रैपिडेक्स (रैपिड रेल) का उद्घाटन

**समाज जागरण**

गाजियाबाद, 12 अक्टूबर। प्रधानमंत्री के कर कमलों से होने वाले देश के पहले रैपिडेक्स (रैपिड रेल) के उद्घाटन एवं जनसभा को सम्बोधित करने वाले स्थान का गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान अधिकारियों को सभी कार्य समय पर पूरा करने के लिए निर्देशित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीआईएसएफ पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों को ससमय पूर्ण कराने के निर्देश दिये। इसके बाद मुख्यमंत्री का काफिला वसुन्धरा सेक्टर-8 जनसभा स्थल पहुंचा। जहां उन्होंने जनसभा स्थल का पैदल ही सूक्ष्म निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री जनसभा से पैदल ही रेपिडेक्स (रैपिड रेल) स्टेशन,



साहिबाबाद पहुंचे। वहां उन्होंने स्टेशन का निरीक्षण करते हुए तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री को रेपिडेक्स स्टेशन पर अधिकारियों द्वारा रैपिड रेल की वीडियो प्रेजेंटेशन दिखाई गयी और बहुत ही बारिकी से उन्हें इससे सम्बंधित सभी बिन्दुओं की जानकारी दी गयी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गाजियाबाद जिला वासियों के लिए यह बहुत ही खुशी व गर्व की बात है कि भारत की प्रथम रैपिड रेल का जनपद गाजियाबाद से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों से उद्घाटन किया जायेगा।

इस अवसर पर केन्द्रीय राज्यमन्त्री एवं स्थानीय सांसद डॉ. विजय कुमार सिंह, राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल, महापौर सुनीता दयाल, विधायक अतुल गर्ग, विधायक सुनील कुमार शर्मा, विधायक नन्द किशोर गुर्जर, विधायक अजीत पाल त्यागी, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल सहित मेरठ मंडल की मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे., पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद अजय कुमार मिश्र, जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले एवं पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया सम्मानित

**समाज जागरण, राजेंद्र मिश्र, ब्यूरोचीफ उत्तरी छोटानागपुर मंडल, झारखंड प्रदेश।**

12 अक्टूबर 2023 झारखंड प्रदेश का रांची के खेल गांव स्थित टाना भगत इनडोर स्टेडिम में झारखण्ड के हमारे प्रतिभावान खिलाड़ियों और खेल प्रशिक्षकों को सम्मान राशि वितरण समारोह कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ अल्पसंख्यक कल्याण सह खेल मंत्री माननीय हफीजुल हसन साहब शामिल हुए।

राष्ट्रीय, अन्तरराष्ट्रीय एवं ओलम्पिक खेलों में राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले एवं पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी माननीय मंत्री हफीजुल हसन सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया।

19 खेलों के लिए 222 खिलाड़ियों एवं 52 प्रशिक्षकों के बीच सम्मान राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया।पुरस्कार पाने वालों में फुटबॉल






के 55 खिलाड़ी, हॉकी के 39, वूशु के 24, आर्चरी के 23, तायकांडो के 17, रेसलिंग के 13, लॉन बॉल के 11, एथलीट के 11 समेत अन्य खेलों के कुल 222 खिलाड़ी शामिल हैं।

## सड़कों पर टमाटर फेंकने को मजबूर हैं किसान, लागत मूल्य भी नहीं मिलने पर हो रहा नुकसान

**दैनिक समाज जागरण, देवव्रत राय,ब्यूरोचीफ**

बलरामपुर (छत्तीसगढ़) 12अक्टूबर 2023:- बलरामपुर जिले का रामानुजगंज विकास खंड़ के किसान मंडी में टमाटर का भाव कम रहने के कारण सड़को पर टमाटर फेंकने के लिए किसान मजबूर हैं. किसानों का कहना है कि उनका लागत मूल्य भी नहीं निकल पा रहा है और उन्हें नुकसान हो रहा है. ऐसे में टमाटर उत्पादन कर बेचने का क्या फायदा है.

### सड़कों पर टमाटर फेंकने को मजबूर किसान

रामानुजगंज सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में किसान प्रतिदिन रामानुजगंज सब्जी मंडी में सब्जियां लेकर बेचने के लिए आते हैं. यहां के किसान कड़ी मेहनत कर टमाटर का उत्पादन कर रहे हैं लेकिन मंडी में उचित दाम नहीं मिलने से किसान निराश होकर सड़कों पर ही टमाटर फेंकने को मजबूर हैं.वहीं किसान 4-5 रूपए किलो टमाटर बेच रहे ।



सब्जी मंडी में किसान अपने खेतों की टमाटर लेकर बिक्री करने पहुंच रहे हैं. लेकिन यहां सिर्फ 4-5 रूपए किलो दाम पर किसानों को टमाटर बेचना पड़ रहा है. जिससे किसानों का लागत मूल्य भी नहीं निकल पा रहा है और उन्हें नुकसान उठाना रहा है. सब्जी मंडी में बिचौलिए भी सक्रिय हैं, जो गांव के किसानों से सस्ते दामों पर सब्जियां खरीदते हैं. बाद में महंगे दामों पर बेचकर मुनाफाखोरी कर रहे हैं.

### बंफर फसल ने बढ़ाई टेंशन, टमाटर के सस्ते भाव से किसान हो रहे लाल।

### टमाटर का दामः

जुलाई-अगस्त के महीने में टमाटर का उत्पादन नहीं होने के कारण बाहर से महगें दामों में टमाटर मंगाया जा रहा था. टमाटर की कीमतें आसमान छू रही थी. टमाटर 200 से लेकर 300 रूपए तक के दामों पर बेचा जा रहा था. लेकिन फिलहाल क्षेत्र में उत्पादन बढ़ने के कारण दामों में कमी आ गई है.

## सहार उप डाकघर में मशीन खराब, रजिस्ट्री एवं स्पीडपोस्ट की सुविधा बाधित

**दैनिक समाज जागरण ओमजी तिवारी सहार भोजपुर**

भोजपुर जिला के सहार उप डाकघर में पिछले एक सप्ताह से रजिस्ट्री एवं स्पीड पोस्ट की सुविधा बाधित है । मशीन खराब होने से लोगों को रजिस्ट्री एवं स्पीड पोस्ट की सेवा नहीं मिल पा रही है, जिसके कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। सहार प्रखंड क्षेत्र के आसपास के दर्जनों गांवों से लोग उप डाकघर में रजिस्ट्री एवं स्पीड पोस्ट कराने के लिए हर रोज आते हैं,लेकिन वहां पहुंचने पर कर्मियों द्वारा मशीन खराब हो जाने की सूचना दिए जाने पर उन्हें मायूस होकर वापस लौटना पड़ता है। मशीन खराब होने के कारण लोगों को 15-20 किलोमीटर दूरी तय कर अरवल डाकघर में जाना पड़ता है, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उप डाकघर के डाकपाल ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से मशीन खराब हो गई है,जिसकी सूचना डाक अधीक्षक भोजपुर को दे दी गई है। मशीन के ठीक होते हीं लोगों को यह सुविधा मुहैया कराई जाएगी।

# अग्रोहा समाज के प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन

दैनिक समाज जागरण

पतंगों की तरह इस विश्व रंगमंच पर प्राणी आते हैं और चले जाते है। जातियां उत्पन्न होती है अपना विकास कर चरमोन्नति के पश्चात काल के गाल में विस्मरण को समाप्त हो जाती है, यदि कुछ रह जाता है तो वह है उनके द्वारा किए गये कार्यो की कर्म गाथा। महाराजा अग्रसेन की भी गाथा और उनका यशोगान अमर है। हजारों वर्ष पूर्व इस धरती पर अवतरित हुये राजाधिराज अब भी अपनी प्रजावत्सलता न्याय, दानशीलता, धार्मिकता एवं लोकोपकारी प्र-वृत्तियों और श्रेष्ठ आदर्शो के कारण याद किये जाते हैं।

महाराज अग्रसेन द्वारा अर्जित राज्य की सीमायें पश्चिम में मारवाड़, दक्षिण में अग्रोहा, पूर्व में आगरा तथा उत्तर में हिमालय की तराइयों तक विशाल भूभाग में फैला एक बड़ा देश था। महाराजा अग्रसेन, अपने राज्य की सुदृढ़ व्यवस्था के लिये राज्य को हिसार, नारनोद, रोहतक, हांसीलोग सिरसा, दिल्ली, मेरठ जगाधारी, अमृतसर, उदयपुर, अलवर आदि अट्ठारह भागों में विभक्त कर दिया था। वे सभी छोटे छोटे प्रांत महासंघ के ही हिस्सा थे एवं पूरे देश की बागडोर अंतिम रूप से अग्रसेन के हाथों में सु-रक्षित थी। इन अठारह राज्यों के स्थानीय शासन -प्रशासन संचालन के लिये प्रतिनिधियों की नियुक्ति की गई थी इन प्रतिनिधियों को महाराज अग्रसेन पुत्रवत स्नेह देते थे।

महाराज अग्रसेन का एक सिद्धांत काफी सर्वप्रिय था। वह था सर्वधर्म समभाव की तरह सर्वजन समभाव। वे किसी भी प्रजा को अपने राज्य में निर्धन नहीं देखना चाहते थे। सभी को सुखी एवं संपन्न देखना उनका सपना एवं कार्य था। तभी तो प्रजा ने भी उनके सिद्धांतों को समग्र रूप से अपना कर उसे व्यावहारिकता का जामा पहना दिया था।

नियमानुसार राज्य में आने वाले सभी निर्धनों को वहां के लोग एक एक स्वर्ण मुद्रा देकर अपने समान बना लेते थे ताकि राज्य में आने वाला निर्धनता का अनुभव न करे। ऐसी अप्रतिम व्यवस्था और ऐसी उदार मनोभावना का प्रचार प्रसार सर्व साधारण में आज के इस प्रगतिशील, उन्नत तथा विश्व बंधुत्व की भावना से ओत प्रोत इस युग में भी नहीं देखा जा सका है। अन्य उदाहरण भी इतिहास के पन्नों को पलटने पर नहीं मिलता कि किसी राज्य में नव आगंतुकों को एक ईंट एक स्वर्ण मुद्रा देकर अपने समान बना लेने की महा-राजा अग्रसेन के जैसे शासन प्रणाली लागू की गई होगी।

महाराज अग्रसेन एक राजा के पहले एक मानव थे और व्यक्तिगत रूप से भी इन गुणों, आदर्शों व महान कार्यों की दृष्टि से काल की सीमाओं में नहीं बांधे जा सकते। महाराजा अग्रसेन द्वारा ही बनिया समाज की स्थापना की गई है। ऐसा माना जाता है कि पौराणिक महायुद्ध "महाभारत" के कुछ समय बाद व आज से लगभग पांच हजार वर्ष पूर्व अग्रसेन द्वारा अग्रवाल (बनिया) समाज की स्थापना की गई थी। यह अग्रसेन की कुशल नीति का व उनकी दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि उनके द्वारा स्थापित समाज आज भी समय की गति को पहचानते हुए युगानुकूल ताल के साथ ताल मिलाकर युग को नवीन गति देने में संलग्न है। अनेक सभ्यताएं नष्ट हो गई। रोम और युनान की सभ्यता अब केवल इतिहास की पुस्तकों में ही सिमटकर रह गई है किन्तु अग्रजाति का अस्तित्व आज भी फल फूल रहा है, गौरवान्वित हो रहा है।

महाराजा अग्रसेन ने राज्य तं-त्रवादी परम्परा को त्यागकर समाजवाद के समन्वयवादी सिद्धांतों को बड़ी आत्मीयता से आत्मसात किया। अपनी प्रजा को मन से, हृदय से बड़े सहजरुप में इसे अपना लेने के लिये साथ ले लिया था। 'प्रजा ने भी उनके सिद्धांतों को व्यवहारिकता का रूप देने ने कभी आनाकानी नहीं की अर्थात - "जैसा राजा "वैसी प्रजा" वाली कहावत को चरितार्थ करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। आज इस स्वार्थ भरे माहौल में जीने वाले लोगों को अपने इस गौरवपूर्ण अतीत से शिक्षा लेनी होगी। समाज के देश के धनी लोग अगर निर्धनों पर कृपा दृष्टि करें। उनकी सहायता करें तो असंभव नहीं है कि हमारा समाज हमारा देश फिर उसी गौर-वशाली समतापूर्ण स्वरूप को पा जाये। आज अग्रसेन जयंती के पावन पर्व पर सभी को संकल्प लेना चाहिये कि हम सामाजिक, आर्थिक, - राजनीतिक, धार्मिक, चिकित्सकीय, परोपकार, सहयोग एवं समानता सहित सभी जग हितार्थ कार्यों में मानव समाज के कल्याण एवं प्रगति के कार्य करने के लिये आगे आयें। हमें महाराजा अग्रसेन जी के बताये बनाये सत्य, अहिंसा, न्याय, त्याग, समाजवाद और सहकारिता के रास्ते पर चलना चाहिये जिससे बुराईयां स्वयंमेव समाप्त हो जायेगी। हमे मात्र अपने गौरवपूर्ण इतिहास का हवाला देकर ही शांत नहीं रह जाना चाहिये बल्कि हमें इतिहास के अनुरूप ही - सेवाभाव, समभाव में कार्य करना होगा।" तभी हमारा वर्तमान और भविष्य भी अतीत के समान गौरशाली व सुनहरा हो सकेगा। आईये सभी मिलकर महाराजा अग्रसेन जी की जयंती के अवसर पर उन्हें स्मरणांजलि स्वरुप कुछ श्रद्धा के फूल अर्पित करें।

*मिले तुम्हें नई मुस्कान, फिर*
*जग में सबेरा हो।।*
*घृणा का पाप धोकर स्नेह*
*धारा में नहाओ तुम ।।*
*पुरानी लीक पर चलना तुम्हे*
*शोभा नहीं देता।*
*नया विश्वास लेकर पथ*
*नया अपना बनाओ तुम ।।*



**- सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"**

# क्या हमारी गाजापट्टी का नाम विपक्ष है ?

दैनिक समाज जागरण

इजराइल और फिलिस्तीन के बीच की जंग में फास्फोरस बम चल रहे हैं ,पूरी दुनिया चिंतित है ,लेकिन हमारे यहां जंग दूसरे किस्म की है । हमारे यहां सरकार ने समूचे विपक्ष को गाजापट्टी समझ लिया है और ईडी को फास्फोरस बम बनाकर विपक्ष पर जमकर हमले शुरू कर दिए है। पहले सत्तापक्ष देश को कांग्रेस मुक्त बनाना चाहता था लेकिन अब लक्ष्य बदलकर शायद देश को विपक्ष मुक्त बनाने का है। अब जो भी सत्ता प्रतिष्ठान के खिलाफ है वो सरकार की दृष्टि में हमास जैसा आतंकवादी है। उसे येन-केन मैदान से हटाना ही है।

सत्ताप्रतिष्ठां की इस नीति का अगला शिकार झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हैं । ईडी ने उन्हें भी समन भेजकर पीएमएलए एक्ट के तहत अपना बयान दर्ज कराने को कहा था।सोरेन इस कार्रवाई के खिलाफ सीधे सुप्रीम कोर्ट पहुँच गए थे लेकिन बाद में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर उन्होंने झा-रखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हेमंत सोरेन के वकील पी चिदंबरम ने हा-ईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की पीठ को बताया कि यह साफ नहीं है कि सोरेन को भेजा गया समन बतौर गवाह भेजा गया है या फिर आरोपी। अब हाईकोर्ट 13 अक्तूबर को इस मामले में सुनवाई करेगा। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संख्या पर हेमंत सोरेन ईडी के रडार पर आये थे । उन्हें 14 अगस्त को समन भेजा गया था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर झारखंड में रक्षा मंत्रालय की जमीन को घोटाला कर बेचने का आरोप है । इस घोटाले में कई नौकरशाह, राजनेता और जमीन माफिया कथित रूप से शामिल हैं। मुख्यमंत्री सोरेन के नजदीकी पंकज मिश्रा भी इस घोटाले में गिरफ्तार हो चुके हैं। इसी मामले में सोरेन से पूछताछ होनी थी। एक कथित अवैध खनन के मामले में भी बीते साल हेमंत सोरेन से ईडी ने पूछताछ की थी। ईडी के शिकार दूसरे नेताओं की ही तरह सोरेन ने याचिका में मांग की है कि ईडी के समन पर रोक लगाई जाए। ईडी द्वारा उन्हें समन भेजने के अधिकार क्षेत्र पर भी सोरेन ने सवाल उठाए। हेमंत सोरेन का आरोप है कि बदले की भावना से उनके खिलाफ यह कार्रवाई की जा रही है।

सत्ता प्रतिष्ठान के इस फास्फोरस बम की जद में अब तक जितने भी लोग आये हैं सभी का एक हीआरोप है की ईडी बदले की भावना से काम कर रही है। ईडी अब इतनी ज्यादा स्वायत्त है कि जिसे चाहे उसे आरोपी बना सकती है । समन भेज सकती है,छापे मार सकती है और यदि तब भी बात न बने तो गिरफ्तारी भी कर सकती है। देवयोग से अभी तक देश में सत्तारूढ़ दल का एक भी नेता,कार्यकर्ता या समर्थक नौकरशाह ईडी का शिकार नहीं बना है। सिर्फ इसी वजह से ईडी भी शंका के घेरे में है लेकिन अब तक देश की अदालतों ने ईडी को काम करने से रोका नहीं है। शायद ईडी देश में पहली बार काम करती दिखाई दे रही है । ये बात और है कि ईडी एक आँख से देखकर कार्रवाई कर रही है। ईडी को सत्ता-प्रतिष्ठान से जुड़े लोग दूध से स्नान किये हुए दिखाई देते हैं ।

पिछले एक दशक ने ईडी ने जितना काम सरकार के लिए किया है उतना पूरे सात दशक में नहीं किया। पिछली सरकारें ईडी से काम लेना जानती ही नहीं थी। उन्हें पता ही नहीं था कि पिछली सरकारों ने कितना ताकतवर फास्फोरस बम बनाकर रखा हुआ था।ईडी रुपी फास्फोरस बम से भगवान भी इंसान को नहीं बचा सकता। ये ताकत केवल और केवल सत्ता प्रतिष्ठान के पास है। और ये स्वाभाविक भी है। ईडी ने बिना राग-द्वेष के विपक्ष के नेताओं,पत्र-ाकारों के खिलाफ कार्रवाई की है। ईडी की निष्पक्षता की सराहना करने के बजाय विपक्ष उसे अदालतों में घसीटता है। ये क्या अच्छी बात है ?

भारतीय फास्फोरस बम किसी अयातुल्लाह पर तो चलाया नहीं जा सकता इसलिए ईडी ने अमानुल्लाह को अपने निशाने पर ले लिया। बेचारे अमानुल्लाह इंद्र के बेटे जयंत की तरह इधर से उधर शरण मांगते फिर रहे हैं लेकिन कोई उन्हें शरण देने को तैयार नहीं है । खुद आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अपने विधायक अमानुल्लाह को अभयदान देने की स्थिति में नहीं है। अब अमानुल्लाह को कौन नारद आकर बताये कि उन्हें ईडी के फास्फोरस बम से केवल सत्ताप्रतिष्ठान ही बचा सकता है। उन्हें वहीं जाकर नतमस्तक होना चाहिए। जो नमस्तक नहीं होते उनका मस्तक धड़ से अलग होता ही है।

देश में शायद मै अकेला व्यक्ति हूँ जो ईडी की स्वामिभक्ति का प्रशंसक हूँ। तमाम संवैधानिक संस्थाओं को ईडी की ही तरह आँखें बंद कर अपने मालिकों का हुक्म मानना चाहिए । हालाँकि अधिकांश संस्थाएं ऐसा कर भी रहीं है किन्तु वे ईडी कामुकबला नहीं कर सकतीं। ईडी का मुकाबला करना आसान भी नहीं है। आसान काम तो कोई भी कर सकता है। कठिन काम केवल ईडी ही कर सकती है ,जो वो कर रही है। देश को ईडी पर नाज होना चाहिए। ईडी जो भी कर रही है राष्ट्रहित में कर रही है। राष्ट्रहित में किया जाने वाला हर काम दोष रहित माना जाता है। ईडी की कार्रवाई के लिए ईडी को ,या सरकार को दोष नहीं दिया जा सकता । नहीं दिया जाना चाहिए। मै तो ईडी के शि-ाकार तमाम लोगों से कहता होऊं कि वे बेकार अदालतों के फेर में पड़े हैं उन्हें भी जयंत की तरह ईडी के अधिष्ठाता से क्षमा मांग लेना चाहिए। ज्यादा से ज्यादा एक नयन ही तो किये जायेंगे वे सब। जेल के सींखचों में तो प्राण नहीं देना पड़ेंगे।

भारत में ईडी और विपक्ष के बिच की जंग बिलकुल हमास और इजराइल की जंग कोई तरह है। इस जंग में कोई तीसरा दखल दे ही नहीं सकता। हमास मानवता का अपराधी है और भारत का विपक्ष लोकतंत्र का अपराधी। दोनों को सजा मिलना ही चाहिये । और ये सजा है हर तरह के आतंक का सफाया करना । जैसे फिलिस्तीन को हमास विहीन होना चाहिए वैसे ही भारत को विपक्ष विहीन। विपक्ष विहीन लोकतंत्र में विकास के एक-दो इंजन वाली रेलें कितनी तेजी से दौड़ेंगी ,इसकी कल्पना आम जनता नहीं कर सकती। जनता को कल्पना करना आता ही कहाँ है ? उसे तो कल्पना लोक में ले जाना पड़ता है। शायद इसीलिए मध्यप्रदेश की डगमगाती सरकार ने पूरे सूबे में जगह -जगह लोक ही लोक बनाने का ऐलान कर दिया है । 17 नबंवर को यदि जनता डबल इंजन की सरकार को चुनती है है ते ये सारे लोक बन जायेंगे अन्यथा सबका राम नाम सत्य तो अपने आप हो जाएगा। चलिए हम और आप दूर खड़े होकर ईडी ,सीबीआई ,आईटी का तमाशा देखे। तमाशा देखने का ये सबसे सुहाना मौसम है।

**@ राकेश अचल**

# सिसकती, कराहती मानवता, युद्ध और हिंसा की शिकार महिलाएं और बच्चे ही क्यों।

दैनिक समाज जागरण

पूरा विश्व जहां महिला सशक्तिकरण और बच्चों को कुपोषित होने के लिए सशक्त मुहिम चला रहा है वहीं दूसरी तरफ युद्ध और हिंसा मानवता के चिथड़े उड़ा रहा है। ताजा-ताजा हमास और इजरायली युद्ध में बच्चों और महिलाओं पर अत्याचार देखकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं इसी तरह यूक्रेन रूस युद्ध में सर्वाधिक नुकसान बच्चों और महिलाओं की मौत से ही हुआ है। युद्ध और हिंसा से चाहे पिता,भाई या पुत्र की मृत्यु हो परिणाम स्त्रियों को ही भुगतना पड़ता है। घरों के टूटने और नष्ट होने पर भी स्त्रियों बच्चों पर सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ता है स्त्रियां,बच्चे बेघर होकर अनाथ हो जाते हैं हर तरफ त्राहिमाम मच जाता है। इसराइल हमास युद्ध में हजारों स्त्रियां और बच्चे मौत से साक्षात्कार कर रहे हैं, मानवता सिसक रही है मौत का तांडव अपना परचम लहरा रहा है रूस यूक्रेन युद्ध में भी सर्वाधिक नुकसान महिलाओं तथा बच्चों का ही हुआ है। हिंसा और युद्ध से सर्वाधिक नुकसान महिलाओं और बच्चों का ही क्यों होता है? क्या इसे रोका नहीं जा सकता है। इसी तरह मणिपुर की महिलाओं पर शर्मनाक और अमानवीय पुरुष समाज की हरकतों से पूरा समाज और पूरा देश लज्जित हुआ है। छोटी बच्चियों से लेकर बड़ी बूढ़ी महिलाओं तक शारी-रक, सामाजिक शोषण समाज के लिए एक काला अध्याय था ' हम अपने पशुओं की तरह व्यवहार के कारण लज्जित तो हुए ही पर उसके पश्चात कोई पछतावा दिखाई नहीं देता है। पूरे विश्व समेत देश के कोने कोने से महिलाओं को अपमानित करने की घटनाएं रोज हो रही हैं क्या हमारे नैतिक मूल्य और आस्थाये अब पूर्ण रूप से स्खलित हो चुकी है नैतिक मूल्यों का क्षरण अचानक तेज होता जा रहा है' धन तथा पद और साम्राज्यवाद की लोलुपता ने सारी हदें पार कर दी हैं' समाज पुरुष प्रधान होने का यह मतलब कतई नहीं होना चाहिए कि स्त्री और बच्चे ही हर ज्यादति और अत्याचार की शिकार होते रहें? आइये हम भी अपने देश का भी एक विवेचनात्मक विश्लेषण करें ।

प्राचीन काल से अब तक स्त्री ही पुरुष तथा समाज के दमन का केंद्र रही है' शिक्षा तथा आर्थिक स्थिति के विकास के बाद भी स्त्रियों की दयनीय स्थिति में बहुत ज्यादा परिवर्तन नहीं आया है देश की आबादी की 45% आबादी महिलाओं की है पर अभी तक स्त्रियों की स्थिति में बहुत ज्यादा परिवर्तन परिलक्षित नहीं हुआ है,यह एक चिंतनीय समाजिक समस्या हमारे सामने ज्वलंत खड़ी है'

भारतीय समाज की विशेषता है कि यह क्रमिक रूप से बाहरी मूल्यों को अपनाते हुए आगे बढ़ रहा है जिसके फलस्वरूप आज समाज विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यताओं तथा मूल्यों का अद्भुत समूह बन गया, यूं कहें कि अलग-अलग सभ्यताओं के पुष्पों का एक रंग बिरंगा गुलदस्ता ही बन गया है' वही सभ्यताओं के आत्मसात करने के परिणाम स्वरूप पाश्चात्य सभ्यता से हिंदुस्तानी समाज में बड़ी विसंगतियां जन्म लेने लगी है। सभ्यताएं तो आई लेकिन अपनी बुराइयों को भी लेकर आई हैं। इससे भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का अवमूल्यन ही हुआ है। और इसके अलावा पाश्चात्य सभ्यता ने खुलेपन आमंत्रित कर युवाओं तथा पुरुषों के मन में वासनात्मक कुंठा को जन्म दिया है। जिसके कारण महिलाओं पर यौन हिंसा की घटनाएं बढ़ती जा रही है। आज भारतीय समाज निश्चित तौर पर परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और यही वजह है कि पाश्चात्य सांस्कृतिक प्रवृतियों मानसिक भावनाओं को संक्रमित कर कुंठा को जन्म दिया है। यही कारण है कि मानसिक संक्रमण से भारतीय समाज पाश्चात्य सभ्यता का अंधा अनुसरण कर रहा है जिसके कारण मानवीय मूल्यों में नैतिक स्खलन स्पष्ट दिखाई देने लगा और इस नैतिक गिरावट से हिंसा में काफी वृद्धि हुई है। पाश्चात्य सभ्यता के दुष्प्रभाव में सबसे गहरा दुष्प्रभाव यौन हिंसा के प्रचार प्रसार का है। पुरुष समाज की मानसिकता है की पुरुष होने के कारण उन्हें कुछ चीजों का हक नैसर्गिक रूप से प्राप्त है जैसे कि अच्छी पत्नी और संतान में बेटों की प्राप्ति, कोई भी पुरुष अपनी आने वाली पीढ़ी में पुत्री नहीं चाहता है जबकि पुत्र पुत्री एक समान ही होते हैं बल्कि जो मायूस होकर पुत्री जन्म का दुख मनाते हैं उन्हें वर्तमान में पीएससी और यूपीएससी की रिजल्ट लिस्ट देखनी चाहिए इसमें बालिकाओं ने बहुत अच्छे अंको से परीक्षा पास कर समाज में उनकी अहम भूमिका को सार्थक किया है। वर्तमान समाज में परंपरागत रूप से पुरुषों को ऐसा करते देख उसकी आने वाली पीढ़ी भी अपने महिला संगिनी से दुर्व्यवहार और हिंसा करने से नहीं चूकता है। पुरुष की कुंठा इस कदर बढ़ चुकी है कि वह किसी सुंदर स्त्री को देखकर यह चाहने लगता है कि वह स्त्री उसकी अंक शायनी हो जाए और यदि स्त्री उसके विमुख होती है तो वह उस पर बलात नियंत्रण करने की कोशिश में यौन अपराध की ओर उन्मुख हो जाता है। अपरिपक्व उम्र से ही किशोरावस्था के युवक सेक्सुअल हिंसा के प्रति उन्मुख होने लगे हैं हमें इसकी असली वजह तथा कारण को समझना होगा मोबाइल का इंटरनेट कंप्यूटर लैपटॉप ने इस विकृत संस्कृति को एक खुला आकाश दे दिया है समाज में बढ़ती योन अपराधिक हिंसा के मुख्य कारणों में से एक इंटरनेट मोबाइल और लैपटॉप का घर घर उपलब्ध होना ही है।

मानसिक रूप से अपरिपक्व को बच्चों के पास मोबाइल तथा लैपटॉप तथा इंटरनेट आ चुका है और उससे वह वह वासनात्मक कहानियां, चित्र और फिल्में देखकर युवतियों तथा छोटी-छोटी बच्चियों पर यौन अपराध करने से नहीं चूकते और यही वजह है कि भारतीय संस्कृति विकृत होकर युवकों द्वारा बड़ी संख्या में यौन अपराध किए जा रहे हैं। जिसके कारण महिलाओं की भावना तथा आत्म सम्मान में गिरावट आकर आत्महत्या तक के परिणाम सामने आने लगे हैं। आंकड़ों में यदि जाएं तो 2020 में लगभग 40,000 बलात्कार के मामले हिंदुस्तान में सामने आए हैं जिनमें 18 साल से कम आयु की लड़कियों की संख्या 16800 की और सबसे खतरनाक तथा विवाद,वीभस्त आंकड़ा जो है वह 6 साल से कम उम्र की लड़कियों के साथ बलात्कार की घटना के लगभग 600 मामले सामने आए हैं। यौन हिंसा के अलावा बच्चियों, युवतियों तथा महिलाओं द्वारा युवाओं द्वारा दिए गए प्रणय निवेदन तो ठुकरा दिए जाने के बाद तेजाब फेंकने की घटनाएं तीव्रता से बड़ी हैं 2010 से लेकर 2020 तक महिलाओं पर तेजाब फेंकने की 1208 घटनाएं विभिन्न जगहों में संबंधित थानों में पंजीकृत हुई है। माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रशासन को एसिड की खरीदी बिक्री पर रोक लगाने के आदेश भी दिए गए, पर आज भी पूरे देश में तेजाब की बिक्री खुलेआम हो रही है। तेजाब पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। इसके अलावा इंटरनेट मोबाइल पर भी प्रभावी नियंत्रण आवश्यक है इस पर भी एक उम्र की सीमा से ऊपर के लोगों को इस्तेमाल करने की अनुमति दी जानी चाहिए। भारत में महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा के प्रति लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जा कर एक अभियान चलाकर इसे योजनाबद्ध तरीके से कानून की मदद से हिंदुस्तान भर में विस्तारित किया जाना चाहिए। इसी तरह कन्या भ्रूण हत्या को भी समूल नष्ट करने का अभियान चलाकर एक प्रभावी योजना तैयार की जानी चाहिए। भारतीय संस्कृति के प्रचार प्रसार के साथ शासकीय योजनाओं को भी यौन हिंसा प्रताड़ना के खिलाफ आमजन को शिक्षित और जागरूक कर पाश्चात्य सभ्यता को ना अपनाने हेतु प्रेरित करना चाहिए।



**संजीव ठाकुर, स्तंभकार,चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़,**

# ओट्स से बनाए सेहत भी और सुंदरता भी, ओट्स एक फायदे अनेक

आपने सुना ही होगा कि दिन की अच्छी शुरूआत करने के लिए सुबह का नाश्ता बहुत ही जरूरी होता है। और अगर यह नाष्ता सेहतमंद और पौष्टिक हो तो क्या कहना! इसलिए यह जान लें कि दिन की शुरूआत के लिए एक कटोरी ओट्स खाने से अच्छा कोई खाना नहीं है। यह आपकी सेहत बनाने के साथ आपकी त्वचा की जलन को दूर करता है और असमय आई झुर्रियों से भी बचाता है। हेल्थ सैंगक्रूएरी की डाइटीशियन एंड न्यूट्रिशियन निशा सदाना बता रही हैं इसके अन्य गुणों के बारे में..

ओट्स में इनोजिटॉल पाया जाता है, जो ब्लड कोलेस्ट्रॉल लेवल को बरकरार रखने का एक बेहतरीन स्त्रोत है। ओट्स में पर्याप्त मात्रा में डाइटरी फाइबर होता है। इसमें पाया जाने वाला सॉल्युबल फाइबर डाइजेस्टिव ट्रैक्ट को दुरुस्त रखने में मदद करता है। दरअसल, गर्मियों में अक्सर लोगों को तमाम तरह पेट की समस्याएं मसलन एसिडिटी, जलन और डाइजेशन की प्रॉब्लम होती है। बावल मूवमेंट्स को नियमित करने के लिए फाइबर की जरूरत होती है। यह उन लोगों के लिये भी अच्छा है जिन्हें मधुमेह की बीमारी है। लेमन ओट्स को खाने से उनका शुगर लेवल डाउन आ सकता है। ओट्स इसलिये भी अच्छा है क्योंकि इसे खाने से पेट साफ रहता है और दोपहर तक भूख भी नहीं लगती।

## फायदेमंद है ओट्स

1.ओट्स में प्रोटिन और फाइबर की मात्रा अधिक होती है जोकि काफी भारी होता है इसलिए ओट्स को नाष्ते में खाने के बाद आपको लंबे समय तक भूख नहीं लगती। ओट्स में पर्याप्त फाइबर होने के कारण इसे अपने आहार में शामिल करना अच्छा होता है। इसमें सॉल्युबल और अनसॉल्युबल दोनों प्रकार के फाइबर होते हैं। अनसॉल्युबल पानी में नहीं घुल पाता। यह स्पॉन्जी होता है, जो कब्ज को दूर करने में मदद करता है। साथ ही पेट खराब होने से भी बचा पाता है।

2.इसमें कैल्शियम, पोटैशियम, विटामिन बी-काम्प्लेक्स और मैग्नीशियम होता है, जो नर्वस सिस्टम के लिए बहुत जरूरी होता है। गर्मी के कारण चक्कर, दिल घबराने जैसी आम समस्याओं में यह बहुत लाभदायक होता है।

3.ओट्स में ब्लड कोलेस्ट्रॉल और केलेरिज होती है जिससे यह हमें वनज कम करने में मददगार साबित होती है। पके हुए ओट्स शरीर से अतिरिक्त फैट कम करते हैं, वहीं अनरिफाइन्ड ओटमील स्ट्रेस को कम करता है। साथ ही वीटा ग्लूकैम नामक फाइबर हमारे षरीर से बेड कोलेस्ट्रॉल को हटाता है।

4.ओट्स में एंटी ओक्सिडेंटस भी होते है जो हृदय रोग के खतरों से दूर रखता है साथ ही हाई फाइबर होने के कारण यह बावल कैंसर से बचाता है।

5.ओट्स का सेवन करने से डाइबिटीज और ब्लड शुगर की समस्या से ग्रस्त लोगों को फायदा होता हैं क्योंकि ओट्स शरीर में ब्लड शुगर को नियंत्रित रखता है, जिससे डाइबिटीज का खतरा कम होता है।

6.ओट्स में लिगमैन्स होता है जो महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर होने से रोकता हैं।

7.जिन लोगों को सीलिएक की बिमारी होती है, वे लोग भी ओट्स खा सकते हैं। साथ ही ओट्स में बीटा गुलटेन होते है जोकि शरीर के ईम्मयून को मजबूत बनाते हैं।

सौंदर्य टिप्स ( बॉक्स में)

❖ इससे बना हुआ फेसपैक त्वचा को कोमल और आकर्षित बनाता है। साथ ही त्वचा को चमकदार भी बनाता है।

❖ रूखी त्वचा और एग्जीमा को दूर करने के लिए ओटमील बाथ लेना अच्छा विकल्प साबित हो सकता है। यह त्वचा की जलन को दूर करता है। इसके लिए आपको 500 ग्राम ओट्स की भूसी को एक लीटर पानी में 20 मिनट तक उबालें। फिर छानकर ठंडा करें और उस पानी से नहाएं।

❖ ओट्स स्क्रब से आप अपनी खोई हुई रंगत और कोमलता को दोबारा पा सकते है। इसके लिए दो टेबलस्पून ओटमील, दो टीस्पून ब्राउन शुगर, दो टेबलस्पून एवोकैडो और पांच-छह बूंद रोज एसेंशियल ऑयल मिलाकर पेस्ट बनाएं और गीली त्वचा पर इससे हल्का मसाज करें। गुनगुने पानी से चेहरा साफ कर लें। पूरे शरीर पर लगाने के लिए इसकी मात्रा बढ़ा सकते हैं।

**विनीता झा**

# किशोर कुमार

**जीवन परिचय**

किशोर कुमार का जन्म 4 अगस्त, 1929 ई. को खंडवा, मध्य प्रदेश में एक बंगाली परिवार में हुआ था। किशोर कुमार एक विलक्षण शख्सियत रहे। हिन्दी सिनेमा की ओर उनका बहुत बड़ा योगदान है। किशोर कुमार के पिता कुंजीलाल खंडवा शहर के जाने माने वकील थे। किशोर चार भाई बहनों में सबसे छोटे थे। सबसे छोटा होने के नाते किशोर कुमार को सबका प्यार मिला। इसी चाहत ने किशोर को इतना हंसमुख बना दिया था कि हर हाल में मुस्कुराना उनके जीवन का अंदाजबन गया। उनके सबसे बड़े भाई अशोक कुमार मुंबई में एक अभिनेता के रूप में स्थापित हो चुके थे और उनके एक और भाई अनूप कुमार भी फिल्मों में काम कर रहे थे। किशोर कुमार बचपन से ही एक संगीतकार बनना चाहते थे, वह अपने पिता की तरह वकील नहीं बनना चाहते थे। किशोर कुमार ने 81 फिल्मों में अभिनय किया और 18 फिल्मों का निर्देशन भी किया। फिल्म 'पड़ोसन' में उन्होंने जिस मस्त मौला आदमी के किरदार को निभाया, वही किरदार वे ज़िंदगी भर अपनी असली ज़िंदगी में निभाते रहे। हिन्दी सिनेमा में इलैक्ट्रिक संगीत लाने का श्रेय किशोर कुमार को जाता है।

**फिल्मी सफर**

किशोर कुमार के. एल. सहगल के गानों से बहुत प्रभावित थे और उनकी ही तरह गायक बनना चाहते थे। किशोर कुमार के भाई अशोक कुमार की चाहत थी कि किशोर कुमार नायक के रूप में हिन्दी फिल्मों के हीरो के रूप में जाने जाएं, लेकिन किशोर कुमार को अदाकारी की बजाय पार्श्व गायक बनने की चाहत थी। किशोर कुमार ने संगीत की प्रारंभिक शिक्षा कभी किसी से नहीं ली थी। किशोर कुमार की शुरूआत एक अभिनेता के रूप में फिल्म 'शिकारी' (1946) से हुई।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# अवध हास्पिटल, लखनऊ द्वारा एक पद- यात्रा व साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**

लखनऊ । अवध हॉस्पिटल द्वारा एक साइकिल यात्रा व पदयात्रा का आयोजन किया गया जो अवध हास्पिटल से मायाराज मेठी हब, पूरन नगर चौराहे तक यात्रा चली। इस पद यात्रा का उद्देश्य आम जनता को गठिया रोग के प्रति जागरूकता प्रदान करना। इस अवसर पर अस्पताल के सुप्रसिद्ध हिप एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेण्ट एवं अस्थि जोड़ रोग विशेषज्ञ डा.विनीत अग्रवाल ने उपस्थिति लोगों को इस के बारे में तथा इससे बचाव व उपचार की पूरी जानकारी दी।



पत्र-यात्रा का विशेष आकर्षण कूल्हे व घुटना प्रत्यारोपण करवा चुके लोगों का भारी संख्या में शामिल होना था। जिनमें नानक चंद लखमानी, अशोक अग्रवाल, निर्मल शयनानी, एस. के. गुप्ता, सुनील कुमार सिंह एवं कई अन्य भी शामिल हुये। अशोक अग्रवाल ने अपने विचार रखें और बताया मात्र दो माह पूर्व उनके दोनों घुटनो का प्रत्यारोपण हुआ और आज इस पद यात्रा में सब के साथ शामिल हुये। नानक चंद लखमानी ने बताया राजनीति में होने पर उनका बाहर आना जाना ज्यादा होता था। दर्द असहनीय होने पर घुटना प्रत्यारोपण का मन बनाया और आज राजनीति में उनकी सक्रियता और भागीदारी पहले से भी ज्यादा बढ़ गई है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आनन्द द्विवेदी नगर अध्यक्ष भाजपा, लखनऊ को अवध हास्पिटल के निदेशक सतेन्द्र भवनानी द्वारा स्मृति चिन्ह भेट किया गया और मुख्य अतिथि ने इस तरह के आयोजनों की सराहना की एवं भविष्य में ऐसे आयोजन करते रहने के लिये प्रेरणा दी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि माननीय गिरीश मिश्रा पार्षद रामजी लाल नगर वार्ड को अवध हास्पिटल के सी.ई.ओ अनिल गट्टानी द्वारा स्मृति चिन्ह भेट किया गया और उन्होने अवध अस्पताल को अपने क्षेत्र में होना एक वरदान बताया जो हर समय जरूरत मंदो के साथ उचित मूल्य में बहुत अच्छी सुविधा प्रदान कर रहा है

उक्त पद यात्रा में क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भाग लिया जिनमें प्रमुख पूनम अग्रवाल रमेश अग्रवाल, कमल किशोर, पियूष दीवान, शतीस अठवानी, सुचिता अग्रवाल, सचिन वैष्य, निर्भय गुप्ता एवं बडी संख्या में लोग मौजूद थें जिहोनें गठिया से बचाव हेतु पद यात्रा के फायदे को ज सामान्य तक पहुचाने का कार्य करने का बीड़ा उठाया। इस पद यात्रा में डा.परेश शुक्ला,डा. सुरेन्द्र भवनानी, डा.रिषी भार्गव, डा.अमित चौधरी, डा.रमिता श्रीवास्तव, डा. प्रतिका श्रीवास्तव, डा.आकाश यादव, डा.अनामिका शुक्ला, डा. प्राची अग्रवाल, डा. अशमता श्रीवास्तव,डा. काजल सिंह, मेघा शर्मा, संतोष द्विवेदी, ओ.पी. शर्मा एवं अवध अस्पताल के अनेको कर्मचारीयों के साथ 500 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया व स्मृति स्वरूप टी-शर्ट प्राप्त की।

# सी०एस०आर० अन्तर्गत "लूलू ग्रुप इन्टरनेशनल" द्वारा एल0ई0डी0 एवं बच्चों को उपयोगार्थ किट सेवन प्रदान की गई

**दैनिक समाज जागरण**
**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**

लखनऊ । बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा पोषण, स्वास्थ्य एवं शिक्षा सम्बन्धी सेवाएं प्रदान किये जाने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्र एक महत्वपूर्ण इकाई है। केन्द्रों के माध्यम से 05 वर्ष आयु वर्ग तक के बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं को समुचित पोषण, स्वास्थ्य एवं समग्र विकास के लिए विभाग द्वारा अनुपूरक पोषाहार, टीकाकरण, स्वास्थ्य जाँच, स्वास्थ्य शिक्षा, स्कूल पूर्व शिक्षा एवं संदर्भन सेवायें प्रदान की जाती हैं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए लाभार्थियों हेतु संसाधनों की उपलब्धता के साथ ही बाल मैत्री भवन एवं आधारभूत संरचनाओं के निरन्तर सुदृढीकरण आवश्यकता होती है। प्रदेश में कुल 1,89,021 केन्द्र संचालित हैं। इन केन्द्रों पर 3-6 वर्ष के 50 लाख बच्चे पंजीकृत हैं। केन्द्रों के सौन्दर्यीकरण कराने के साथ ही बच्चों के उपयोगार्थ रिसोर्स मैटेरियल उपलब्ध कराने के लिए विभागीय बजट के साथ साथ जनपद स्तर पर उपलब्ध मिनरल फण्ड, ग्राम निधियों, विधायक निधियों, सांसद निधियों एवं सी०एस०आर० आदि का उपयोग करते हुए निरन्तर बच्चों के उपयोगार्थ प्री स्कूल किट खिलौने एवं अन्य आउट डोर मैटेरियल आदि उपलब्ध कराये जा रहे हैं। इसी क्रम में सी०एस०आर० अन्तर्गत "लूलू ग्रुप इन्टरनेशनल" द्वारा प्रदेश के कुल 06 जनपदों के 47 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों के उपयोगार्थ शालापूर्व शिक्षा सम्बन्धी कुल 37 आइटम की किट उपलब्ध करायी गयी है। उक्त के अतिरिक्त जनपद लखनऊ के आलमबाग परियोजना अन्तर्गत आंगनवाडी केन्द्र बूचड मोहाल का अपग्रेशन कराते हुए वहाँ भी एल0ई0डी0 एवं बच्चों के उपयोगार्थ किट उपलब्ध करायी गयी है। किट में डा० सेट, एनीमल सेंट कारपेन्टर सेट, बिल्डिंग ब्लॉक, पजेल्स आदि के साथ ही आकर्षक लो हाइट टेबल, फोम मैट एवं स्लाइड है।



बेबी रानी मौर्य, मंत्री, महिला एवं बाल विकास द्वारा निदेशक आई०सी०डी० एस० एवं लू लू ग्रुप के अधिकारियों की उपस्थिति में बूचड मोहाल केन्द्र पर आंगनबाडी कायमकत्र धनदेवी को किट सौंपी गयी,इसके साथ मंत्री द्वारा जनपद को भेजी जाने वाली किट के वाहन को हरी झण्डी दिखाकर अपनी शुभकामनाएं देते हुए सम्बन्धित जनपद के लिए रवाना किया गया। मंत्री द्वारा अपने उद्बोधन में संस्था के इस कार्य का दिल से स्वागत करते हुए अन्य उद्यमियों को भी इस पुनीत कार्य में सहयोग हेतु अपील की गयी। मंत्री द्वारा बच्चों से केन्द्र पर करायी जाने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी ली गई। सरनीत कौर निदेशक आई०सी०डी० एस० द्वारा आंगनबाडी कायाकल्प के तहत जनपदों में किये जा रहे कार्य की जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रदेश के समस्त आंगनबाडी केन्द्रों को मूल आधारभूत सुविधाओं यथा

पेयजल, शौचालय एवं विद्युतीकरण आदि से संतृप्त कराते हुए केन्द्रों पर पढ़ाई का बेहतर सहॉल विकसित

किया जा रहा है, जिससे शासन की मंशा के अनुरूप केन्द्रों पर "पोषण भी पढ़ाई की संकल्पना फलीभूत हो सके। लू लू ग्रुप के रीजनल डायरेक्टर जयकुमार गंगाधरन एवं जी०एम० लीजो जौस द्वारा संयुक्त गेम्स के लिए भारत का पसंदीदा ऑनलाइन 100 आरएस इंस्टेंट सी को शभानी दिनों में एक भावन तानातरण प्राप्त होने में उनके भीखने और समझने की क्षमता में बच्चों से केन्द्र पर करायी जाने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी ली गई। सरनीत कौर निदेशक आई०सी०डी०एस० द्वारा आंगनबाड़ी कायाकल्प के तहत जनपदों में किये जा रहे कार्य की जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रदेश के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों को मूल आधारभूत सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय एवं विद्युतीकरण आदि से संतृप्त कराते हुए केन्द्रों पर पढ़ाई का बेहतर महौल विकसित किया जा रहा है, जिससे शासन की मंशा के अनुरूप केन्द्रों पर "पोषण भी पढ़ाई" की संकल्पना फलीभूत हो सके। लूलू ग्रुप के रीजनल डायरेक्टर जयकुमार गंगाधरन एवं जी०एम० लीजो जोस द्वारा संयुक्त रूप से यह अवगत कराया गया कि संस्थान अपने वाणिज्यिक गतिविधियों के साथ साथ सामाजिक प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए पूरी तरह दृढ़ संकल्पित है। अपने स्तर से विगत वर्षों में शासन को उपलब्ध कराये गये सहयोग की जानकारी हुए यह बताया गया कि बच्चे देश का भविष्य है छोटे बच्चों को शुरूआती दिनों में एक सुखद वातावरण प्राप्त होने से उनके सीखने और समझने की क्षमता में वृद्धि होती है। बच्चों के समग्र विकास को प्राप्त करने के दृष्टिकोण से ई०सी०सी०ई की किट 47 केन्द्रों को दी गयी है। भविष्य में संस्थान अन्य केन्द्रों को भी सहयोग प्रदान करने के लिए रणनीति बनाएगा। कार्यक्रम में उपनिदेशक जफर खाँ, वैजू गंगाधरन, एडमिन मैनेजर, सिब्तैन हुसैन, पी०आर० हेड, लूलू मॉल सहित जनपद के जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सीमान्त उपस्थित रहे।

# मत करें चिंता, दूर होगी सबकी पीड़ा: सीएम योगी

## जनता दर्शन में मुख्यमंत्री का लोगों को भरोसा

### करीब 225 लोगों की समस्या सुनीं सीएम ने, अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

गोरखपुर, 12 अक्टूबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में आए लोगों को आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। हर हाल में सबकी पीड़ा का निवारण कराया जाएगा। यह उनकी सरकार की प्राथमिकता है। हर मामले में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जिनके पास पक्का आवास नहीं है, उन्हें पीएम-सीएम आवास योजना से मकान मिलेगा। जिन्हें इलाज की आवश्यकता है, उनके मुकम्मल इलाज की व्यवस्था की जाएगी। इलाज में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। हर पीड़ित की समस्या का निस्तारण उसकी सन्तुष्टि के मुताबिक कराया जाएगा।

सीएम योगी ने गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 225 लोगों की समस्याएं सुनीं। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए फरियादियों तक मुख्यमंत्री खुद गए। इत्मीनान से एक-एक कर सबकी समस्याएं सुनीं, उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को जरूरी



निर्देश के साथ संदर्भित किया। साथ ही आश्वस्त किया कि परेशान मत होइए, समस्या समाधान के लिए त्वरित व प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान इलाज के लिए मदद की गुहार करने आए लोगों से उन्होंने आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज के लिए इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। इस्टीमेट मिलते ही इलाज के लिए धन अवमुक्त हो जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को यह निर्देश भी दिया कि सभी जरूरतमंदों के आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं।

#### जमीनों पर अवैध कब्जा करने वालों से सख्ती से निबटे

पुलिस व राजस्व से संबंधित मामलों में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर मामले में समाधान जल्दी से हो। साथ ही कार्यवाही ऐसी हो कि लोगों को दोबारा परेशान न होना पड़े। जनता दर्शन में कई जिलों से फरियादी पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों को करारा सबक सिखाया जाए। साथ ही गरीबों और जरूरतमंदों के मकान बनवाए जाएं। अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

# ग्रुप हाउसिंग सोसाइटीज तथा बहुमंजिली इमारतों में मतदेय स्थल बनाने को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न।

**दैनिक समाज जागरण**

भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप ग्रुप हाउसिंग सोसाइटीज एवं बहुमंजिली इमारतों में मतदेय स्थल बनाने को लेकर आज जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण को लेकर बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया की ग्रुप हाउसिंग सोसाइटीज एवं बहुमंजिली इमारतों में मतदेय स्थल बनाए जाने के लिए आपके द्वारा जो सुझाव एवं आपत्तियां उपलब्ध कराई गई थी, उनका भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानकों के अनुरूप निस्तारण करते हुए अंतिम आलेख्य प्रकाशन सूची तैयार कर आप लोगों को उपलब्ध कराई जा रही है। दावे आपत्तियों की निस्तारण आख्या पर सभी राजनीतिक दालों के प्रतिनिधियों ने अपनी सहमति दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि अंतिम आलेख्य प्रकाशन सूची आयोग को प्रेषित की जायेगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधीगण उपस्थित रहे। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

आकर्षक ऑफर,
मात्र 300 मे
लगवाए विज्ञापन
समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ

# जनपद के अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 12 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2023 तक किया जाएगा नि:शुल्क खाद्यान्न का वितरण।

**दैनिक समाज जागरण**

जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निदेशों के क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी गौतम बुद्ध नगर ने जनपद के समस्त अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों का आह्वान करते हुए जानकारी देते हुए बताया कि माह अक्टूबर, 2023 के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आवंटित आवश्यक वस्तुओं यथा गेहूं, चावल का वितरण 12 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2023 के मध्य संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त अवधि में आवश्यक वस्तुओं का वितरण प्रातः 06.00 बजे से रात्रि 09.00 बजे तक ई-पॉस मशीन के माध्यम आधार प्रमाणीकरण के उपरांत किया जाएगा। प्रत्येक अंत्योदय कार्डधारकों को 14 किलो0 गेहूँ एवं 21 किलो0 चावल एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को कार्ड में सम्मिलित प्रति यूनिट 02 किलो गेहूं व 03 किलो चावल विक्रेता द्वारा निशुल्क वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद गौतम बुद्ध नगर के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के अन्य जनपदों/राज्यों के निवासी अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारक, जिनके द्वारा गौतम बुद्ध नगर के उचित दर विक्रेताओं के यहां से वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत पोर्टेबिलिटी के आधार पर खाद्यान्न अपनी सुविधा एवं सुगमता अनुसार किसी भी उचित दर दुकान से प्राप्त किया जा सकेगा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत उपलब्धता की सीमा तक आच्छादित अंत्योदय लाभार्थियों को प्रत्येक अंत्योदय कार्ड पर 14 किग्रा0 गेहूं, 21 किग्रा चावल तथा पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों से संबद्ध प्रत्येक यूनिट पर 2 किग्रा0 गेहूं, 3 किग्रा0 चावल का निशुल्क वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संबंधित नोडल अधिकारी द्वारा उचित दर दुकान पर उपलब्ध खाद्यान्न आदि का भौतिक सत्यापन करने के उपरांत अपनी उपस्थिति में दुकान पर खाद्यान्न आदि का वितरण सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को गेहूं, चावल निशुल्क वितरण की अंतिम तिथि 25.10.2023 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं के लिए मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से निःशुल्क वितरण संपन्न किया जा सकेगा एवं विक्रेता द्वारा ई-पॉस मशीन से निकलने वाली वितरण पर्चियों पर गेहूँ, चावल का मूल्य शून्य होना स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाएगा तथा संबंधित उचित दर विक्रेता द्वारा कार्डधारक को उक्त पर्ची उपलब्ध करायी जायेगी। विक्रेता द्वारा प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्ति से वंचित न रहे। उन्होंने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 की सूची में सम्मिलित समस्त उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वह सम्बन्धित उचित दर विक्रेताओं से अपनी-अपनी आवश्यक वस्तुएं प्राप्त करें। यदि उन्हें आवश्यक वस्तुए प्राप्त करने में कोई समस्या उत्पन्न हो तो, उसके निराकरण के लिए अपनी तहसील में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी एवं क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी / पूर्ति निरीक्षक से अथवा क्रियाशील कॉलसेंटर एवं टोल फ्री नम्बर-1967 एवं 1800-1800-150 पर समस्या दर्ज करा सकते है। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# आगामी 9 दिसंबर को जनपद गौतमबुद्धनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का किया जायेगा आयोजन।

**दैनिक समाज जागरण**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के प्राप्त निदेशों के अनुपालन में तथा माननीय जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर की अध्क्षता में दिनांक 09.12.2023 को जनपद गौतमबुद्धनगर में मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विषेषतः आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामलें, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामले, बिजली व पानी से संबधित मामले, धारा 138 एन.आई. एक्ट के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा सम्बन्धित मामले एवं प्री-लिटीगेषन मामलों के साथ-साथ सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण योग्य अन्य विवाद, जिनमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के अधीन सन्धि के लिए इच्छुक हो वह मामले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किये जायेगे। लोक अदालत द्वारा जारी किए गए फैसले को दीवानी अदालत के डिक्री का दर्जा प्राप्त होता है। यह फैसले बाध्यकारी होते हैं और इनके खिलाफ अपील नही की जा सकती। लोक अदालत का कोई न्यायालय शुल्क नहीं है और यदि न्यायालय शुल्क का भुगतान पहले ही कर दिया गया है, तो लोक अदालत में विवाद का निपटारा होने पर राशि वापस कर दी जाती है।

# यूपी के विद्यालयों में भी नारी की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलेगा बड़ा अभियान

**मिशन शक्ति के चौथे चरण के लिए उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा और बेसिक शिक्षा विभाग ने तैयार की कार्ययोजना**

**विद्यालयों में बेटियों को किया जाएगा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक**

**वेबिनार, सेमिनार के माध्यम से बेटियों को महिला सुरक्षा के प्राविधानों और कानूनों की दी जाएगी जानकारी**

**बाल अधिकारों, सुरक्षा एवं संरक्षा, सेफ टच, अनसेफ टच आदि मुद्दों पर भी किया जाएगा जागरूक**

**पुलिस विभाग के सहयोग से प्रत्येक जनपद में महिला सुरक्षा एवं साइबर क्राइम पर चलेगा जागरूकता अभियान**

लखनऊ, 12 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश में 14 अक्टूबर से शुरू हो रहे मिशन शक्ति के चौथे चरण के तहत उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा और बेसिक शिक्षा विभाग से संबंधित सभी विद्यालयों में नारी की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूकता को लेकर वृहद स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। विद्यालयों में बेटियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ ही वेबिनार, सेमिनार के माध्यम से बेटियों को महिला सुरक्षा के प्राविधानों और कानूनों की जानकारी दी जाएगी। बाल अधिकारों, सुरक्षा एवं संरक्षा, सेफ टच, अनसेफ टच आदि मुद्दों पर भी जागरूक किया जाएगा। मिशन शक्ति के चौथे चरण के लिए उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा और बेसिक शिक्षा विभाग ने कार्ययोजना तैयार कर ली है और चरणबद्ध तरीके से इसका संचालन किया जाएगा। उल्लेखनीय है की सीएम योगी 14 अक्टूबर को अपने सरकारी आवास से रैली को हरी झंडी दिखाकर मिशन शक्ति के चौथे चरण की शुरूआत करेंगे।

### वेबिनार और सेमिनार के माध्यम से महिला सुरक्षा के प्राविधानों की मिलेगी जानकारी

उच्च शिक्षा में लैंगिक समानता प्राप्त करने के लिए महिलाओं को उच्च शिक्षा में समान अवसर प्रदान करते हुए उनकी नामांकन दर में वृद्धि किए जान हेतु जागरुकता अभियान संचालित किया जाएगा। समस्त विश्व विद्यालयों, महाविद्यालयों, विद्यालयों में वेबिनार और सेमिनार आयोजित कर महिला सुरक्षा के विविध प्राविधानों और कानूनों की जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही लैंगिक समानता, बालिकाओं के स्वास्थ्यवर्धन एवं पोषण के प्रति जागरुकता के लिए भी वेबिनार व व्याख्यानमालाओं का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त "चुप्पी तोड़ो, खुलकर बोलो" कार्यक्रम के अन्तर्गत बालिकाओं की समस्याओं को सुनकर उन्हें एनजीओ तथा मनोचिकित्सकों के माध्यम से परामर्श दिया जाएगा।

### स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का होगा अयोजन

प्रत्येक विश्वविद्यालय, महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के लिए कम से कम एक स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक उच्च शिक्षण संस्थान द्वारा माह में एक बार किसी महिला रोल मॉडल के साथ संवाद का आयोजन तथा महिला सुरक्षा हेतु संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाएगा। विशिष्ट दिवसों पर विशिष्ट दिवस के विषय से सम्बन्धित कार्यक्रम का आयोजन, समाज के सभी नागरिकों, विशेष रूप से बालकों के मध्य बालिका की सुरक्षा एवं सम्मान की भावना जागरुक करने और संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से बालिका सुरक्षा शपथ दिलाने जैसे कार्यक्रम भी होंगे।

### बालिकाओं की नियमित उपस्थिति पर होगा फोकस

बेसिक शिक्षा विभाग उपस्थिति अभियान चलाएगा, जिसमे 1.33 लाख विद्यालयों में बालिकाओं की विद्यालय में नियमित उपस्थिति के लिए प्रत्येक शनिवार कार्यक्रम चलेगा तथा प्रायः अनुपस्थित रहने वाली बालिकाओं के अभिभावकों से सम्पर्क कर उन्हें जागरुक किया जाएगा। 1.33 लाख विद्यालयों में प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को बाल अधिकारों, सुरक्षा एवं संरक्षा, सेफ टच, अनसेफ टच आदि मुद्दों पर जागरुक किया जाएगा।

# विश्व में शांति की गारंटी है सनातन धर्म : योगी आदित्यनाथ

**हरियाणा के रोहतक में बाबा मस्तनाथ मठ में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम योगी**

**सरसंघचालक मोहन भागवत, स्वामी रामदेव सहित देशभर के संत एक मंच पर आए**

**सीएम योगी ने कहा, भारत की संत शक्ति कभी पलायन का रास्ता नहीं अपनाती**

**हर चुनौती से जूझने का जज्बा रखती है संत शक्ति, हमारा उद्देश्य केवल लोक कल्याण : योगी आदित्यनाथ**

**जनजागरण से एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को सिद्ध कर रहे संतगण : योगी**

रोहतक/लखनऊ, 12 अक्टूबर। सनातन धर्म विश्व में शांति की गारंटी है। एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति का बोध वाक्य ही सनातन धर्म का सत्य है। सभी मत, पंथ, उपसना विधि, संप्रदाय से जुड़े संतजन उसी सत्य की उपासना के लिए और उसकी पुनर्प्रतिष्ठा के लिए अपने आप को समर्पित किये हुए हैं। भारत की संत शक्ति कभी पलायन का रास्ता नहीं अपनाती। वो हर चुनौती से जूझने का जज्बा रखती है और इसका उद्देश्य केवल लोक कल्याण है। गांव गांव में जनजागरण कर रहे हमारे संतगण आज एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को ही सिद्ध कर रहे हैं। ये बातें गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाबा मस्तनाथ मठ द्वारा ब्रह्मलीन महंत श्री चांदनाथ जी योगी के स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रोहतक में कही।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत, योगगुरु स्वामी रामदेव, स्वामी चिदानंद महाराज और बाबा मस्तनाथ मठ के महंत बाबा बालकनाथ सहित देशभर से आए हजारों की संख्या में संतों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नाथ संप्रदाय भारत की सनातन परंपरा का वाहक है। सनातन धर्म एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति के बोध वाक्य का सत्य है। उस सत्य तक पहुंचने के लिए हमारे पंथ, उपसना विधि, संप्रदाय, मत अपने आप को समर्पित किये हुए हैं। रास्ते अलग अलग हो सकते हैं, लेकिन मंजिल एक है और ये मंजिल है सत्य सनातन धर्म की पुनर्स्थापना के कार्य को एकजुट होकर पूरी मजबूती के साथ स्थापित करना।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हो रहा है। जिन्हें सनातन पर विश्वास नहीं था वो श्रीराम मंदिर के नाम से ही भागते थे। मगर जिन्हें सनातन धर्म पर विश्वास था उन्हें अपने कर्म पर विश्वास था। जो लोगों के लिए असंभव था आज नये भारत ने उसे संभव बना दिया है। पूरी दुनिया में वर्तमान में संघर्ष चल रहा है, मगर विश्व शांति की गारंटी केवल सनातन धर्म और भारत ही है। दुनिया में संकट के समय हर देश, हर धर्मावलम्बी और हर पीड़ित भारत की ओर आशा की नजरों से देख रहा है। उसे भरोसा है कि भारत उसकी आस और विश्वास बनेगा।



आज का ये समारोह उसी अभियान को मजबूती प्रदान करता है। ये नाथ संप्रदाय के पवित्र संतों की साधना स्थली है। आज बाबा चांदनाथ जी के संकल्पों को महंत बालकनाथ योगी तत्परता और दूरदर्शिता के साथ आगे बढ़ा रहे हैं, जो अभिनंदनीय और सराहनीय है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत में दुनिया की सबसे बड़ी आबादी सभी प्रकार के मौलिक अधिकारों के साथ जी रही है। उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक आज भी भारत पूरी मजबूती के साथ एक भारत श्रेष्ठ भारत के रूप में अपने आप को स्थापित कर रहा है, तो उसके पीछे गांव गांव में जनजागरण कर रहे हमारे पूज्य संतजन हैं, जो अपने ईष्ट की अराधना के साथ ही सनातन धर्म की पुनर्प्रतिष्ठा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर देते हैं। चाहे राममंदिर आंदोलन हो या कोई अन्य जनआंदोलन, संतों ने हमेशा एक आह्वान पर उसमें बढ़चढ़ कर भाग लिया। आज इस समारोह में उपस्थित देशभर से आये हजारों संतगण इस बात को प्रदर्शित करते हैं कि यहां न जाति का भेद है और न ही मत और पंथ का। जो बोलते हैं कि भारत अनेक मत और उपासना विधियों का देश है उन्हें यहां मौजूद सभी धाराओं के संतजनों की एकता को देखना चाहिए।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत, स्वामी रामदेव, चिन्ना जियर स्वामी, स्वामी चिदानंद महाराज, स्वामी निर्मलानंद जी महाराज, स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, बाबा बालकनाथ जी महाराज, हरिचेतनानंद जी महाराज, ब्रह्मदेव जी महाराज, डॉ चिन्मय पांड्या, आचार्य लोकेश मुनि, नाथ संप्रदाय के नरहरिनाथ, महंत शेरनाथ, केंद्रीय मंत्री डॉ वीके सिंह, रामलाल सहित बड़ी संख्या में योगेश्वरगण और षड्दर्शन से जुड़े संतजन मौजूद रहे।

# टोटो पलटने से 2 लोग घायल अस्पताल भेजे गये

**समाज जागरण**

चन्दौली पड़ाव सूजाबाद अवधुत राम स्माधी स्थल की ओर जाने वाले सड़क पर सीढ़ी के पास भोर में टोटो पलट जाने से रुबी देवी 35 वर्ष को आंशिक रूप से चोटिल हो गयी राहगीरों के अनुसार सूजाबाद क्षेत्र की निवासनी रुबी देवी सूबह कहीं किसी काम से जाने के लिए निकली ही थी कि सीढ़ी के पास कोई छुटटा पशू सामने आ जाने के कारण उसको बचाने मे टोटो पलट गया इस दौरान टोटो चालक का हाथ टूटने की सूचना मिली है देखते ही देखते आसपास के लोग मौके पर जमा हो गये और आनन फानन में लोगो ने टोटो को सीधा कर घायल लोगों को कबीर चौरा हेतू भेज दिया

# कोई नई परम्परा की न हो शुरुआत, एडीजी जोन ने दिए निर्देश

*पर्वों व प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम समारोह की समीक्षा की*

**समाज जागरण अयोध्या।**

शासन की मंशा के अनुरूप कोई नई परम्परा शुरू नहीं होनी चाहिए। आगामी पर्वों व प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर सभी से मिल बैठकर मंत्रण कर ली जाय। सुरक्षा- व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम किये जाएं। ये निर्देश बुधवार को जिले के दौरे पर आए अपर महानिदेशक लखनऊ जोन पियूष मोर्डिया ने दिए।



उन्होंने पुलिस लाइंस सभागार में आयोजित बैठक में अधिकारियों से की जा रही तैयारियों की जानकारी ली और जरुरी हिदायत दी। एडीजी जोन ने जनवरी माह में आयोजित होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पुलिस की तैयारियों की गहनता से समीक्षा की। विभिन्न बिन्दुओं पर अधिकारियों से संवाद किया।

कहा कि आगंतुकों व श्रद्धालुओं के लिए चिन्हित पार्किंग स्थलों का समतलीकरण कर आवश्यक इंतजाम किये जाएं। सुरक्षा-व्यवस्था में विशेष सर्तकता बरती जाय। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक प्रवीन कुमार, एसएसपी राजकरन नैय्यर, एसपी सुरक्षा पंकज पाण्डेय, एसपी सिटी मधुबन सिंह समेत सभी अधिकारी मौजूद रहे।

# भाकियू महाशक्ति ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन।

फिरोजाबाद । भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के जिलाध्यक्ष विनोद एवं महिला प्रदेश अध्यक्ष डा. मंजू शुक्ला के नेतृत्व में पदाधिकारी जसराना एस-डीएम कार्यालय पर पहुंचे। एसडीएम को ज्ञापन सौंप समस्या से अवगत



कराने के साथ ही उसका निस्तारण करने की मांग की है। कहा कि समस्या का निस्तारण नहीं होने पर यूनियन द्वारा तहसील में धरना दिया जाएगा।

किसान यूनियन महाशक्ति के युवा जिलाध्यक्ष विनोद यादव ने कहा नगला दयाराम में भू माफिया ने चकरोड पर अवैध रुप से कब्जा कर लिया है। यूनियन के पदाधिकारियों ने एसडीएम आदेश सिंह सागर को ज्ञापन सौंप उसे खाली कराने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में मंडल सचिव ठाकुर सत्येंद्र सिंह, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बंटी सिंह लोधी, तहसील अध्यक्ष अवधेश यादव, मंडल मुख्य सचिव देवेंद्र प्रधान, जिला उपाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# रेप का मुकदमा दर्ज कराने पर दबंगों ने मां बेटी को पीटा

फिरोजाबाद। थाना फरिहा क्षेत्र में रेप का मुकदमा दर्ज कराने पर दबंगो ने दलित मां बेटी को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। फरिहा के गांव निवासी दलित मां बेटी पांच अक्टूवर को खेत पर जा रहे थे। इस दौरान गांव का ही इमरान रास्ते में है उन्हें मिल गया। इमरान ने दोनों को रोक लिया।

इमरान ने उनसे कहा कि तुम लोगों ने उसके भाई रहीस के खिलाफ रेप की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने दोनो को गलियां देना शुरू कर दिया। जातिसूचक शब्दो से अपमानित किया। विरोध करने पर इमरान की मां शकीला भी वहा आ गई। उसने भी उनके साथ मारपीट की।

मारपीट देख वहा काफी लोग एकत्रित हो गए। मारपीट कर दोनो वहा से चले गए। घर आकर महिला ने पति को घटना के बारे में बताया।

पति ने थाने पहुंच घटना की मां बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

# अज्ञात शव की परिजनों ने की शिनाख्त

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले की सदर कोतवाली क्षेत्र के शांती नगर स्टेडियम के समीप अचेत अवस्था मे एक ब्यक्ति के पड़े होने की सूचना स्थानीयों ने सरकारी 108 एम्बुलेन्स को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेन्स अचेत



ब्यक्ति को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची थी। जहाँ ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे थे। तभी उस ब्यक्ति की मौत हो गयी मृतक के साथ कोई मौजूद नही था। जिससे मृतक की शिनाख्त नही हो सकी तो शव को मर्चरी हाउस में रखा दिया गया था। वही दो दिनों से सदर कोतवाली क्षेत्र के तकिया तले मोहल्ला निवासी स्व. हनुमान प्रसाद का 60 वर्षीय पुत्र राम किशोर सोनी जिसका मानसिक संतुलन ठीक नही था। वह घर से गायब था परिजन उसकी खोज बीन में लगे हुए थे। मृतक की भाभी प्रमिला सोनी पत्नी स्व दुर्गा प्रसाद निवासी कालकन रोड सदर कोतवाली जो जिला अस्पताल में ओटी इंचार्ज है वह भी देवर की खोज बीन में लगी हुई थी उनको बताया गया कि मर्चरी हाउस में कोई अज्ञात शव रखा है उसको जाकर पता करले। लोगो के बताने पर जब जाकर देखा तो वह उनके देवर राम किशोर सोनी का शव था। शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्यवाई करवा रही है।

# चार दिवसीय दुर्गा पूजा मेलें में अवांछनीय तत्वों पर रखें नजर

**समाज जागरण**

चन्दौली डीडीयू नगर। मुगलसराय कोतवाली परिसर में चार दिवसीय दुर्गा पूजा को लेकर दुर्गा पूजा कमेटियों व प्रबुद्ध लोगों के साथ मुगलसराय एसडीएम अविनाश कुमार व कोतवाल दीनदयाल पांडे ने बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान मुगलसराय एसडीएम एस-डीम अविनाश कुमार ने कहा कि पंडाल में तथा आसपास सुरक्षा की दृष्टि से मानक बनाए गए हैं। इसके तहत किसी भी दशा में पंडाल तीन मीटर से कम ऊंचाई का नहीं होना चाहिए। पंडाल बनाने में सिंथेटिक सामग्री से बने कपड़े या रस्सी का प्रयोग नहीं होना चाहिए। पंडाल के चारों तरफ 4.5 मीटर खुला स्थान होना चाहिए। जिससे लोग सुरक्षित बाहर निकल सकें। पंडाल से बाहर निकलने के लिए पांच पांच मीटर के दो रास्ते बनाए जाने चाहिए। पंडाल बिजली की लाइन के नीचे किसी भी दशा में नहीं लगनी चाहिए। कोई भी पंडाल रेलवे लाइन, बिजली के सब स्टेशन, चिमनी या भट्ठी से कम से कम 15 मीटर दूर होना चाहिए।



पंडाल में हैलोजन लाइट का प्रयोग किसी भी दशा में नहीं होना चाहिए। पंडाल में अग्नि सुरक्षा के लिए ड्रम या बाल्टियों में सुरक्षित रखा जाना चाहिए। पंडाल से बाहर निकलने के लिए कम से कम दो रास्ते एक-दूसरे के विपरीत बनना चाहिए। बिजली के जोड़ों एवं बिजली के तारों को किसी भी दशा में खुला न छोड़े। पंडाल में प्रयोग आने वाले कपड़ो को अग्नि निरोधक घोल से उपचारित करें। कोतवाल दीनदयाल पांडे ने कहा कि मेले में आए हुए लोगों पर कमेटी के लोग सतर्क नजर रखे। मेले का फायदा उठाकर अवांछनीय तत्व सक्रिय हो जाते हैं। ऐसे संदिग्ध लोगों पर नजर रखे इसकी सूचना मेले में मौजूद पुलिस को दें। जिससे समय रहते अवांछनीय तत्वों की जांच पड़ताल किया जा सके। मेले में वर्दी व सादे वेश महिला व पुरुष पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

# मरघट और हड़वार की जमीन पर कर लिया था। कब्जा, मुकदमा हुआ दर्ज।

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद । तहसील जसराना के गांव फरीदा बहत निवासी पिता पुत्र ने मरघट और हड़वार की जमीन पर कब्जा कर लिया था। ग्रामीणों की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम ने अवैध कब्जे को हटवा दिया। वहीं आरोपियों के खिलाफ हल्का लेखपाल ने अभियोग दर्ज कराया है। थाना जसराना के गांव फरीदा बहत में मरघट और पशुओं के लिए हड-वार की जमीन पड़ी हुई है। जमीन पर वर्षों से गांव के ही पिता ग्रीस चंद्र और उसके पुत्र आनंद ने जमीन पर कब्जा करके धान की फसल को बो दिया था। वर्षों से अवैध रुप से कब्जा करने की शिकायत ग्रामीणों ने अपर जिलाधिकारी से की थी। अपर जिलाधिकारी ने एसडीएम को आदेश दिया था। एसडीएम ने नायब तहसीलदार ब्रजराज सिंह, हल्का लेखपाल हिरासत हुसैन, थाना पुलिस



को मौके पर भेज जांच के बाद का-र्रवाई करने को कहा। जांच में शि-िकायत सही मिलने पर पुलिस और राजस्व टीम ने अवैध कब्जे से जमीन को मुक्त कराया। नायब तहसीलदार ब्रजराज सिंह ने कहा टीम द्वारा कब्जा हटवा दिया है। एस-डीएम आदेश सिंह सागर ने बताया कब्जा करने वाले पिता पुत्र के खिलाफ मरघट और हड़वार की जमीन पर कब्जा करने पर हल्का लेखपाल द्वारा थाना जसराना में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# रेलवे स्टेशन रोड पर गरजा महाबली व्यापारियों में मची खलबली

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। स्मार्ट रोड का कार्य तेजी से चल रहा है। इसी क्रम में फिरोजाबाद के रेलवे स्टेशन रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है नगर मजिस्ट्रेट संगीता गोतम ने बताया गया कि पहले ही व्यापारियों को अवगत करा दिया गया था लेकिन जिन व्यापारियों ने समय रहते अपने अतिक्रमण को नहीं हटाया उनको बुलडोजर की सहायता से हटाया जा रहा है साथ ही कुछ व्यापारियों ने जल्द से जल्द अतिक्रमण को हटाने का आश्वासन दिया है फिरोजाबाद में जैन मंदिर चौराहे से रेलवे स्टेशन तक स्मार्ट रोड का काम चल रहा है इसी क्रम में रोड को चौड़ा करने के लिए नगर



निगम द्वारा यह कार्रवाई की जा रही है। नगर मजिस्ट्रेट संगीता गोतम ने बताया कि सभी व्यापारियों को पहले ही नोटिस जारी कर दिए गए थे कि वह समय रहते अपने-अपने अतिक्रमणों को हटा लिये जाए लेकिन कुछ व्यापारियों ने नहीं हटाए थे। उन पर यह कार्यवाही की गई है इस मौके पर नगर मजिस्ट्रेट नगरनिगम प्रशासन की टीम और नगर निगम के परिवर्तन दल के जवान मौजूद थे।

# डीएम साहब आखिरकार कब तक इन्साफ के लिए भटकते रहेंगे इटवा क्षेत्र के दो गरीब

**दोनों गरीबों पर बरप रहा है कोटेदार और ग्राम प्रधान का कहर,**

**शातिरों ने अंत्योदय राशन कार्ड सूची से निरस्त करवा दिया दोनों गरीबों का नाम,**

**आखिर कौन है आपूर्ति कार्यालय इटवा का मास्टरमाइंड**

**दैनिक समाज जागरण**
**सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर। जिले के इटवा तहसील क्षेत्र से एक हैरान परेशान कर देने वाला मामला प्रकाश आया है जहां पर भ्रष्टाचार में डूबे शातिरों ने दो गरीब परिवार को भुखमरी की दहलीज पर लाकर खड़ा कर दिया है। अब वह दोनों परिवार दाने-दाने की मोहताजी का दंश झेलने को मजबूर है। वे दोनों गरीब परिवार न्याय पाने की उम्मीद में महीनों से साहबों के दफ्तरों का चक्कर लगा रहे हैं और दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। इसके बावजूद भी साहबों के दिलों दिमाग पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा है जो की बहुत ही शर्मनाक बिषय है। केस एक - इटवा तहसील क्षेत्र के चोरथरी गांव के रहने वाले हरीराम पुत्र छोटेलाल ने उप जिला अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर इंसाफ की फरियाद किया है कि उसके ग्राम सभा का कोटेदार अमेरिका और ग्राम प्रधान बालक राम यादव दोनों ने जालसाजी करके अंत्योदय राशन







कार्ड सूची से उसका नाम कटवा दिया है। शिकायती पत्र में पीड़ित का कथन है कि ग्राम प्रधान बालक राम यादव उससे कहे कि मैं आने वाले प्रधानी चुनाव की तैयारी कर रहा हूं। तुम कसम खाओ कि मेरे साथ खुलकर घूमोगे और मुझे वोट दोगे तब मैं तुमको गल्ला दिलाऊंगा। प्रधान की बात ना मानने पर हरीराम को यह दंश झेलना पड़ रहा है। केस दो - ग्राम सरपोका की रहने वाली मंता देवी महिला का आरोप है कि कोटेदार मदन अग्रहरि और ग्राम प्रधान राज कुमार अग्रहरि दोनों लोगों ने षड्यंत्र करके अंत्योदय राशन क-ार्ड सूची से उसका नाम कटवा दिया है। और ग्राम प्रधान ने अपने भाई के नाम से अंत्योदय राशन कार्ड भी बनवा दिया है। अब सबसे अहम सवाल यह है कि इन कोटेदार और प्रधानों ने आपूर्ति कार्यालय इटवा में किस मास्टरमाइंड से सेटिंग करके इन दोनों गरीबों का अंत्योदय राशन कार्ड निरस्त करवा दिया। जिस रिपोर्ट के आधार पर इन दोनों गरीबों का अंत्योदय राशन कार्ड निरस्त किया गया उस रिपोर्ट की सत्यता एवं गरीबों की हालत जानने से जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी आखिर परहेज क्यों कर रहे हैं। कहीं ऐसा तो नहीं कि जिम्मेदार अधिकारियों की संरक्षण में ही आपूर्ति कार्यालय इटवा में कुछ भ्रष्ट नुमाइंदों के द्वारा शातिरता का यह खेल खेला जाता हो। सूत्रों के अनुसार इन दोनों ग्राम सभाओं में दर्जनों लोग ऐसे हैं जो कि अपात्र होते हुए भी पात्र बनकर खाद्यान्न उठा रहे हैं।

# कहीं गाजीपुर थाने के शाखा गांव में देवरिया जैसी घटना की ना हो जाए पुनरावृति....!

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के सख्त निर्देशों के बावजूद भी जिले की गाजीपुर थाना पुलिस अपनी हरकतों में सुधार लाने को तनिक भी गंभीर नजर नहीं आती है, जबकि अभी बीते दिन ही पुलिस अधीक्षक ने दो दरोगा समेत कई पुलिस कर्मचारियों पर लापरवाही करने पर पुलिस लाइन भेजने की कार्रवाई की है। गाजीपुर थाने की पुलिस अपने दायित्व के प्रति कितनी लापरवाह है इसका जीता जागता उ-दाहरण आज उस समय प्रकाश में आया जब जमीनी विवाद को लेकर दबंगों ने एक परिवार पर ऐसा कहर बरपाया कि उसका शिकार सिर्फ पुरुष ही नहीं हुए बल्कि महिलाये बच्चे भी बनाये गए।

# 15 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा में आया समाज कल्याण विभाग का क्लर्क

## *एंटी करप्शन ब्यूरो ने रंगे हाथों किया गिरफ्तार*

**समाज जागरण अयोध्या।**

जनपद में अयोध्या एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बुधवार को समाज कल्याण विभाग के कार्यालय में तैनात लिपिक को 15 हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। कनिष्ठ सहायक आनंद विक्रम उपाध्याय छात्रवृत्ति और छात्र प्रतिपूर्ति के लिए आवेदन के लिए स्कूल का यूजर आईडी व पासवर्ड देने के नाम पर 15 हजार की रिश्वत मांग रहा है। आनंद विक्रम के खिलाफ अयोध्या कैंट थाना में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सरस्वती शिशु ज्ञान मंदिर सेमरा हैरिंगटनगंज के प्रबंधक शिवपूजन ने बताया कि 2022 में कक्षा छह से 10 की मान्यता प्राप्त हुई है। जिसके लिए समाज कल्याण विभाग में छात्रों के छात्रवृत्ति और छात्र प्रतिपूर्ति के लिए समाज कल्याण विभाग से यूजर आईडी व पासवर्ड समाज कल्याण विभाग से मिलना था, जिसके लिए विभाग में गया तो कनिष्ठ सहायक आनंद विक्रम सिंह से मुलाकात हुई। जहां विक्रम ने 15 हजार रुपए की



मांग की। यूजर आईडी और पासवर्ड के लिए कई बार विभाग के चक्कर लगाए। लेकिन विक्रम ने बिना रूपए के यूजर आईडी और पासवर्ड देने से मना कर दिया। इसके बाद एंडी करप्शन अयोध्या से संपर्क करना पड़ा।

राय साहब द्विवेदी ने बताया कि सूचना के निरीक्षक दिनेश उपाध्याय, संदीप शुक्ला, दिनेश दुबे, अनुराग समेत 11 सदस्यों की टीम गठित किया गया। जिसके बाद विकास भवन के बाहर पटल सहायक आनंद विक्रम उपाध्याय को 15 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया। आनंद विक्रम से पूछताछ की जा रही है। आरोपी के खिलाफ कैंट थाना में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# डॉ ए.पी.जे.अब्दुल कलाम पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन क्विज में करें प्रतिभाग :- अश्वनी जैन

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब फिरोजाबाद द्वारा देश के महान वैज्ञानिक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ ए. पी.जे.अब्दुल कलाम की आने वाली जन्म जयंती के उपलक्ष्य में उनके जीवन पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन क्विज आयोजित की जा रही है। जिसमें जनपद के अतिरिक्त समस्त भारत एवं विश्व के अन्य प्रतिभागी भी लिंक पर जाकर ऑनलाइन क्विज में प्रतिभाग कर सकते हैं।

जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि यह ऑनलाइन क्विज निःशुल्क है। इस https://forms.gle/xdQPHqZ-pAyVkxjJa8 में प्रतिभागियों को लिंक पर जाकर ऑनलाइन गूगल फॉर्म भरना है।उसके उपरांत क्विज प्रारम्भ हो जाएगी,जिसमें 10 प्रश्नों की क्विज है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 10 अंक निर्धारित हैं। 100 अंको की इस क्विज में प्रतिभागी को 50 अंक प्राप्त होने पर प्रतिभागियों को



उनके द्वारा दिए गए ईमेल आईडी पर इ-प्रमाण पत्र जिला विज्ञान क्लब फिरोजाबाद द्वारा प्रदान किए जाएंगे। इस क्विज में प्रश्न डॉ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम से सम्बन्धित हैं।

इस क्विज में प्रतिदिन 100 इ-प्रमाण पत्र जिला विज्ञान क्लब फिरोजाबाद द्वारा प्रतिभागियों को प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने समस्त प्रतिभागियों से क्विज में प्रतिभाग लेकर महान वैज्ञानिक एवं देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ ए. पी.जे.अब्दुल कलाम के विषय में जानकारी प्राप्त करने के लिए कहा।

# उप जिला अधिकारी बांसी को पत्रकारों ने सौंपा ज्ञापन

***पत्रकारों ने कहा पत्रकार उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा,***

***विकास खण्ड मिठवल के ग्राम लहरा प्रधान पति ने पत्रकार से अवैधानिक भाषा का किया प्रयोग***

**दैनिक समाज जागरण**
**सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर। उप जिलाधिकारी बांसी को ज्ञापन देते हुए पत्रकारों ने अवगत कराया कि पत्रकार जयशंकर मिश्रा के साथ विकास खण्ड मिठवल के ग्राम लहरा प्रधान पति द्वारा असंवैधानिक भाषा का प्रयोग किया गया जिसमें संबंधित ज्ञापन सौंपा गया है। ग्राम पंचायत लहरा में निमार्णाधीन अन्नपूर्णा भवन में अनियमितता की चर्चा आने पर समाचार संकलन हेतु वहां गये और कार्य के संबंध में जानकारी के लिए प्रधान पति के मोबाइल पर फोन किया और कार्य के बारे में जानकारी लेना चाहें तो



प्रधान पति फोन उठाते ही अमर्यादित भाषा के साथ गाली-गलौच बकने लगे फिर भी पत्रकार द्वारा उपरोक्त विषय पर बात किया गया पर प्रधान पति अभद्रता की सीमा लांघ गये जिसमें अपने कार्य क्षेत्र के साथ व्यक्तिगत तौर पर गहरा आघात लगा जिससे पत्रकार मानसिक रूप से संतुलित नहीं है। अगर तीन दिन के अन्दर विधि संवत कार्रवाई नहीं हुआ तो पत्रकार गण सोमवार से अगली रणनीति तय करते हुए आन्दोलन को बाध्य होंगे। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेस क्लब सिद्धार्थनगर सुभाष पाण्डेय, पत्रकार अखिलेश दूबे, सत्येन्द्र उपाध्याय, जयगोविंद साहू, मुकेश धर द्विवेदी, अवधेश दूबे, जय शंकर मिश्रा, जितेन्द्र कुमार, दुर्गेश मूर्तिकार, रितिक श्रीवास्तव, महमूद अली, राशिद मालिक,सहित भारी संख्या में पत्रकार उपस्थिति रहें।

# निलंबन से नाराज लेखपालों ने किया धरना प्रदर्शन

***लेखपालों का आरोप, जिलाधिकारी द्वारा अकारण किया गया निलंबन***

***लेखपालों ने दी चेतावनी कहा बहाल ना करने तक जारी रहेगा धरना प्रदर्शन***

***जिले के पांचो तहसीलों में जारी है लेखपालों का धरना प्रदर्शन***

**दैनिक समाज जागरण**
**सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर। जिला अधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा लेखपालों को आकारण निलंबन किए जाने के विरोध में जिले की पांचो तहसीलों में लेखपालों का धरना प्रदर्शन जारी है। लेखपालों ने चेतावनी दिया है कि जब तक निलंबन वापस नहीं लिया जाता है तब तक धरना प्रदर्शन समाप्त नहीं किया जायेगा। इसी क्रम में जिले के इटवा तहसील में



लेखपाल संघ का धरना प्रदर्शन जारी है। लेखपाल संघ इटवा तहसील के अध्यक्ष अमर दीप चौधरी ने नाराजगी जताते हुए कहा अगर निलंबित किए गए लेखपालों को बहाल नहीं किया गया तो कलेक्ट्रेट पर धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। वही महामंत्री ने मीडिया को बताया कि जब तक लेखपालों को बहाल नही किया जायेगा तब तक अनशन जारी रहेगा। बांसी तहसील के लेखपाल संघ के अध्यक्ष विनोद गौतम ने नाराजगी जताते हुए कहा अगर निलंबित किए गए लेखपालों को बहाल नहीं किया गया तो कलेक्ट्रेट पर भी धरना दिया जाएगा।

# गाजीपुर-विजयीपुर मार्ग निर्माण को लेकर बीआरएस का धरना समाप्त

**दैनिक समाज जागरण**
**जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। गाजीपुर-विजयीपुर मार्ग निर्माण की मांग को लेकर बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय के नेतृत्व में धरने पर बैठे क्षेत्रीय लोगों ने धरना स्थल पहुंचे अधिकारियों के समझाने बुझाने एवं एक मां के भीतर निर्माण कार्य शुरू कराने के आश्वासन पर धरना समाप्त करने का ऐलान कर दिया। गुरुवार को करीब 12 बजे के आसपास धरना स्थल पर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता शील कुमार के साथ पहुंचे एसडीएम व सीओ सिटी द्वारा करीब 05 घंटे तक बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास जारी रहा जो अंततः सफल होता दिखाई दिया और शाम करीब 05 बजे एक माह के भीतर गाजीपुर- विजयीपुर मार्ग का निर्माण शुरू कराने के आश्वासन पर समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय द्वारा धरना समापन की घोषणा की गई। उसके बाद अधिकारियों के द्वारा श्री पांडे को मुसम्मी का जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया गया। इस मौके पर बीआरएस पदाधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## खबर का असर :नगर पालिका ने सफाई अभियान शुरू किया,कुन्दन कालोनी के समीप बांदा में हटायीं गयी झाड़िया



अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ। नगर के वार्ड नंबर एक कुन्दन कलोनी स्थित बन्दा के निकट कई बरसों बाद नगर पालिका ने जेसीबी द्वारा बड़ी-बड़ी झाड़ियां सफाई की जिससे मौहल्ले वासियों ने राहत की साथ ली। जानकारियां अनुसार नगर के वार्ड नंबर एक मौहल्ला गौहर अली खां कुंदन कॉलोनी स्थित बन्दा के आसपास कई वर्षों से कीचड़ व बड़ी-बड़ी झाड़ियां खड़ी हुई थी जिसमें मौहल्ला वासियों में डेंगू बुखार जैसी जानलेवा बीमारियों के साथ-साथ गुलदार का डर भी सताता रहता था।दैनिक समाज जागरण में प्रकाशित समाचार पर नगर पालिका ने संज्ञान में लेते हुए तुरंत चेयरपर्सन पति जावेद विकार ने मौके पर स्वयं मौजूद जकर जेसीबी द्वारा खड़ी झाड़ियां आदि की साफ सफाई को अन्जाम दिया।

## ध्वजारोहण यात्रा का जगह-जगह राम भक्तों ने स्वागत किया।





अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ ।हर वर्ष के भांति इस वर्ष स्थानीय रामलीला कमेटी के तत्वावधान में रामलीला का पूजन कर बैड- बाजे के साथ ध्वजारोहण यात्रा निकाली। यात्रा पुराने रामलीला स्थल होली तिराहे से होकर मैन बाजार, ढ़ाली बाजार पीएनबी रोड होते कालागढ़ मार्ग रामलीला ग्राउंड पहुंचकर समापन हुआ। ध्वजारोहण यात्रा का जगह-जगह राम भक्तों ने स्वागत किया।रामलीला कमेटी के तत्वावधान में विधि विधान से पूजन कर रामलीला महोत्सव की तैयारियां की गईं। रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने बैठक कर रामलीला को लेकर तैयारियों पर विचार-विमर्श किया। इस मौके पर रामलीला समिति के अध्यक्ष विकास जैन, हरिश्चंद्र कर्णवाल,अतुल कुमार जैन, शरद कर्णवाल, अतुल अग्रवाल पंप वाले, विनय जैन, अनिल कुमार, लव कौशिक,विनीत माहेश्वरी,एडवोकेट प्रमोद बजाज, संदीप माहेश्वरी, संजय लोहिया, मास्टर जेके जैन, लोकेश अग्रवाल, डॉक्टर संजीव गुप्ता, अजय कौशिक, अरुण कुमार जैन, विपुल जैन, राजुल गुप्ता, राजीव महेश्वरी, मयूर कौशिक, शरद कर्णवाल, नरेंद्र गुप्ता, प्रमोद अग्रवाल, प्रमोद विश्नोई, मुकेश शर्मा, भीम सिंह रावत, आकाश महेश्वरी, उमेश अग्रवाल, ध्रुव विश्नोई, रवि कर्णवाल, सुरेश वर्मा, संदीप कर्णवाल, राहुल जोशी, मुकेश कौशिक, श्रेय जैन, सम्यक जैन, अरुण लोहिया, मुकेश अग्रवाल उर्फ मुन्ना आदि मौजूद रहे।

## प्रथम अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में धारा 156 (3) के अंतर्गत छह लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज।



अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ। थाना क्षेत्र के हिदायतपुर चौहड़वाला निवासी इरशाद पुत्र मोहम्मद हुसैन ने प्रथम और मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट बिजनौर की कोर्ट में सीआरपीसी की धारा 156 (3) के अंतर्गत आदेश कराकर दर्ज कारण मुकदमे में बताया उसका लड़का दिनांक 6-9-2023 को सुबह करीब 9 बजे अपने खेतों पर गया तो देखा कि आरोपी उसके ही गांव के छह सात लोग उसकी काश्त की बैनामे शुदा जमीन पर दीवार चिनवा रहे थे जिसका उसके लड़के नौशाद ने विरोध किया तो नौशाद जान से मारने की नियत से सभी ने लाठी डण्डें, सरिये, चाकू तथा ईट पत्थर से हमला कर दिया। जिससे नौशाद गंभीर चोट आई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया तथा बेहोश हो कर गिर गया। नौशाद की चीख पुकार सुनकर इरशाद, फारूख तथा गांव के अन्य व्यक्ति पहुंच गये, जिन्होने मुल्जिमानो से उसके लड़के नौशाद को बचाया नही तो वह लोग लड़के को जान से ही मार डालते तथा जाते समय उपरोक्त सभी मुल्जिमानों ने आईन्दा लड़के को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित अपने लड़के को लेकर थाना अफजलगढ़ गया तो पुलिस वालो ने कहा कि इसका खून बहुत बह गया है पहले इसका डाक्टरी मुआयना कराओ। बाद में कार्यवाही करेगे। नौशाद की गंभीर अवस्था देखते हुए डाक्टरों ने मेडिकल किया और उसे जिला अस्पताल बिजनौर के लिए रैफर कर दिया, परन्तु पुलिस वाले प्रार्थी व प्रार्थी के लड़के को जबरदस्ती थाने ले गये तथा शाम तक वही बैठाकर रखा। जब पीड़ित के पुत्र नौशाद की तबियत बिगड़ी तब पुलिस वालो ने आनन फानन में सरकारी अस्पताल अफजलगढ़ भर्ती कराया तथा उसे जिला अस्पताल बिजनौर भेज दिया तथा तभी से अब तक प्रार्थी का लड़का जिला अस्पताल बिजनौर में भर्ती है तथा जिन्दगी और मौत के बीच जूझ रहा है लेकिन थाना अफजलगढ़ ने उपरोक्त मुल्जिमान के विरूद्ध कोई कार्यवाही नही की। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुल्जिमान नसीम 26 वर्ष पुत्र विलायत, फैजुल 18 वर्ष पुत्र मकसूद, अदनान 20 वर्ष पुत्र मकसूद, नसीम उर्फ बाबू 50 वर्ष पुत्र शब्बीर, जैबुन्निशा 45 वर्ष पत्नी मकसूद निवासी ग्राम हिदायतपुर चौहड़वाला वह दो अज्ञात के विरुद्ध धारा 147, 148, 149, 307, 323, 324, 504, 506 आईपीसी के अंदर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## आवश्यकता है



हिंदी दैनिक समाचार पत्र दैनिक समाज जागरण जिला बिजनौर की संपूर्ण तहसील एवं क्षेत्र मे संवाददाताओं एवं तहसील प्रभारी की आवश्यकता है पत्रकार बनने हेतु संपर्क करे।

जिला प्रभारी बिजनौर शमीम अहमद सिद्दीकी मो07300987906

## संजय सिंह की रिहाई को महामहिम राष्ट्रपति को अपने खून से लिखा पत्र

शावेज अहमद/दैनिक समाज जागरण

रामपुर।आप नेता मोहम्मद जफर ने अपने खून से पत्र लिख कर देश की सर्वोच्च अदालत महामहिम राष्ट्रपति को पत्र लिखकर संजय सिंह को रिहा करने कि मांग की है और साथ ही साथ यह भी कहा है कि यह सिल सिला तब तक जारी रहेगा जब तक संजय सिंह को रिहा न किया जाए

वही उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को ई0 डी0 द्वारा गिरफ्तार करके झूठे मुकदमे में फंसाया जा रहा है।





जब जब इस मुल्क में गरीब मजलूमों पर जुल्म हुआ है तब तब आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने मोदी सरकार को सड़क से लेकर संसद तक घेरा हैं। आप नेता ने अपने जारी बयान में कहा कि हाल ही में आसाम में हुए दंगों को लेकर भी सांसद संजय सिंह ने मोदी सरकार को संसद में बहुत घेरा था। जब जब मोदी सरकार ने भारत सरकार की प्रॉपर्टी को बेचा तब तब संजय सिंह ने बड़ी बेवाकी के साथ मोदी सरकार व अडानी और अंबानी को भी घेरा है यह बात सरकार को पसंद नहीं आई जिसके चलते आज हिंदुस्तान के अंदर साफ छवि के निडर ईमानदार नेता गरीब और मजदूर की आवाज को दबाने की कोशिश करते हुए मोदी सरकार ने ई डी का सहारा लेकर संजय सिंह को जेल में बंद कर दिया है ।

## नौकरशाही कमजोर कर रहे हैं आरटीआई कानून



दैनिक समाज जागरण

संभल। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सरकारों के द्वारा आरटीआई कानून के प्रति असंवेदनशील रवैया अपनाए जाने व उसके कार्यान्वयन में पैदा की जा रही मुश्किलों पर विस्तार से चर्चा करते हुए इस वर्ष के दिसंबर माह में रिक्त होने जा रहे सूचना आयुक्त के पदों को भरने के लिए प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने की मांग की गई।

सूचना का अधिकार कार्यकर्ता एसोसिएशन की जिला शाखा के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम मेंबोलते हुए जिला अध्यक्ष साद उस्मानी ने कहा कि 12 अक्टूबर 2005 को संपूर्ण भारत में आरटीआई कानून लागू किया गया था जिससें कि सरकारी विभागों के कामकाज को पारदर्शी बनाने के साथ साथ भ्रष्ट अधिकारियों के तौर तरीकों पर अंकुश लग सके लेकिन अब इस अधिनियम को कमजोर करने के लिए कुछ नौकरशाह सक्रिय हो गए हैं जिनके दामन दागदार है` सूचना आवेदको की पहचान गुप्त रखने के लिए डाक विभाग द्वारा आज तक पोस्ट ऑफिस बाक्स की स्थापना न किया जाना तथा सूचना के प्रकटन को मुश्किल बनना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। नगर के मोहल्ला शेर खॉ सराय स्थित कार्यालय पर आरटीआई कार्यकताओं को संबोधित करते हुए वामिक कमर एडवोकेट व शफीक अशफाक ी द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की गई कि उत्तर प्रदेश सूचना आयोग में इस वर्ष के अंत में रिक्त हो रहे आयुक्त के पदों पर नियुक्ति के लिए प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाए ताकि लंबित व नवीन अपीलों का निस्तारण समय से किया जा सके` वक्ताओं ने सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करने पर बल देते हुए कहा कि जिस प्रकार एमपी व एमएलए जैसे जनप्रतिनिधि सदन के माध्यम से सरकार से सवाल पूछते हैं। इसी तरह से एक आम नागरिक भी सरकारी विभागों व ,स्यत्त्तशासी निकायों में धारित सूचनाओं की जानकारी एक आवेदन के माध्यम से ₹10 का शुल्क जमा कर प्राप्त कर सकता है। यदि कोई लोक प्राधिकरण सूचना प्रदान करने में टाल-मटोल करता है अथवा विलंब से सूचना उपलब्ध कराता है तो उसको दंडित करने व अपेक्षित सूचना प्राप्त करने के लिए सूचना आयोग में अपील कर सकता है। इस अवसर पर मोहम्मद शकील,

## शक्ति दीदी ने किया जागरूक बालिकाओं तथा महिलाओं को बताया हेल्प लाइन नम्बर के बारे में दी जानकारी।







अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ।मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता हेतु पूर्व में चलाए गए सफल अभियान के उत्साहवर्धक परिणामों के दृष्टिगत शासन के निदेर्शानुसार पुलिस अधीक्षक बिजनौर के निर्देशन में पुलिस द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे अभियान #शक्तिदीदी (महिला हेल्प डेस्क/बीट आरक्षी) द्वारा क्षेत्र में महिलाओं/छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों के बारे मे जागरूक किया।एक "शक्ति दीदी"के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त व सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास करें।उन्होंने ने कहा कि समस्या कोई भी हो कभी भी,कहीं भी महिलाएं व बालिकाएं "शक्ति दीदी" से निसंकोच बात कर सकती हैं।सभी को शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं की सहायता व सुरक्षा हेतु संचालित विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरों जैसे-1090,112, 1076,1098,108 आदि की विस्तृत जानकारी दी। तथा आवश्यकता पड़ने पर इनके प्रयोग हेतु बताया गया सशक्तिकरण हेतु शासन द्वारा चलाये जा रहे अभियान "शक्ति दीदी"को सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए ।

## एक जनपद एक उत्पाद योजना के तहत ट्रेनिंग कैम्प आयोजित हस्तशिल्प कारीगरों ने लिया भाग, दिया गया उत्पाद का प्रशिक्षण



दैनिक समाज जागरण

संभल।एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण योजना के अर्न्तगत अकुशल हस्तशिल्पयों/कारीगरों का कौशल अभिवर्धन हेतु 10 दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हो गया। समापन के दौरान हस्तशिल्प के आईटम सजाकर रखे गये उनके निर्माण की जानकारी दी गई।

गुरूवार को जिला उधोग एवं उधम प्रोत्साहन केन्द्र सम्भल के द्वारा हस्तशिल्पयों/कारीगरों का प्रशिक्षण शिविर दस दिन पूर्व शुरू हो गया। मौहम्मद अफजल द्वारा सभी को ट्रेनिंग दी गई। आर्य समाज रोड स्टैट बैंक के निकट फरोही रिसॉर्ट मे प्रशिक्षण जो की दस दिन पूर्व शुरू कराया गया था उसका समापन हो गया।। अंतिम दिन सभी हस्तशिल्प कारीगरों ने भाग लिया। सहायक प्रबंधक राजेन्द्र वर्मा ने सभी हस्तशिल्प कारीगरों को विस्तार से एक जनपद एक उत्पाद तथा टूलकिल वितरण योजना की जानकारी दी। उ0 प्र0 सरकार एवं उधोग एव उधम प्रोत्साहन निदेशालय द्वारा चलाई जा रही महत्वकांक्षी योजना से मिलने वाले लाभ के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। इस बाबत जानकारी देते हुए मो0 युनूस ने बताया कि हस्तशिल्प कारीगरों को आगे बढ़ाने एवं रोजगार के साधन मुहैया कराये जाने के लिए ओडीओपी की यह योजना लाभकारी साबित हो रही है। सभी लाभार्थियों की ट्रेनिंग भी पूरी हो गई है। इस अवसर पर सभी प्रशिक्षार्थियों को जलपान एवं भोजन कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम मे मो0 सुबहान, मुजाहिद खान आदि मौजूद रहे।

## संजय सिंह की रिहाई को महामहिम राष्ट्रपति को अपने खून से लिखा पत्र

शावेज अहमद/दैनिक समाज जागरण

रामपुर।आप नेता मोहम्मद जफर ने अपने खून से पत्र लिख कर देश की सर्वोच्च अदालत महामहिम राष्ट्रपति को पत्र लिखकर संजय सिंह को रिहा करने कि मांग की है और साथ ही साथ यह भी कहा है कि यह सिल सिला तब तक जारी रहेगा जब तक संजय सिंह को रिहा न किया जाए



वही उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को ई0 डी0 द्वारा गिरफ्तार करके झूठे मुकदमे में फंसाया जा रहा है। जब जब इस मुल्क में गरीब मजलूमों पर जुल्म हुआ है तब तब आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने मोदी सरकार को सड़क से लेकर संसद तक घेरा हैं। आप नेता ने अपने जारी बयान में कहा कि हाल ही में आसाम में हुए दंगों को लेकर भी सांसद संजय सिंह ने मोदी सरकार को संसद में बहुत घेरा था। जब जब मोदी सरकार ने भारत सरकार की प्रॉपर्टी को बेचा तब तब संजय सिंह ने बड़ी बेवाकी के साथ मोदी सरकार व अडानी और अंबानी को भी घेरा है यह बात सरकार को पसंद नहीं आई जिसके चलते आज हिंदुस्तान के अंदर साफ छवि के निडर ईमानदार नेता गरीब और मजदूर की आवाज को दबाने की कोशिश करते हुए मोदी सरकार ने ई डी का सहारा लेकर संजय सिंह को जेल में बंद कर दिया है ।

## एडवोकेट फरहत अली खान ने बिजली विभाग की गलत कार्यवाही पर लगवाया बिजली विभाग पर जुमार्ना



शावेज अहमद/दैनिक समाज जागरण

रामपुर। आल इंडिया दिव्यांग सेवा संगठन के राष्ट्रीय महासचिव सिफात अली खां के पुत्र फरहत अली खां उर्फ दानिश खां एडङ्क ने बिजली विभाग की मनमानी के खिलाफ मुकदमा जीतकर हनीफ उर रहमान को बिजली विभाग के गलत नोटिस पर पांच हजार रुपए बिजली विभाग से जुमार्ने के रूप में दिलाये हैं। बताते चले कि शहर के मौहल्ला गुइया तालाब निवासी हनीफ उर रहमान ने अपने अधिवक्ता फरहत अली खां द्वारा प्रतिपक्षी एक्सईन प्रथम एवं अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम के खिलाफ जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में वाद दायर किया था। वाद में कहा गया था कि उसे प्रतिवादी ने 77390 रुपए का बिजली चोरी की वसूलयाबी हेतु जो नोटिस भेजा हैं वह 24 मार्च 2023 का हैं उसमें विद्युत चोरी की बात सरासर झूठ कही गई हैं। प्रतिवादी के कर्मचारी उसके घर पर आये थे पुराना मीटर उखाड़ कर ले गये थे और नया मीटर लगाया था। विपक्षी के कर्मचारी वादी से मनमाने ढंग से अवैध वसूली करना चाह रहे थे जब उन्हे सफलता नहीं मिली तो उन्होने मनमाने ढंग से मीटर से छेड़छाड़ और मीटर टेंपर्ड की फर्जी रिपोर्ट तैयार कर दी। अधिवक्ता फरहत अली खां ने इसपर बहस की जिसपर माननीय न्यायालय ने नोटिस को निरस्त कर दिया और वादी को प्रतिवादी से पांच हजार रुपए जुमार्ने के तौर पर अदा करने के आदेश पारित किये।

## शुक्रवार की रात सात बजे मौहल्ला नालापार में जनजागरूकता कैंप में सम्बोधित करेंगे मोइन खान



शावेज अहमद/दैनिक समाज जागरण

रामपुर। वरिष्ठ युवा समाज सेवी मोईन खान शुक्रवार की रात शहर के मौहल्ला नालापार पर एक जनजागरूकता अभियान चलाकर आम जनता को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करेंगे। मोईन खान ने बताया कि 13 अक्टूबर को रामपुर के नालापार से जनजागरूकता अभियान शुरू किया जायेगा। उन्होने कहा कि रामपुर की अवाम अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं हैं क्योंकि रामपुर की जनता मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करती हैं इसलिए वह अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं हो पाती हैं इसके लिए पूरे जिले में जनजागरूकता अभियान चलाया जायेगा ताकि लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाये। मोईन खान को प्रेस को जारी बयान में कहा कि इस समय पूरे जिले में बीमारियों का कहर जारी हैं ऐसे में आम लोगों को बीमारियों से बचने के लिए अपने आसपास सफाई का खास ख्याल रखना चाहिए ताकि संक्रामक बीमारियों से बचा जा सकें। उन्होने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को मौहल्ला स्तर पर कैंप लगाकर गरीबों की जांच करानी चाहिए वहीं नगर पालिका की उदासीनता के कारण शहर में गंदगी के अंबार लगे हुए हैं यदि समय रहते नगर पालिका प्रशासन अपनी कार्यशैली नहीं बदलता हैं तो बड़ा आन्दोलन किया जायेगा। उन्होने रामपुर की अवाम से शुक्रवार की रात सात बजे मौहल्ला नालापार में जनजागरूकता कैंप में हिस्सा लेने की अपील की।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किये जाने पर सम्मेलन का आयोजन





दैनिक समाज जागरण

चंदौसी/संभल।भारतीय जनता पार्टी विधान सभा क्षेत्र चंदौसी जिला संभल के संजीवनी पैलेस में भाजपा महिला मोर्चा जनपद संभल द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किये जाने पर सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि गुलाब देवी (राज्य मंत्री( स्वतंत्र प्रभार)उत्तर प्रदेश सरकार) मुख्य अतिथि के रूप में रहीं। गुलाब देवी ने बहनों को संबोधित करते हुए कहा यह सदन महिलाओ को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निरंतर प्रयासों के लिए उनका हृदय की गहराई से धन्यवाद देता है तथा महिलाओं के आरक्षण हेतु कानून लाने पर आभार एवम धन्यवाद व्यक्त करता है हमारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार महिलाओ को लगातार सशक्त करने हेतु दिन प्रतिदिन नई - नई योजनाओं पर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है । डबल इंजन की सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए 2024 में पुनः मोदी जी को प्रधान मंत्री बनाने के लिए अनुरोध किया एवं महिलाओ की निरंतर बढ़ती हुई भागीदारी के लिए आभार व्यक्त किया। भाजपा जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने महिलाओं को सशक्त होने के लिए और आज देश में महिलाओ का हर क्षेत्र में अग्रणी होने पर बधाई दी । भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मंजू दिलेर जी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल पारित होने पर धन्यवाद करते हुए कहा उनके नेतृत्व में देश इसी प्रकार अनवरत प्रगति कर रहा है हमें गर्व है कि हमारे देश का नेतृत्व इतने मजबूत हाथों में है । जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव ने महिला आरक्षण कानून के समर्थन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी उन्होंने कहा हमारे देश में नारी सम्मान को सर्वोपरि माना गया है । कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा राखी सिरोही ने सदन में बहनों को केन्द्र व प्रदेश से चल रही योजनाओं की जानकारी दी। क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट पुष्पलता पाल ने कहा हमें सदैव इसी तरह निरंतर प्रयास कर आगे बढ़ते रहना है, नारी शक्ति को जो सम्मान भारतीय जनता पार्टी सरकार में मिला है पहले किसी भी सरकार में नही मिला। साध्वी गीता प्रधान एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष इन्दु रानी ने भी सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर रीता सिंह ने व संचालन संगीता सक्सेना एवं मोक्षिका शर्मा ने किया। कार्यक्रम की व्यवस्था जिला महामंत्री विजयाराघव, जिला मीडिया प्रभारी आशा गोस्वामी एवं एडवोकेट किरन शर्मा ने देखी। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष उमा श्रीवास्तव, एडवोकेट किरन शर्मा,जिला मीडिया प्रभारी आशा गोस्वामी, जिला मंत्री रेखा सैनी, विधानसभा विस्तारक मनोज सैनी,चंद्रपाल सिंह पप्पू चौधरी, डॉ टी. एस. पाल , परमेश्वर लाल सैनी,शुभम अग्रवाल,राजश्री अग्रवाल, साध्वी गीता ,इंदु रानी,नगर अध्यक्ष कुमुद अग्रवाल, शीनू गुप्ता,कमल कुमार कमल,मीना ,सीमा शर्मा,सरिता सक्सेना, नीलम अरोरा , रिंकी शर्मा , अनीता श्रीवास्तव,अंजू श्रोत्रिय, कंचन वार्ष्णेय,वंदना चौधरी, एडवोकेट चंद्रसेन दिवाकर,राजू राना, मनोज दिवाकर,आकाश अग्रवाल, मंत्रेश, नीलम गुप्ता, लेखवती सागर ,राधा, आकांक्षा शर्मा, गुड़िया आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के आरोपियों की 10 लाख रुपए मूल्य की संपति की जब्त



बिसौली आई एम खान। वजीरगंज पुलिस ने लगातार दूसरे दिन गैंगस्टर एक्ट के एक और आरोपी की 10 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति को कुर्क कर लिया। उदयपुर गांव में उपजिलाधिकारी कल्पना जायसवाल, सीओ सुनील कुमार, वजीरगंज थानाध्यक्ष धनंजय कुमार पांडे की मौजूदगी में पुलिस व प्रशासन की टीम ने उक्त कार्रवाई की। कुर्की करने से पहले पुलिस ने गांव में इसकी मुनादी भी करायी। यहां बता दें कि एक दिन पहले वजीरगंज पुलिस ने उदयपुर गांव की महिला गैंगस्टर की 15 लाख से अधिक की सम्पत्ति का अधिग्रहण किया था। वृहस्पतिवार को एसडीएम व सीओ वजीरगंज पुलिस फोर्स के साथ गांव पहुंचे। वहां गैंगस्टर एक्ट के आरोपी फैजान व रेहान पुत्रगण शाहिद निवासी उदयपुर की करीब 10 लाख से अधिक रुपये की संपत्ति को टीम ने जब्त कर लिया। इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पांडे ने बताया कि आरोपी फैजान व रेहान पुत्रगण शाहिद के विरुद्ध बीते दिनों संरक्षित पशु वध अधिनियम के तहत केस दर्ज कर गैंगस्टर की करवाई की गई थी।

# 150 मोबाइलों को पा कर लोगो के खिल उठे चेहरे

## 14 लाख रुपए के अनुमानित मोबाइल बरामद

शावेज अहमद/दैनिक समाज जागरण

रामपुर। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी द्वारा सर्विलांस सैल टीम द्वारा आम जन के गुम हुए 150 मोबाईलों को बरामद किया गया। जिनकी अनुमानित कीमत लगभग साढ़े 14 लाख बताई जा रहीं हैं।

पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक रामपुर के कुशल पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक सर्विलांस सैल, रामपुर के नेतृत्व में नागरिकों के मोबाईल गुमशुदगी के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर सर्विलांस पर लगाकर बरामद किये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक के आदेश व निर्देश के अनुपालन में सर्विलांस टीम के अथक प्रयास से 150 अदद मोबाईल फोन बरामद किये गये जिनकी अनुमानित कीमत 14 लाख 15 हजार रुपये हैं। पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर द्वारा बरामद मोबाईल फोन को सम्बन्धित मोबाईल स्वामियों को सौपा गया। रामपुर पुलिस की इस सफलता पर मोबाईल स्वामियों के मुरझाए चेहरे खिल उठे तथा खुशी की लहर दौड़ गयी। मोबाईल धारकों द्वारा बताया गया कि उन्हें विश्वास नहीं था कि उन्हें अपना खोया हुआ मोबाईल वापस मिल पायेगा। मोबाईल धारकों को सचेत किया गया कि अपने मोबाईल फोन की सुरक्षा जिम्मेदारी से करें। सर्विलांस सैल द्वारा पूर्व में भी कई मोबाईल फोनों को बरामद कर मोबाईल धारकों को उपलब्ध कराये जा चुके हैं।



# नगर आयुक्त ने किया गंगा घाटों का स्थलीय निरीक्षण, सिल्ट का उठान निर्धारित समय में करने के दिये निर्देश

नगर आयुक्त के द्वारा आज अपने मातहत अधिकारियों के साथ गंगा घाटों का पैदल स्थलीय निरीक्षण किया गया। आगामी माह में पड़ने वाले दुगार्पूजा, दशहरा, दीपावली, देव दीपावली एवं डाला छठ पर्वों को देखते हुये गंगा घाटों की सफाई, सिल्ट की सफाई एवं सिल्ट का उठान, सवर आदि की समस्या के सम्बन्ध में भ्रमण किया गया। नगर आयुक्त के द्वारा स्थलीय भ्रमण व निरीक्षण अस्सी घाट से दशाश्वेध घाट तक पैदल किया गया। अस्सी घाट से लेकर चेतसिंह घाट तक निरीक्षण में पाया गया कि गंगा में बाढ़ के कारण घाटों पर जमी मिट्टी का उठान सम्बन्धित ठेकेदार के द्वारा मानक के अनुरूप नही किया जा रहा है तथा कार्य में शिथिलता बरती जा रही है, इस सम्बन्ध में सम्बन्धित ठेकेदार को मौके पर ही चेतावनी दी गयी कि पर्याप्त मात्रा में छोटी जे0सी0बी0 और छोटा ट्रैक्टर लगाकर कार्य करायें। सम्बन्धित ठे-केदार को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक दशा में 25 अक्टूबर तक का घाटों की मिट्टी साफ कराकर इसका उठान करा दिया जाय, अन्यथा की स्थिति में भुगतान नही किया जायेगा। नगर आयुक्त के द्वारा मुख्य अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि घाटों के मिट्टी की सफाई हेतु नियमित रूप से पर्यवेक्षण करते रहें तथा जो भी आवश्यक संसाधन यथा जे0सी0बी0 ट्रैक्टर, पम्प आदि की आवश्यकता हो तत्काल उपलब्ध करायें, जिससे कि समस्त घाटों की मिट्टी 25 अक्टूबर तक साफ हो सके। नगर आयुक्त के द्वारा जोनल अधिकारी भेलूपुर को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन स्वयं घाटों पर उपस्थित होकर किये गये कार्यो की प्रगति से अवगत करायें। चेतसिंह घाट से दशाश्वमेध घाट तक मिट्टी सफाई का कार्य संतोषजनक पाया गया, नगर आयुक्त ने सम्बन्धित ठेकेदार को निर्देशित किया गया कि समयान्तर्गत कार्यो को पूर्ण करायें।



### सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षणः-

नगर आयुक्त ने दशाश्वमेध घाट पर स्थित सार्वजनिक शौचालय का निर-ीक्षण किया गया, निरीक्षण में पाया गया कि शौचालय अत्यधिक गंदे थे। मौके पर उपस्थित नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 एन0पी0 सिंह को निर्देशित किया गया कि शौचालय संचालक के उपर जुमार्ना लगाते हुये आवंटी निरस्त किया जाय। नगर आयुक्त द्वारा पैदल गोदौलिया तक भ्रमण किया गया। गोदौलिया पर निर्मित सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया गया, पाया गया कि निर्माण कार्य जारी है। मुख्य अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि शौचालय निर्माण का कार्य शीघ्र पूर्ण करायें। नगर आयुक्त के साथ भ्रमण में अपर नगर आयुक्त दुष्यन्त कुमार मौर्य, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 एन0पी0 सिंह, मुख्य अभियन्ता मोईनुद्दीन, सहायक अभियन्ता कपीश, पी0आरओ0 संदीप श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# राजकीय आईटीआई लखनऊ में आयोजित हुआ कौशल दीक्षांत समारोह

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । भारत सरकार के द्वारा दिये गये निदेर्शों के क्रम में कौशल दीक्षांत समारोह गुरुवारे को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ के विवेकानन्द सभागार में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ केटीएल लखनऊ के वाइस प्रेसिडेन्ट एवं अध्यक्ष आईएमसी अंकुर गोयल द्वारो दीप प्रज्जवलन कर किया गया।




इस कार्यक्रम के अवसर पर प्रधानाचार्य राज कुमार यादव एवं मुख्य अतिथि अंकुर गोयल द्वारा अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा जुलाई-2023 में टापर्स प्रशिक्षार्थियों को प्रशस्ति पत्र, प्रमाणपत्र एवं मेडल से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में संस्थान में संचालित पीएमकेवीवाई में प्रशिक्षणरते प्राची पटेल माँ सरस्वती, उमा मिश्रा झांसी की रानी एवें सेजल जायसवाल माँ काली के रूप में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के कार्यदेशकगण, अनुदेशकगण, अन्य कर्मचारी एवं प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे। अंत में प्रधानाचार्य द्वारा समस्त स्टॉफ को कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग हेतु मुख्य अतिथि को अपना बहुमुल्य समय संस्थान को देने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# महापौर ने सपा पार्षदों के साथ आहूत की बैठक कि परिवार के सदस्यों की भांति कार्य करने का वादा

## सभी पार्षदों ने महापौर की कार्यशैली एवं उनके नेतृत्व का किया पूर्ण समर्थन

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ ।महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में नगर निगम मुख्यालय अंतर्गत राजकुमार श्रीवास्तव हॉल में सपा के समस्त पार्षदों के साथ एक बैठक आहूत की गयी।बैठक में विपक्ष दल के प्रत्येक पार्षद से बारी-बारी वार्ता कर उनके क्षेत्र की समस्याओं को सुना गया एवं उनके जल्द से जल्द निस्तारण हेतु आश्वस्त कर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।इस दौरान विपक्ष के सभी पार्षदों ने भी विश्वास दिलाया कि वे महापौर के नेतृत्व में एक परिवार की भांति कार्य कर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे और लखनऊ के विकास हेतु कंधे से कंधा मिला कर चलेंगे। मा. महापौर के कार्यों एवं नीतियों से प्रभावित होकर सभी पार्षदों ने नगर निगम को अपना परिवार और महापौर जी को इस परिवार का मुखिया बताया।

उक्त बैठक में सभी पार्षदों ने महापौर के समक्ष अपने अपने वार्ड/क्षेत्र से संबंधित समस्याओं जैसे, पेयजल, मार्ग प्रकाश, दुषितजलापूर्ती, सड़क एवं नाले नली और साफ सफाई इत्यादि के विषयों को सामने रखा, जिस पर महापौर महोदया द्वारा समस्त समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सभी लरहड़ों को आश्वस्त किया और संबंधित अधिकारियों को अवगत कराते हुए समस्याओं के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए।



उक्त बैठक में महापौर ने कहा कि नगर निगम किसी दल या राजनीतिक पार्टी का नही बल्कि आम जनता का है।हम सब भले ही राजनीतिक पार्टियों की विचारधारा से जुड़े हैं,जिसका मैं सम्मान करती हूं लेकिन बात जब लखनऊ के विकास की आती है तब हम सभी को एक परिवार के सदस्यों की भांति कार्य करने की आवश्यकता है, जिससे कि लखनऊ को स्वच्छ्ता के पायदान पर प्रथम स्थान पर लाया जा सके, इस बात का सभी विपक्ष के पार्षदों ने पूर्ण रूप से समर्थन किया।

उक्त के अतिरिक्त महापौर ने सभी पार्षदों को एक-एक समर सेबल उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए।साथ ही 50-50 स्ट्रीट लाइटों में से शेष बची लाइटों को उपलब्ध कराने हेतु भी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।वहीं मार्गों, द्वार इत्यादि के नामकरण कराये जाने के विषय पर महापौर ने देश के लिए विशेष योगदान देने वाले महापुरुषों के नाम से प्रस्ताव बनाए जाने के निर्देश दिए।साथ ही ग्राम समाज की जमीनों को चिन्हित कर या कब्जा मुक्त कराने हेतु भी योजना तैयार कर वृहद अभियान के माध्यम से कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया गया।

इसके अतिरिक्त महापौर नेतृत्व में वेंडिंग जोन से सम्बंधित तैयार की गई योजना का सभी पार्षदों ने समर्थन किया।महापौर जी ने कहा कि वेंडिंग जोन को व्यवस्थित करने की इस योजना में पार्षदों की भूमिका अहम रहेगी।उन्होंने सभी पार्षदों को जोनल अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य किये जाने हेतु निर्देशित किया।साथ ही महापौर जी द्वारा विस्तारित क्षेत्रों में भी विकास कार्य कराए जाने से आश्वस्त किया।

महापौर ने कहा कि प्रत्येक माह इस प्रकार की बैठक कर विपक्षी दलों के पार्षद अपनी अपनी समस्याओं को मेरे समक्ष रख सकते हैं, आई जनहित की समस्त समस्याओं को निस्तारित करने के लिए सदैव कटिबद्ध रहूंगी।

# मोदी जी की दूरदर्शिता के चलते देशवासियों के मन में राष्ट्रवाद की भावना पैदा होगी - पूनम यादव

## शिलाफलकम पर जाकर वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि की अर्पित

बिसौली आई एम खान। नगर पालिका प्रशासन व विकासखंड के अलग अलग कार्यक्रम में अमृत कलशों में संग्रहित की गई मिट्टी व चावल को एक कलश में एकत्र किया गया। विकासखंड परिसर में जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव व कस्तूरबा विद्यालय में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम भारत यादव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। कस्तूरबा स्कूल की छात्राओं ने देशभक्ति व स्वच्छता अभियान से जुड़े कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कस्तूरबा विद्यालय में पालिका प्रशासन की ओर से आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए पूनम यादव ने कहा कि अमृत महोत्सव अभियान के तहत दिल्ली में अमृत वाटिका का निर्माण देश भर से लाई गई मिट्टी से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता के चलते देशवासियों के मन में राष्ट्रवाद की भावना पैदा होगी। श्रीमती यादव ने वीर सैनिकों व उनके परिवारों को सम्मान देने का आह्वान किया। उन्होंने मंच से उद्बोधन के दौरान चेयरमैन अबरार अहमद को कर्मठ व मेहनती बताया तो पंडाल में मौजूद लोगों व कर्मचारियों ने जमकर तालियां बजाईं। यहां मौजूद शिलाफलकम पर जाकर अतिथियों ने वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और अमृतकलशों की मिट्टी व अक्षत को एक कलश में संग्रहीत किया। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व पूर्व विधायक कुशाग्र सागर की मां प्रीति सागर,चेयरमैन अबरार अहमद, ईओ शैलेन्द्र कुमार सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय, सभासद अभीक्ष पाठक, तरुण शर्मा, कृष्णा गुप्ता, मशकूर खां, राजीव कुमार, महेश शर्मा, विकास रस्तोगी, जितेन्द्र आदि मौजूद रहे। इधर विकासखंड परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव, पूनम यादव, अमित पाठक आदि प्रमुखता से मौजूद रहे।



# मुरादाबाद अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह से मिले फुटपेरी वेलफेयर एसोसिशन के व्यवसायी

फुट पैरी वेलफेयर एसोसिएशन टाउन हॉल नगर निगम मुरादाबाद रजिस्टर्ड एवं टाउन वेंडिंग कमेटी नगर निगम मुरादाबाद के समस्त मेंबर्स एवं स्ट्रीट वेंडर्स एकत्रित होकर पीली कोठी कैंप कार्यालय कार्यालय पर अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह से मिले और अपना मांग पत्र दिया मांग पत्र में चलते टाउन हॉल पर दोबारा बाजार लगने लगा और हम सब भी बाजार लगने लगे अब कुछ दिन पूर्व टाउन हॉल कार पार्किंग में शॉपिंग कंपलेक्स भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ हो चुका है जो कि नियम विरुद्ध एवं पूर्णतया गलत है क्योंकि विगत वर्षों में टाउन वेंडिंग कमेटी नगर निगम मुरादाबाद स्मार्ट सिटी में



मुख्य रूप से अवगत कराया 1994 से हमारी संस्था रजिस्टर्ड है और अभी तक नियमानुसार सुचारू रूप से कार्य कर रही है हम सब स्ट्रीट वेंडर्स भाई विगत 45। 50 वर्षों से टाउन हॉल क्षेत्र में अपना कारोबार करते चले आ रहे हैं और समय-समय पर हमें व्यवस्थित करने के लिए पूर्व में नगर निगम द्वारा प्रक्रिया चलती रही है पुरानी तहसील मल्टीपरपज स्टोरी में हम सबको दुकान बना कर देने की प्रक्रिया नगर निगम द्वारा सर्व समिति से पास हुई थी जो की धरातल पर नहीं हो पाई उसके उपरांत हमें हम सबको कंपनी बाग वेंडिंग जोन में डीपीआर बनाकर सारा पेपर वर्क हो गया था और जगह देने की बात सर्वसम्मति से पारित हुई थी लेकिन वह भी प्रक्रिया अधूरी रही इसके उपरांत हम सब स्ट्रीट वेंडर 2017 में माननीय उच्च न्यायालय की शरण में माननीय उच्च न्यायालय के आदेश होने पर आदेश अनुसार नगर निगम ने हमको कुट-कुट शाला बांग्ला गांव मॉडल वेंडिंग जोन बनकर दुकानें आवंटित कर मूलभूत सुविधाओं सहित व्यवस्थित किया हमने नगर निगम की बात मानकर वहां पर दुकान में ले ली कुछ राजनीतिक हस्तक्षेप के भी सर्वसम्मति से यह पारित हुआ था कि टाउन हॉल नो वेंडिंग जोन है इसी के उपरांत हम सब कुटकुट शाला बंगले गांव में व्यस्थित किए गए हम सब स्ट्रीट वेंडर्स भाई यो के साथ यह जो भेदभाव की प्रक्रिया विगत वर्षों से होती चली आई है हम सब अब यह भेदभाव बिल्कुल भी नहीं होने देंगे हमने सब यह बातें अपर नगर आयुक्त महोदय को अवगत कराई इस पर अपर नगर एक महोदय ने हमको पूर्ण आश्वासन दिया है कि आपके साथ किसी भी तरह का भेदभाव बिल्कुल नहीं होगा यहां पर शॉपिंग कंपलेक्स बनेगा तो इसमें दुकान सर्वप्रथम आपको अवश्य दी जाएगी क्योंकि दुकान बनने में अभी समय लगेगा इसलिए आप जब तक अपना टाउन हॉल पर कारोबार करते रहिए यह आश्वासन दिया सम्मिलित रहे अध्यक्ष कमल कुमार मेंबर शोभना गुप्ता प्रभा मनोज कुमार जैन स्वराज मोहम्मद फहीम मोहम्मद शाकिर स्पर्श आहूजा दिनेश सिंह चौहान राजू मोहम्मद रईस मोहम्मद आसिफ सूरज मोहसिन जुबेर पंकज निक्की आलम जहांगीर परवेज शाहिद रवि शमशेर राकेश शब्बू आदि

# मंत्री नरेन्द्र कश्यप जनपद बांदा, चित्रकूट तथा प्रयागराज में करेंगे विभागीय समीक्षा बैठक

दैनिक समाज जागरण

12 अक्टूबर 2023 लखनऊ। प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप 13 और 14 अक्टूबर को जनपद बांदा, चित्रकूट तथा प्रयागराज के भ्रमण पर रहेंगे। भ्रमण के दौरान समीक्षा बैठक एवं निरीक्षण किया जायेगा।

मंत्री नरेन्द्र कश्यप 13 अक्टूबर 2023 को सर्किट हाऊस बांदा में पूर्वान्ह 09.00 से 09.45 बजे तक जनप्रतिनिधियों के साथ भेंटवार्ता तथा पूर्वान्ह 09.45 से 10.45 बजे तक दोनों विभागों के मण्डलीय एवं जनपदीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। इसके बाद पूर्वान्ह 11 बजे सरदार वल्लभ भाई पटेल, आक्सीजन पार्क, बांदा में दिव्यांगजनों को निशुल्क सहायक उपकरण वितरित करेंगे। मंत्री नरेन्द्र कश्यप अपरान्ह 02.00 बजे प्रभारी जनपद चित्रकूट पहुंचेंगे। जहां पर अपरान्ह 02.30 बजे राही गेस्ट हाऊस चित्रकूट में जनप्रतिनिधियों के साथ भेंटवार्ता करेंगे। इसके बाद सायं 04.00 बजे से 05.00 बजे तक कलेक्ट्रेट सभागार चित्रकूट में कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करेंगे। सायं 05.00 बजे से 06.30 बजे तक आकस्मिक निरीक्षण करेंगे।

मंत्री नरेन्द्र कश्यप 14 अक्टूबर के पूर्वान्ह 11.30 बजे जनपद प्रयागराज पहुंचेंगे। सर्किट हाऊस प्रयागराज मे मध्यान्ह 12 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक जनप्रतिनिधियों के साथ भेंटवार्ता करेंगे। इसके बाद अपरान्ह 01 बजे से 02 बजे तक प्रयागराज मण्डल के दोनों विभागों के मण्डलीय एवं जनपदस्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। इसके बाद 15 अक्टूबर की सुबह जनपद गाजियबाद पहुंचेंगे।

# एयरपोर्ट जैसा होगा कैंट बस अड्डा, बहुमंजिला भवन, एसी लाउंज व वेटिंग एरिया का होगा निर्माण

वाराणसी। कैंट स्थित चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय बस अड्डा एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं से लैस होगा। बस अड्डे को एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। यहां पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) माडल पर बहुमंजिला आवासीय भवन का निर्माण कराया जाएगा। वहीं एसी लाउंज व वेटिंग एरिया बनेगा। इससे यात्रियों को काफी सहूलियत होगी।



परिवहन निगम के क्षेत्रीय निदेशक गौरव वर्मा ने बताया कि कैंट बस अड्डे पर यात्री सुविधाओं का विकास किया जाना है। 24 हजार वर्ग फीट एरिया में यात्रियों के लिए वातानुकूलित लाउंज, वेटिंग एरिया बनाया जाएगा। इसके अलावा पर्यटक कार्यालय, बसों व रेल टिकट और पर्यटक स्थलों के लिए टिकट की सुविधा रहेगी। बस अड्डे को कैंट रेलवे स्टेशन से जोड़ने के लिए अंडरग्राउंड सब-वे का निर्माण कराया जाएगा। बड़ी कंपनियों के शोरूम भी खुलेंगे। इसके लिए दिसंबर तक कार्यदायी संस्था का चुनाव कर लिया जाएगा। कंपनी फाइनल होते ही काम शुरू करा दिया जाएगा।

# योगी सरकार के फैसले से नोएडा में हड़कंप : निशाने पर सरकारी टीचर, आय से अधिक संपत्ति की होगी जांच

यूपी की योगी आदित्यनाथ की सरकार के एक फैसले से हड़कंप मच गया है। इस बार निशाने पर सरकारी टीचर हैं। सरकार ने अब सरकारी टीचरों की आय से अधिक संपत्ति की जांच का फैसला किया है। आगरा और मथुरा में आए इस तरह की शिकायतों के बाद यह फैसला किया गया है। शासन के इस फैसले से गौतमबुद्ध नगर में ह-ड़कंप मचा हुआ है।

### शासन ने बनाई 12 सदस्यीय कमेटी

गौरतलब है कि आगरा और मथुरा में विभिन्न परिषदीय स्कूलों के शिक्षक और यूनाइटेड टीचर एसोसिएशन (यूटीए) के पदाधिकरियों के खिलाफ शासन को लगातार शिकायतें मिल रहीं थीं। इन शिकायतों पर गौर करने के बाद महानिदेशक, स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद ने कार्रवाई के निर्देश दिए। विजय किरन आनंद के निर्देश पर मुख्यालय से शिक्षा विभाग के अधिकारियों की 12 सदस्यीय टीम का गठन किया गया।

### आगरा और मथुरा में छापेमारी

टीम ने आगरा और मथुरा में छापेमारी की। इस कार्रवाई के दौरान 32 स्कूलों में औचक निरीक्षण कर 40 अध्यापकों के विरुद्ध मिली शिकायतों की जांच की गई। जांच के दौरान ज्यादातर टीचर गायब मिले। आसपास के लोगों ने यह भी बताया कि ये आएदिन गायब रहते हैं। कई टीचर तो दस्तखत करके स्कूल से नदारद हो गए। यही नहीं, इनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की भी शिकायतें की गईं। प्रथमदृष्ट्या आरोप सही पाए जाने के बाद, अब इनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की जांच की जाएगी। जांच में आरोप सही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। स्कूल से बिना कोई जानकारी दिए गायब होने के कारण वेतन काटा जाएगा और विभागीय जांच की जाएगी।

### गौतमबुद्ध नगर भी निशाने पर

शासन के इस फैसले से गौतमबुद्ध नगर के भी कई शिक्षकों में हड़कंप मचा हुआ है। स्कूलों से गायब रहने, दस्तखत कर नदारद हो जाने और आय से अधिक संपत्ति की जांच के फैसले के बाद से ही गौतमबुद्ध नगर के टीचरों में कानाफूसी शुरू हो गई है।

# दबंग के दबंगई से दलित आहत

## लगभग 1 माह बीत जाने के बाद भी नहीं हुई कार्यवाही

## पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार पीड़ित को ही अपराधी की तरह बुलाया जा रहा थाना

जमुना कोतमा अनूपपुर जिले के कोतमा में एक दलित के साथ यह वाकया देखने को मिला। जहा कोतमा निवासी शिवा बसोर पिता स्वर्गीय मोतीलाल बसोर उम्र 31 वर्ष वार्ड क्रमांक 7 बनिया टोला कोतमा के साथ घटित हुआ दिनांक 15 सितंबर23 के दिन दोपहर 2:30 बजे शिवा बसोर अपने मोहल्ले के साथी महावीर केवट पिता स्वर्गीय लालवा केवट जो कि बीमार था। का इलाज करवाने के लिए इस्लामगंज कोतमा के डॉक्टर बंगाली के पास सा-इकिल में सवार होकर ले जा रहा था। रेलवे अंडर ब्रिज को पार किया ही था कि इस्लामगंज की ओर से तेज गति से काले रंग की महिंद्रा थार गाड़ी इन दोनों साइकिल सवार को जोर से टक्कर मार देती है। जिससे दोनों व्यक्ति साइकिल सहित दूर जा कर गिरते हैं। मानवता को तार तार करने वाला वाकया तो तब घटता है जब चार पहिया वाहन महिंद्रा थार में बैठे व्यक्ति द्वारा उन दोनों की जान की परवाह न करते हुए अभद्रता के साथ धमकाने लगता है। और कहता है -तुम्हारे साइकिल ने मेरे गाड़ी को छू लिया है ,मुझे गाड़ी धुलवानी पड़ेगी और जाति सूचक शब्दों से अपमानित करता है। क-हां-कहां से नीच चले आते हैं इत्यादि कहकर वह भाग जाता है। गाड़ी में सवार चालक 'प्रकाश तिवारी 'निवासी -जमुना कालरी है। एवं उसकी काले रंग की फोर व्हीलर वाहन महिंद्रा थार जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर ङअ05 ठक्ष्- 3202 है। आहत शिवा बसोर के दाऐं हाथ में चोट एवं महावीर के बाएं हाथ के गदेली में चोट आई थी। जिसकी फरियाद लेकर कोतमा थाने पहुंचते है उपरोक्त प्रकरण का थाने में रिपोर्ट दर्ज किया गया एवं जिला चिकित्सालय में मेडिकल कराया गया तथा मेडिकल रिपोर्ट भी पंजीबद्ध किया जाता है। इसके बावजूद कई दिनों तक अपराधी के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं होती है। हताश होकर पीड़ित पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के पास भी अपनी फरियाद लेकर जाता है एवं माननीय पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा अपराधी के विरुद्ध कार्यवाही करने का आश्वासन दिया जाता है। किंतु आज दिनांक तक अपराधी के ऊपर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हुई, ऐसी घटनाओं की कोई सुध लेने वाला नहीं है। क्योंकि फरियादी दलित है ,गरीब है लाचार है और दबंग की दबंगई बढती जा रही है। ऐसे दबंगो को पुलिस प्रशासन का जरा सा भी भय नहीं है ।अगर फरियादी को न्याय नहीं मिलता एवं अपराधी के विरुद्ध किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं होती तो फरियादी का कथन है कि वह अपने पूरे परिवार के साथ पुलिस थाना कोतमा में धरना देने के लिए विवश होगा इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। पीड़ित शिव बसर ने बताया कि उसे प्रकरण की जांच कर रहे पांडे जी पुलिस द्वारा कई दिनों से थाने में बुलाकर पेशी करवाई जा रही है और कोई कार्यवाही नहीं की जा रही ह

आप सभी के साथ समस्त ग्रामवासियों को नवरात्र, दीपावली एवं भैयादूज की मंगल शुभकामनाएं



ग्राम पंचायत बसवारकलां के उत्त-रोत्तर विकास के लिए दृढ़ संकल्प
आपका
अशोक तिवारी
अध्यक्ष प्रधान संघ
वि.खं. हैरिंग्टनगंज, अयोध्या
प्रधान, ग्राम पंचायत बसवारकलां

आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन
समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।।
ऑफर 1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक साइज 3x5 Cm

ग्राम पंचायत वासियों के साथ आप सभी को नवरात्र, दीपावली एवं भैयादूज की हार्दिक शुभकामनाएं



सेमरा ग्राम पंचायत का विकास कर रहा हूं और विकास करता रहूंगा
विकास करना ही मेरा दृढ़ निश्चय है
राजीव तिवारी
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत सेमरा, वि.खं. हैरिंग्टनगंज, अयोध्या

आप सभी को नवरात्र, दीपावली एवं भैयादूज की हार्दिक शुभकामनाएं
भारत पेट्रोलियम शुद्धता और सही नाप के साथ आपकी सेवा में सदैव तत्पर
ऊं सांईराम फिलिंग स्टेशन
सराय मजरा, हैरिंग्टनगंज - अयोध्या
आपका
प्रवेश कुमार यादव
मो. 9450766357



आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन
समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। समाज जागरण

# 16 अक्टूबर को मनाया जायेगा महाराजा अग्रसैन जन्म जयन्ती महोत्सव - दीपक गोयल

**बागपत, उत्तर प्रदेश। विवेक जैन।**

अग्रवाल मण्ड़ी टटीरी जनपद बागपत में महाराजा अग्रसैन जी का 5177 वां जन्म जयंती महोत्सव 16 अक्टूबर 2023 को बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन ईकाई अग्रवाल मण्ड़ी टटीरी के अध्यक्ष व बागपत के सुप्रसिद्ध समाजसेवी दीपक गोयल ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन सांय 7 बजे से अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित किया जायेगा। महोत्सव में महाराजा अग्रसैन मैडिकल कॉलिज अग्रोहा के महासचिव जगदीश मित्तल, राज्य सभा सांसद डा अनिल अग्रवाल, महाराजा अग्रसैन विश्व विद्यालय हिमाचल से डा नन्द किशोर गर्ग, उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता, विधान परिषद के सदस्य दिनेश गोयल, अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल गोयल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रमोद मित्तल, पश्चिम उत्तर प्रदेश के प्रान्तीय अध्यक्ष सुरेन्द्र अग्रवाल, देव प्रिया पेपर्स के निदेशक सुरेश गुप्ता, कर्दमपुरी दिल्ली के पार्षद मुकेश बंसल, बागपत पुलिस अधीक्षक अर्पित विजय वर्गीय, बागपत के सुप्रसिद्ध समाजसेवी



विनोद गोयल सहित अनेको हस्तियां शिरकत करेंगी। दीपक गोयल ने बताया कि महोत्सव में डा कमला अग्रवाल, ईश्वर अग्रवाल, युगल किशोर गर्ग, हंसराज गुप्ता, सुनील मित्तल, कपिल गुप्ता, संजय गर्ग, जितेन्द्र सिंघल, राकेश मोहन गर्ग, मनोज गोयल, जय कुमार गोयल, नरेश गुप्ता, आकाश कंसल, विनोद गुप्ता दोघट जनपदीय अतिथि रहेंगे। स्वागत समिति में रामअवतार गोयल, अरूण मित्तल, साधुराम मित्तल, अंकित जिन्दल, दिनेश गोयल, राकेश गोयल, ब्रिजेश गोयल को अतिथियों के स्वागत का दायित्व सौंपा गया है। बताया कि कार्यक्रम को सफल और यादगार बनाने के लिए अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन ईकाई अग्रवाल मण्ड़ी टटीरी के पूर्व चेयरमैन व कार्यक्रम चेयरमैन प्रमोद गुप्ता, प्रान्तीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज गुप्ता, महामंत्री राजीव गोयल, पूर्व चेयरमैन संरक्षक विनोद गुप्ता, प्रमुख समाजसेवी संरक्षक राधेश्याम अग्रवाल, उपाध्यक्ष मनोज मित्तल, मंत्री संदीप गोयल, कोषाध्यक्ष प्रमोद जैन, संगठन मंत्री सचिन सिंघल, मंत्री श्रीयांश जैन, सहकार्यक्रम चेयरमैन नरेश अग्रवाल, संयोजक राजकुमार गोयल सहित अनेकों अग्र बंधु कार्य कर रहे है।

# देश के सच्चे भाग्य विधाता है। उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए बहुत सारी योजनाएं संचालित की जा रही है

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर प्रभारी मंत्री/कैबिनेट मंत्री, लघु, सूक्ष्म, माध्यम , खादी एवं ग्रामोद्योग , रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग विभाग उत्तर प्रदेश सरकार राकेश सचान ने सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रेक्षा गृह फतेहपुर में समाचार पत्र दैनिक जागरण द्वारा आयोजित यशस्वी किसान सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। उन्होंने किसानों से सम्बंधित बड़ौदा, एसबीआई, केएसबी पम्प, अवस्थी ब्रदर्स एवं आयरन स्टोर, एसिया मशीनरी स्टोर, प्रभात फर्टिलाइजर एंड केमिकल वर्क्स, जितेंद्र मशीनरी स्टोर, सनरूफ हार्वेस्टर एंड ट्रैक्टर प्रा0लि0, तानी ऑटोमोबाइल, कृषि, चरन ऑटोमोबाइल्स, सहोद्रा मोटर्स, डीडीएम मोटर्स, कपिला मिल्कमोर पशु आहार, बावर्ची पशु आहार आदि के लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया और देने को मिलने वाले अनुदान की जानकारी ली। कार्यक्रम में मंत्री का स्वागत दैनिक जागरण मंच परिवार द्वारा पौधा देकर हरित स्वागत किया गया और स्कूली बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि किसान अन्नदाता है, यही देश के सच्चे भाग्य विधाता है। उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए बहुत सारी योजनाएं संचालित की जा रही है। किसान के विकास के बिना देश का विकास संभव नहीं है, क्योंकि भारत कृषि आधारित देश है। जब कृषि के क्षेत्र में उन्नति होगी तभी देश की अर्थ व्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में किसानों को कैसे समृद्ध किया जाय, के लिए दिन प्रतिदिन




कार्य कर रही है, जैसे किसानों को उनकी उपज सही मूल्य दिलाने के लिए समर्थन मूल्य बनाया गया है। कृषि के साथ में कृषक भाई पशुपालन, मुर्गी पालन, मछली पालन आदि की भी अनुदान की योजना चल रही है जिससे कि किसानों को समृद्धशील बनाया जा सके। किसानों के आपदा से फसल खराब होने पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि जनपद में रेशम के उत्पादन हेतु अधिक बजट पास हुआ है जिससे कि किसान भाई रेशम के क्षेत्र में उत्पादन कर समृद्ध हो सके। लघु,सूक्ष्म माध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए अनुदान योजना चल रही है। बिना अन्नदाता के देश नही चल सकता है और हमारी रसोई भी। उन्होंने प्रगतिशील किसानों को अंगवस्त्रम, शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी महोदया श्रीमती सी.इंदुमती ने कार्यक्रम को संबोधित कार्यों हुए कहा कि किसानों का सम्मान करना अभिनव व पुण्य का कार्य है। कृषि के बिना जिंदगी संभव नहीं है, क्योंकि किसान भाई दिन रात मेहनत करके अनाज पैदा करते है जो जीवन जीने के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। सरकार द्वारा किसानों को अनुदान के बहुत सारी योजनाएं चलाई जा रही है और उनके आय बढ़ाने के लिए एफपीओ बनाए जा रहे हैं। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिक, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ नवल किशोर सचान, उप कृषि निदेशक श्री राममिलन सिंह परिहार, कृषि वैज्ञानिक श्रीमती साधना सिंह वैश्य, से जितेंद्र सिंह, दैनिक जागरण परिवार एवं प्रगतिशील किसान सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# जिला शांति समिति की बैठक धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत नागरिकों के साथ संपन्न हुई

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर आगामी शारदीय नवरात्रि पर्व, दुर्गा पूजा/दशहरा त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने हेतु जिलाधिकारी महोदया श्रीमती सी.इंदुमती, पुलिस अधीक्षक महोदय उदय शंकर सिंह के संयुक्त तत्वाधान में कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिला शांति समिति की बैठक धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत नागरिकों के साथ संपन्न हुई। जिलाधिकारी महोदया ने कहा कि आगामी नवरात्रि पर्व दुर्गा पूजा/दशहरा त्यौहार की जनपदवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से, आपसी भाईचारे के साथ आपसी सौहार्दपूर्ण माहौल में एक दूसरें की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए परंपरागत तरीके से आगामी त्यौहारों को मनाए। उन्होंने कहा कि उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में पीस कमेटी की बैठक कर त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे बिजली, पानी, साफ-सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु अपने अधीनस्थों को दायित्व देते हुए इसकी पूरी निगरानी बनाए रखे। उन्होंने कहा कि दुर्गा पांडाल व मेले वाले स्थानों का निरीक्षण कर ले, नवरात्रि के दौरान विद्युत व्यवस्था की आपूर्ति बनाए रखने हेतु अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा पण्डालों के आस-पास एवं मूर्ति विसर्जन के रास्तों पर विशेष रूप से मौके का निरीक्षण कर ढीले एवं लटके हुए विद्युत तारों को ठीक करा दिया जाए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को ग्रामीण आंचल एवं शहरी क्षेत्रों में अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत को निर्देशित किया कि दुर्गा पूजा में दुर्गा पांण्डालों की स्थापना से लेकर विसर्जन तक व्यवस्थओं के सुरक्षित एवं सुचारू संचालन हेतु अपनी-अपनी जिम्मेदारियों एवं अपने विभागीय कार्यो से सम्बंधित तैयारियों की समीक्षा करते हुए समय रहते आवश्यकतानुसार ठीक करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि दुर्गा विसर्जन के रास्तों में यदि गड्ढे है तो ठीक करा लिया जाय। जनपद में मूर्ति विसर्जन एवं अन्य कार्यक्रमों के दौरान पूरी संवेदनशीलता के साथ अपने जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश अधिकारियों/कर्मचारियों को दिए। उन्होंने आयोजकों से अनुरोध किया कि किसी भी घटना की जानकारी सही समय एवं पूर्व में दे दे ताकि माहौल नही बिगड़ने पाए और समय रहते सुधार लिया जाय। पुलिस अधीक्षक से कहा कि एंटीरोमियो स्क्वाड टीम को पूरी संवेदनशीलता के साथ क्रियाशील कर दे और निगरानी बनाए रखे। संभ्रांत नागरिकों से प्राप्त शिकायतो/सुझाव को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश संबंधितों को दिए। उन्होंने बैठक में संभ्रांत नागरिकों से अपील किया कि मिशन शक्ति अभियान को घर घर तक पहुंचाए। पुलिस अधीक्षक ने शांति समिति के पदाधिकारियों एवं दुर्गा पूजा मंडली के आयोजकों से कहा कि नवरात्रि एवं दुर्गा पूजा के दौरान चाक-चौबंद पुलिस व्यवस्था का आश्वासन देते हुए कहा की त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए यद्यपि पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद रहेगी फिर भी उन्होंने स्थानीय लोगों से इस व्यवस्था में पुलिस का सहयोग करने की अपील किया तथा कहा कि सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित किसी भी आशंका की स्थिति में वे स्थानीय पुलिस चौकी, थाने अथवा सीधा उनसे संपर्क कर सकते हैं। त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत शासन एवं प्रशासन द्वारा निर्धारित गाइडलाइन की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि



दुर्गा पूजा के दौरान मूर्ति की ऊंचाई ज्यादा ना रखें, डीजे की उचाई ज्यादा न रखे एवं तेज ध्वनि/वाईब्रेटर ध्वनि का उपयोग न किया जाए एवं शांति के साथ मूर्ति का विसर्जन करें। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वाले को कतई बख्शा नहीं जाएगा एवं उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि दुर्गा पंडालों एवं मेले में वाच टावर बनाया जायेगा जिससे कि अराजक तत्वों पर आसानी से निगरानी रखा जा सके और उन पर त्वरित कार्यवाही हो सके। दुर्गा पंडालों एवं मेले के आयोजकों से कहा कि अपने स्वयं सेवी एक परिचय पत्र के साथ तैनात कर दे और इसकी रिपोर्ट से संबंधित थाने को भी दे, जिससे कि सुगमतापूर्वक अयोजन हो सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी(वित्त/राजस्व) विनय कुमार पाठक, अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप, अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर, उप जिलाधिकारी बिंदकी, खागा, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित समस्त प्रभारी धनाध्यक्ष एवं विश्व हिंदू परिषद प्रदेश उपाध्यक्ष बीरेंद्र पाण्डेय, आदर्श व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रदीप गर्ग सहित, धर्मगुरु व संभ्रांत नागरीकगण उपस्थित रहे।

# सन्त निरंकारी के 76वें वार्षिक समागम की तैयारियाँ जोरों पर

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा में निरंकारी मिशन का 76वां वार्षिक संत समागम पिछले 75 वर्षों की भांति इस वर्ष भी भव्यतापूर्वक 28, 29 एवं 30 अक्टूबर को सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन सान्निध्य में आयोजित होने जा रहा है। इस समागम का भरपूर आनन्द विश्व भर से आये हुए सभी निरंकारी भक्त एवं श्रद्धालुओं द्वारा प्राप्त किया जायेगा। इस सूचना से सम्पूर्ण निरंकारी जगत में अत्यंत उत्साह का वातावरण है जहां हर प्रान्त से आये हुए भक्त अपने हृदय में 'वसुधैव कुटुम्बकम' का सुंदर भाव लिये हुए एक विस्तृत परिवार के रूप में सतगुरु के साकार दर्शन एवं उनकी दिव्य वाणी को श्रवण करेंगे। निसंदेह यह स्वयं में एक अलौकिक नजारा होगा जहां पर सभी जनमानसअपनी भाषा, जाति, धर्म एवं वर्ण को भुलाकर ह्यएकत्वह्ण के दिव्य संदेश को वास्तविक रूप में चरितार्थ करेंगे। यह जानकारी स्थानीय मीडिया सहायक उदय नारायण जायसवाल ने देते हुए बताया कि समागम अर्थात संतों का संगम, इस पावन अवसर की तैयारियां पूर्ण समर्पण एवं चेतनता के साथ भक्तों द्वारा की जा रही है। बच्चे, युवा और वृद्ध सभी पूरे जोश के साथ बढ़ चढ़कर इन सेवाओ में तनमयता पूर्वक योगदान दे रहे हैं। इस पावन संत समागम में समस्त भारतवर्ष के अतिरिक्त दूर देशों से भी लाखों की संख्या में आने वाले सभी श्रद्धालु भक्तों के लिए समुचित प्रबन्ध व्यवस्था की जा रही है। निरंकारी सेवादल के भाई-बहन नीली एवं खाकी वर्दी पहने हुए रेलवे स्टेशन, बस अड्डे और एयरपोर्ट पर आने वाले सभी श्रद्धालु भक्तों का स्वागत करने और उन्हें उनके पूर्व निर्धारित निवास स्थान पर पहुंचाने का प्रबन्ध करते हुए दिखाई देंगे।

# युवा समाज सेवी हिमांशु राय के जन्मदिन पर शुभकामनाओं की बौछार

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के युवा समाज सेवी एवं सरजू राय मेमोरियल पी जी कालेज गांधीनगर के प्रबंधक हिमांशु राय के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को सुबह से ही बधाई देने का तांता लग गया।यह क्रम मंगलवार की मध्य रात्रि से ही शुरू हो गया। गाजीपुर ददरी घाट स्थित आवास पर गाजीपुर जनपद के प्रमुख समाजसेवी, अरविन्द राय अभियंता श्रीमती गीता राय,हर्ष राय डायरेक्टर डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर, डाक्टर प्रेरणा राय प्रिंसिपल डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर,प्रिंस राय,एवं समस्त परिजनों एवं शुभ चिंतकों के उपस्थिति में केक काटा गया।सभी ने शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया।हिमांशु राय के जन्मदिन के अवसर पर लोगों ने उनसे ब्यक्तिगत रूप से मिल कर या दूर भाष के माध्यम से फेसबुक एवं वाट्स अप के माध्यम से शुभकामनाएं दी। हिमांशु राय के जन्मदिन के अवसर पर चाचा राजेश राय पप्पू प्रबंधक जनता जनार्दन इण्टर कालेज गांधीनगर गाजीपुर, श्रीमती मीरा राय,भाजपा नेता पियूष राय,ब्लाक प्रमुख मुहम्मदाबाद अवधेश राय, भांवरकोल ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि आनंद राय मुन्ना, पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी,फादर पी विक्टर प्रधानाचार्य सेण्ट जान्स स्कूल सिद्दिकपुर जौनपुर, प्रोफेसर डाक्टर सानंद सिंह प्रबंध निदेशक सत्यदेव ग्रुप्स आफ कालेजेज गाधिपुरम बोरसिया गाजीपुर,नेहाल अहमद निदेशक एके इण्टर नेशनल स्कूल मुहम्मदाबाद,दिनेश राय गुड्डू, श्याम बहादुर राय, कमलेश राय ओमप्रकाश सिंह, आचार्य पंडित अभिषेक तिवारी,देवा सिंह, आदित्य कुमार सिंह निदेशक आई डी मेमोरियल ग्रुप आफ कालेजेज,टुनटुन सिंह, कृष्णा नन्द राय, पं श्याम राज तिवारी, प्रमुख बाराचवर बृजेन्द्र सिंह,सांसद पुत्र डा०विपुलेन्द्र प्रताप सिंह, हिमांशु राय प्रबन्धक जय बजरंग आई टी आई



शर्मा,दिवाकर पाण्डेय,शिब्बू मिश्रा, अब्दुल कादिर खान महेन्द, पप्पू सिंह, डाक्टर सुधीर श्रीवास्तव प्रधानाचार्य जनता जनार्दन इण्टर कालेज गांधीनगर, आशुतोष राय, यशवंत सिंह प्रबंधक आर एस कान्वेंट स्कूल बाराचवर, उमाशंकर सिंह बिधायक रसड़ा,अब्दुल कादिर खान, राष्ट्रीय सचिव एवं प्रवक्ता राजीव राय,प्रदीप राय डायरेक्टर बैष्णवी ग्रुप,गायक गोपाल राय, डाक्टर बिजेंद्र सिंह प्राचार्य डाक्टर राम मनोहर लोहिया डिग्री कालेज,देवराज सिंह ठाकुर,पूर्व मंत्री लद्धडीह,राजेश कुशवाहा,शुभनरायण यादव, शम्भू तिवारी एडवोकेट, प्रगतिशील किसान पंकज राय, बिनोद राय गुड्डू,इन्दू शेखर राय, सन्तोष कुमार राय डायरेक्टर पी आर इण्टर नेशनल स्कूल करीमुद्दीन पुर, राजकुमार पाण्डेय पुजारी मां कष्टहरणी धाम करीमुद्दीन पुर ,राजेश राय पिंटू,डाक्टर मसूद अहमद डायरेक्टर ताज पब्लिक स्कूल ताजपुर,मंजर हुसैन पूर्व प्रधान बथोर, फैयाज अहमद प्रधान प्रतिनिधि करीमुद्दीन पुर,समेत ढेर सारे लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं ब्यक्त की है।

# समाजवाद के प्रणेता डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि मनाई गई

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

कर्मवीर सत्यदेव सिंह द्वारा स्थापित डॉ. राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज अध्यात्मपुरम, ढोटारी, गाजीपुर में महान स्वतंत्रता-संग्राम सेनानी,प्रखर समाजवादी चिंतक एवं समाजवाद के प्रणेता डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि मनाई गई। उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने डॉ. राम मनोहर लोहिया के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ लोहिया समाजवाद के महान पुरोधा थे। उन्होंने कई राजनीतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक आंदोलन का नेतृत्व किया। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनका महान योगदान था।

डॉ. लोहिया का जन्म 23 मार्च 1910 को हुआ था एवं मृत्यु 12 अक्टूबर 1967 को हुआ था। आज भारत में उनके नाम पर बड़े-बड़े हॉस्पिटल, विश्वविद्यालय जैसे डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ, डॉ राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल दिल्ली आदि स्मारक बने हैं। कर्मवीर सत्यदेव सिंह अपने राजनीतिक गुरु डॉ. राम मनोहर लोहिया से प्रभावित होकर ही उनके नाम पर उच्च शिक्षण संस्थान की स्थापना की जो आज पूरे पूर्वांचल में अध्यात्मपुरम से लेकर गाधिपुरम तक सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस के



रूप में शिक्षा का प्रकाश देने का काम कर रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजेंद्र कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि डॉ. लोहिया प्रखर चिंतक एवं समाजवाद के प्रणेता थे। जब 1957 में पूरे भारत में अंग्रेजी हटाओ आंदोलन चल रहा था तब उन्होंने लोकसभा में बल देकर कहा था कि "लोक भाषा के बिना लोक राज्य असंभव है।" मैं चाहता हूं कि अंग्रेजी का सार्वजनिक प्रयोग बंद हो। डॉ लोहिया का विचार था कि समाजवाद का लक्ष्य सिर्फ गरीबी या असमानता मिटाना ही नहीं बल्कि चरित्र निर्माण तथा व्यक्ति में सुधार लाना है। डॉ लोहिया के विचार आज भी प्रासंगिक है। उनके नाम पर स्थापित डॉ राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज अध्यात्मपुरम आज अपने क्षेत्र में उच्च शिक्षा का केंद्र बना हुआ है। जहां बी ए, बी.एससी. एम.ए. बी एड,बीपीएड, डीएलएड (बीटीसी) के माध्यम से पूरे क्षेत्र को शिक्षित करने का काम कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन सत्येंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में निदेशक प्रमोद कुमार सिंह कमलेश यादव रविंद्र कुमार राजेश सिंह माया चौहान विश्वकर्मा प्रसाद जंगली प्रसाद पटेल भूपेंद्र भार्गव उपस्थित थे।

# सिरसा कलार थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुरील ने एन बी डबलू के तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार,

कुठौंद जालौन, सिरसा कलार थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईराज राजा के कुशल निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकार जालौन रविंद्र गौतम के कुशल मार्गदर्शन में तथा सिरसा कलार प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुरील के कुशल नेतृत्व में सिरसा कलार पुलिस टीम के द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम जुर्म, चेकिग संदिग्ध व्यक्ति, अपराधियों की चेकिंग के दौरान अभियुक्त व अभियुक्ता सुखदेव पुत्र नत्थू उर्फ नत्थूराम, बीरेंद्र सिंह पुत्र नत्थू,किशोरी देवी पत्नी नत्थू उर्फ नत्थूराम निवासी ग्राम सिमरा शेखपुर को न्यायालय में उपस्थित न होने के कारण गिरफतार किया गया गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ सिरसा कलार थाना में पहले से ही दर्ज मुकदमा संख्या 237/ 23 अपराध संख्या 39/ 19 धारा 323 / 504 / 506 / 325 / 308 भादवि के तहत दर्ज है गिरफ्तार करने वाली टीम में मुख्य रूप से थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुरील, उप निरीक्षक अरबिंद सिंह, कांस्टेबल मुजीब अली, कांस्टेबल आरती यादव, आदि ने गिरफ्तार किया जबकि सिरसा कलार थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुरील के कुशल नेतृत्व में कई वांछित अपराधियों को जेल भेजा जा चुका है थाना प्रभारी निरीक्षक के द्वारा रात में लगातार गस्त करने से क्षेत्र में शांति कायम है

# कुठौंद ब्लाक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

कुठौंद जालौन, विकासखंड कुठौद की सभागार हाल में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल बचाओ राज्य प्रशिक्षण में जल जीवन मिशन लखनऊ संतोष कुमार त्रिपाठी के द्वारा समस्त ग्राम पंचायत के प्रधानों जन प्रतिनिधियों को जल जीवन मिशन नमामि गंगे गैंग ग्रामीण जल पूर्ति विभाग जल शक्ति मंत्रालय लखनऊ के तहत कुशल प्रशिक्षक संतोष कुमार त्रिपाठी विनय कुमार सेंगर राज्य प्रशिक्षण के प्रशिक्षण के जल शक्ति मिशन लखनऊ के जरिए आगामी समय में जल संकट से बचाव एवं प्रबंधन समिति का गठन होना क्योंकि हर प्राणी के जीवन में स्वच्छ हवा के बाद शुद्ध जल जल अधिक महत्वपूर्ण है यह सभी प्राणियों के लिए अनिवार्य प्राचीन काल में मनुष्य वही फलां फुला यहां जल की आपूर्ति प्रचुर है मात्रा में उपलब्ध थी वह आज भी सत्य है प्राचीन काल के भारतवासी इसके मुख्य मार्गों पर राय वीरों को जलन से तृप्त करने के लिए कुआ निर्माण तालाब पोखरों को स्वच्छ जल की उपमा देते थे इस शुद्ध जल को राय वीरों के द्वारा सेवन किया जाता था सभी ग्राम पंचायत से आए हुए ग्राम प्रधान कुंवर सिंह पाल जुग राजपुर नरेंद्र महन्त कुठौंद प्रधान प्रतिनिधि मनीष कुमार शुक्ला रोजगार सेवक राहुल द्विवेदी प्रधान शिवदास गुप्ता प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार नैनपुर आदि मौके पर उपस्थित रहे

# मां नव दुर्गा की प्रतिमा को अन्तिम रूप देने में जुटे बंगाल से आए हुए मूर्तिकार

*15 अक्टूबर को सभी पंडाल मे मां दुर्गा होंगी विराजमान*

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

सिद्दीकपुर, जौनपुर। जनपद में श्री दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर तैयारी जोरों शोरों से चल रही है। मां दुर्गा की बड़ी-बड़ी प्रतिमाओं को कलाकारों ने अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी दुर्गा पूजा को लेकर पंडालों को भव्य रूप से सजाने की तैयारी शुरू कर दी है। बता दें कि श्री दुर्गा पूजा इस वर्ष 15 अक्टूबर से शुरू होगी। इसे लेकर दुर्गा पूजा समितियां द्वारा



जगह-जगह स्थान चिन्हित कर भव्य रूप से पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। इन पंडालों में 15 से 23 अक्टूबर तक रोजाना पूजा अर्चन के साथ भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। गोसाईपुर गांव निवासी मूर्तिकार सुरेंद्र कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष मूर्ति की बिक्री कम हुई है। इस वर्ष लगभग 20 मूर्तियों का निर्माण किया गया है। यह मूर्तियां गांव से सटे कोठवार, पतहना, जमुहाई, भकुरा, औरही समेत अन्य गांव में नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर स्थापित की जाएगी। उधर नवरात्र महोत्सव को देखते हुए जगह-जगह पंडाल लगाने वाली समितियां ने भी तैयारी तेज कर दी है। जगह-जगह समितियों द्वारा दुर्गा पूजा को लेकर भव्य पंडाल बनाया जा रहा है। इसके साथ ही पूजा समितियों के कार्यकताओं द्वारा जगह-जगह अभियान चलाकर चंदा भी एकत्रित किया जा रहा है। ताकि नवरात्र महोत्सव कुशल संपन्न हो सके।

# रसड़ा रेलवे स्टेशन पर युवक को स्टंट दिखाना पड़ा भारी।

**आशु खरवार समाज जागरण जिला संवाददाता बलिया**

रसडा. (बलिया)। रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म न एक स्थित स्टेशन बोर्ड के समीप एक अकटुबर को OHE पोल पर चढ़कर स्टार्ट करना और फेसबुक पर अपनी आईडी उमेश कुमार फिटनेस के नाम से बनाकर फेसबुक पर अपलोड करने के आरोप में सिघागरघाट चौराहे से उमेश कुमार पुत्र राजेंद्र प्रसाद निवासी- बेरुकहीं थाना-कासिमाबाद जिला- गाजीपुर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया।




# अध्यक्ष नगर पंचायत एवं अधिशासी अधिकारी को व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। नवरात्रि, श्री दुर्गा पूजा, दशहरा, भरत मिलाप, दीपावली एवं छठ पूजा आदि प्रमुख त्योहारों के मद्देनजर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल गौराबादशाहपुर का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में अधिशासी अधिकारी डॉ. अनुपम सिंह व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश सोनकर से मिलकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अधिशासी अधिकारी व नगर पंचायत अध्यक्ष से प्रमुख धार्मिक पर्वों को देखते हुए पूरे नगर पंचायत में नियमित



साफ सफाई, चुना छिड़काव, स्ट्रीट लाइटों का मरम्मत, सीसी कैमरों का संचालन, दशहरा एवं भरत मिलाप मेले में पानी टैंकर व मोबाइल टॉयलेट आदि व्यवस्था की मांग की गई। संबंधित अधिकारी द्वारा सभी व्यवस्था समय से पूर्ण करने का प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया गया। प्रतिनिधि मण्डल में सर्वेश अग्रहरि, अजीत सोनकर, राहुल सिंह, आमोद गुप्ता, गुड्डू सोनकर, जितेन्द्र जायसवाल, टीटू जायसवाल आदि रहे।

# मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम नगर पंचायत कचगांव मे आयोजित

*कलश यात्रा का हुआ नगर भ्रमण*

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

कचगांव, जौनपुर। नगर पंचायत कचगांव के राम निरंजन इण्टर कालेज के सामने आजादी के अमृत महोत्सव मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि पूरे देश से मिट्टी लाकर बलिदानियों की याद में कलश में रखकर जनपद से



लखनऊ एवं वहां से दिल्ली ले जाकर कर्तव्य पथ अमृत वाटिका पर रखी जायेगी। राष्ट्र की एकता अखण्डता की भावना अक्षुण्य रखने के लिये प्रत्येक नागरिक को शपथ लेनी चाहिये। कार्यक्रम के उपरान्त बैंड बाजे के साथ कलश यात्रा भी निकाली गई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष फिरोज अहमद खान, ईओ सुश्री आस्था पाठक, सभासद अहिसमा, सुनील, बीएल सिंह, वीरेंद्र सिंह, अभिषेक सिंह, किशन कुमार सिंह, आसिफ, दीवाकर उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# एक्सपर्ट रचित टंडन ने ठगी करने वालों से होशियार रहने दिया जानकारी,

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जिले के थारियाव थाना परिसर में साइबर जागरूकता अभियान का बैठक आयोजित किया गया। जिसमें गाँव- गाँव से जनप्रतिनिधियों और व्यापारियों को बुलाया गया था।थाना परिसर में ऑनलाइन प्रोजेक्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए एक्सपर्ट रचित टंडन ने साइबर जागरूक बैठक में बताया कि अजनवी लोगों को फोन नंबर और खाता नंबर एवं आधार कार्ड नंबर कभी भी नहीं बतायेगे। ऐसे काल से हमेशा सावधान रहें। ठगी करने वाले तरह- तरह से सरकार की स्कीम बतायेगे। कभी आवास ने नाम पर ठगी करते है तो कभी लाटरी खुलने के नाम पर लोगों को अपना शिकार बनाते हैं।तो बैंक मैनेजर बता कर आधार कार्ड नंबर या खाता नंबर मांगते है।ऐसी स्थिति में महिलाओं और पुरूषों को होशियार रहे। ऐसे अनावश्यक फोन नंबर पर जाचं पड़ताल करें।अपने आसपास के लोगों को जरूर बताएं कि इस फोन नंबर पर काल बराबर कर रहे। पुलिस को ऐसे फोन नंबर की जानकारी दे।इस मौके पर सीओ प्रगति यादव,थाना प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह, हसवा चौकी इंचार्ज विकास सिंह, सिपाही राम उजागर शुक्ल,राहुल,नागेंद्र सिंह, संदीप कुमार सिंह, सहित अन्य अधिकारी मैहजूद रहे।

# कानपुर में एन आई ए का छापा, पी एफ आई के संदिग्ध डॉ अबरार पर अब खुफिया पुलिस की भी नजर

*– पहले भी पकड़ कर छोड़े जा चुके पी एफ आई के संदिग्ध डॉ.अबरार की नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ उपद्रव में भी थी अहम भूमिका*

**सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां अरसे से सक्रिय माने जाने वाले प्रतिबंधित संगठन पापुलर फ्रंट आफ इंडिया (पीएफआइ) के सदस्यों की खैर नहीं। इसके खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एन आई ए ) जिस तेजी के साथघर पकड़ अभियान शुरू कर रखा है। उसके फल स्वरूप पी एफ आई के सभी सदस्यों की कमर बहुत जल्द टूटने की भी प्रबल संभावना है। इस मामले में एन आई ए ही नहीं अब कमिश्नरेट खुफिया पुलिस भी अपनी पैनी नजर लगातार रखे हुए है। उसके निशाने पर पहले नंबर पर है ,कानपुर के मूलगंज निवासी डा.अबरार हुसैन और उनके सहयोगी। इनमें से डॉक्टर अबरार हुसैन और अन्य से लंबी पूछताछ की जा चुकी है। इसके लिए एनआ-ईए ने गत दिवस डॉक्टर अबरार हुसैन के घर मूलगंज थाना क्षेत्र के मखनिया बाजार, बिसातखाना में छापा भी मारा था। इसके बाद खाना मूलगंज लाकर एनआईए की टीम ने डॉक्टर व उनके दो बेटों से करीब 10 घंटे तक पूछताछ की थी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक डॉ. अबरार पर पीएफआइ को फि-डिंग करने का शक है। इसीलिए एनआईए ने उनके आर्थिक स्त्रोत को लेकर पूछताछ की लेकिन इसके बाद उन्हें छोड़ दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक इसके बाद खुफिया पुलिस भी उन पर अपनी पहली नजर बनाए हुए हैं। अवगत कराते चलें कि वर्ष 2019 में नागरिकता संशोधन कानून को लेकर शहर में उपद्रव होने के बाद पुलिस ने पीएफआइ के पांच सदस्यों को बाबूपुरवा थाने से गिरफ्तार कर जेल भेजा था। उस वक्त भी अबरार को हिरासत में लेकर पूछताछ हुई थी। हालांकि तब भी उन्हें छोड़ दिया गया था। फिलहाल इस मामले में एनआ-ईए के साथ ही कमिश्नरेट खुफिया पुलिस भी अपनी पहली नजर लगातार रखे हुए है`

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में स्क्रीनिंग कमेटी का गठन

**रायसेन, 12 अक्टूबर 2023**

विभागों द्वारा भारत निर्वाचन आयोग को भेजे जाने वाले प्रस्तावों के पर-ीक्षण और अनुशंसा के लिये राज्य शासन ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया है। विभागों द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग को प्रस्ताव भेजे जाते हैं। समिति में अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन तथा संबंधित विभाग जिनका प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया उनके अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव सदस्य होंगे। अब कोई भी विभाग आचार संहिता के दौरान अपना प्रस्ताव स्क्रीनिंग कमेटी के परीक्षण/अनुशंसा के पूर्व मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के माध्यम से अथवा सीधे भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित नहीं करेगा। स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत करने के पूर्व प्रशासकीय विभाग भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों/स्पष्टीकरण का पर्याप्त अध्ययन व उसके अनुसार परीक्षण करते हुए उनका हवाला देते हुए उसे संदर्भित करेगा। प्रशासकीय विभाग को अपने प्रस्ताव में यह औचित्य भी दशार्ना होगा कि प्रस्ताव क्यों अत्यन्त महत्वपूर्ण है और निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक इसे क्यों नहीं रोका जा सकता है। भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित किया जाने वाला प्रस्ताव स्वयं स्पष्ट टीप (ैमसि ब्वदजमपदमक) के रूप में भेजा जाएगा न कि नस्ती के रूप में। राज्य शासन ने विभागों को निर्देशित किया है कि प्रस्ताव भेजने के पूर्व भारत निर्वाचन आयोग के निर्णय में लगने वाले संभावित समय का विशेष ध्यान रखा जाए। प्रशासकीय विभाग परिभ्रमण में समिति का अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात प्रस्ताव सामान्य प्रशासन विभाग को उपलब्ध कराऐगा। जो प्रस्ताव उक्त मापदंडों की पूर्ति करते हुए नहीं होंगे उन्हें लौटा दिया जाएगा।

# पेशी के दौरान आरोपी के स्थान पर पेश हुआ मित्र, शक होने पर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 13 अक्टूबर )फरेब धोखाधड़ी इतनी ज्यादा इंसान के रगो में समा गयी हैं कि वह अब न्यायालय में खड़ा होकर फरेब और सफेद झूठ बोलने से पीछे नहीं रहता, ऐसा ही एक मामला बैहर न्यायालय में सामने आया जब एक पेशी के दौरान आरोपी का मित्र स्वयं को आरोपी बताकर मित्र के स्थान पर न्यायालय में पहुंच कर पेश हुआ लेकिन कहानी में मोड़ उस समय आ गया जब उसके ऊपर शक हुआ तो सारी सच्चाई सामने आ गयी और मित्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी अनुसार बैहर न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी माननीय अनुराग खरे की अदालत में बुधवार को प्रकरण क्रमांक 841/16 शासन विरुद्ध संतोष बिसेन और अन्य चार के मामले पर पेशी थी जिसमे आरोपी जीतेन्द्र बारमाटे को पेश होना था, जब न्यायालय में पेश हुए आरोपी से पूछताछ की गयी तो वह संतोष जनक उत्तर नहीं दें पाया जिसके तहत उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

**पहले भाई बताया फिर मित्र**

न्यायालय को गुमराह करने वाला पहले स्वयं को आरोपी बताकर पेश हुआ लेकिन जब उसके ऊपर शक की वजह से और पूछताछ की गयी तो वह आरोपी का भाई बताने लगा लेकिन तब भी उसके बातों से संतुष्टि नहीं मिली तो सख़्ती से पूछताछ में उसने सारी सच्चाई उगल दी और स्वयं आरोपी का मित्र होना बताया जो अभिषेक पिता गोपाल सोनेकर मलाजखंड टाउनशिप का निवासी हैं और आरोपी जीतेन्द्र बारमाटे के स्थान पर न्यायालय को गुमराह करने की नियत से आरोपी के स्थान पर पेश हुआ था जिसके ऊपर मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया।

# आजाद जनता पार्टी का जन अधिकार पत्र व प्रत्याशियों की पहली सूची हुई जारी।

**समाज जागरण , देवव्रत राय , ब्यूरोचीफ**

बलरामपुर (छत्तीसगढ़) 11अक्टूबर 2023ः- आजाद जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उज्जवल दीवान, प्रदेश उपाध्यक्ष अमनदीप सिंग गिल, प्रदेश प्रचार सचिव करम लाल साहू, बलरामपुर जिला अध्यक्ष अमानत अली खान, बालोद जिला अध्यक्ष गौकरण गंगबेर, शक्ति जिला अध्यक्ष चन्द्र दत्त भारती, रायगढ़ जिला अध्यक्ष शिवराज साहू, कोरबा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सोनू दीप वअन्यपदाधिकारियों व सदस्यों की उपस्थिति में आईएमए हाल में आजाद जनता पार्टी का जन अधिकार पत्र जारी किया जिसमें छत्तीसगढ़ के समस्त वर्गों को साध कर खुश करने का प्रयास किया गया है जिसमें किसानों की कर्ज माफी, धान 4200 रुपये प्रति क्विंटल, धान की दूसरी फसल की खरीदी, निःशुल्क शिक्षा, निःशुल्क चिकित्सा, 400 यूनिट बिजली फ्री, गैस सिलेंडर 499 रुपये, सरकारी कर्मचारी, पुलिस कर्मचारी, अनियमित कर्मचारी, बेरोजगार और सभी आम जनता को ध्यान में रख कर बनाया गया आजाद जनता पार्टी का घोषणा पत्र इस चुनाव में कहीं ना कहीं भाजपा और कांग्रेस की मु-श्किलें बढ़ाता दिख रहा है।आजाद जनता पार्टी ने अपने प्रत्याशियों की पहली सूची भी जारी की है जिसमें
दुर्ग शहर से पारसमणि चंदेल
भानुप्रतापपुर से निर्मला कोमरा
कोरबा से अमनदीप सिंह गिल
संजारी बालोद से गौकरण गंगबेर,बसना से करमलाल साहू,डोंगरगढ़ से रामसाय राठौर,साजा से पंडित प्रेमनारायण शर्मा
जगदलपुर शहर से सरिता सिंह को टिकट दिया गया है। आजाद जनता पार्टी का जन अधिकार पत्र जारी करते वक्त आजाद जनता पार्टी के अध्यक्ष उज्जवल दीवान, प्रदेश उपाध्यक्ष अमनदीप सिंह गिल, शरद शर्मा, पंडित प्रेम नारायण शर्मा, करमलाल साहू, जय वाजपेयी, अमानत अली खान, पारसमणि चंदेल, निर्मला कोमरा,सोनू दीप, स्वीटी मेहता, राम साय राठौर, सुरेंद्र मिरी, संस्कार शर्मा, इनेश कुमार, बबली कुजूर, लोकेश्वरी ठाकुर, हेमलता गावड़े, गायत्री पोर्ते, ममता चंद्राकर, प्रभा सिंह, सविता भुवार्य, शुशीला ठाकुर, कार्तिक राम पटेल एवं अन्य पदाधिकारीगण व सदस्यगण मौजद रहे।

# बलरामपुर पुलिस को नशे के खिलाफ बड़ी सफलता।

*चेंकिंग के दौरान CG-UP चेकपोस्ट पर 92 किलोग्राम गांजा बरामद।*

**दैनिक समाज जागरण, देवव्रत राय,ब्यूरोचीफ**

बलरामपुर (छत्तीसगढ़) 12अक्टूबर 2023ः- बलरामपुर/वाड्राफनगरः- बलरामपुर पुलिस ने छत्तीसगढ़ उत्तरप्रदेश के चेकपोस्ट पर बड़ी चेकिंग मात्रा में गांजा की बरामद किया।छत्तीसगढ़ में आदर्श आचार संहिता के दौरान सभी सीमावर्ती क्षेत्रों सहित चेकपोस्ट में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है. अभी हाल ही में पांच अक्टूबर को बसंतपुर पुलिस ने धनवार चेकपोस्ट पर बड़ी मात्रा में नशीली दवाएं टेबलेट और प्रतिबंधित नशीली सिरप की बड़ी खेप बरामद किया था.

**उड़ीसा से की जा रही थी गांजे की तस्करी**

आगामी विधानसभा चुनाव के



मद्देनजर सभी सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस के द्वारा नाकाबंदी प्वाइंट लगाकर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है.संदिग्ध वाहनों की चेकिंग किया जा रहा था तभी वाड्रफनगर की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही आइसर ट्रक OD 17 Z 1158 को रोककर पूछताछ किया गया जिसपर वाहन चालक पंकज कुमार ने पुलिस को गोलमोल जवाब देकर गुमराह करने की कोशिश की. संदेह के आधार पर पुलिस ने जब वाहन को चेकिंग किया तो होंश उड़ गए. ट्रक में बोरियों में 92 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है. आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# बलरामपुर छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ सीएचओ प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बने प्रतीक गुप्ता।

**दैनिक समाज जागरण , देवव्रत राय, ब्यूरोचीफ**

बलरामपुर (छत्तीसगढ़) 12अक्टूबर 2023ः- बलरामपुर छत्तीसगढ़ अधिकारी एवं कर्मचारी संघ के प्रांतीय संयोजक CHO प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार बलरामपुर जिले के एक दिवसीय प्रवास पर बलरामपुर पहुंचे , जहां जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ बैठक भी किया, वहीं रविंद्र तिवारी कार्यकारी प्रांतीय अध्यक्ष के द्वारा सर्व सहमति से सरनाडीह CHO प्रतीक कुमार गुप्ता को CHO संघ का जिला अध्यक्ष नियुक्ति किया गया। नियुक्ति उपरांत प्रतीक गुप्ता ने कहा कि संघ ने मुझे जिस विश्वास के साथ जिम्मेदारी सौंपी है मैं इस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। संघ के द्वारा दिए गए दायित्व का मैं पूरे ईमानदारी के साथ निर्वहन करूंगा। साथ ही होने वाली समस्याओं को उच्च संघ के पदाधिकारी को अवगत कराकर उसे निराकरण करने का भी सतत प्रयास करूंगा।

# विधानसभा निर्वाचन के दौरान सोशल मीडिया के दुरूपयोग को रोकने जिला निर्वाचन अधिकारी ने जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश

*सोशल मीडिया पर साम्प्रदायिक तथा जातिगत विद्वेश दुर्भावना पूर्ण संदेशों को प्रसारित या फारवर्ड करने पर होगी दण्डात्मक कार्रवाई*

रायसेन। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन-2023 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। विधानसभा आम निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए इंटरनेट तथा सोशल मीडिया के प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर आदि माध्यम के दुरूपयोग को रोकने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे द्वारा रायसेन जिले की राजस्व सीमाओं के अंदर दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत प्रतिबंधित आदेश जारी किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेश के तहत कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो व्हाट्सएप, फेसबुक, हा-ईक, ट्विटर, एसएमएस, इंस्ट्राग्राम आदि का दुरूपयोग कर जातिगत, धार्मिक, सामाजिक भावनाओं और विद्वेष को भड़काने या उत्तेजित करने के लिए के लिए किसी प्रकार के संदेशों का प्रसारण/फारवर्ड नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म में किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक एवं उन्माद फैलने वाले संदेश, फोटो, आडियो, वीडियो इत्यादि प्रसारित नहीं करेगा और ना ही भेजेगा जिसमें धार्मिक, जातिगत, सामाजिक आदि भावनाएं भड़क सकती हैं या साम्प्रदायिक विद्वेष उत्पन्न होता है। सोशल मीडिया के किसी भी पोस्ट जिसमें धार्मिक, साम्प्रदायिक, जातिगत भावनाएं भड़कती हो, कमेंट, लाईक, शेयर या फारवर्ड नहीं करेगा। ग्रुप एडमिन की यह व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी कि वह ग्रुप में इस प्रकार के संदेशों को रोके तथा तत्काल उनकी सूचना निकटतम थाने को प्रदान करें। संभव हो तो ग्रुप एडमिन, ग्रुप की सेटिंग ओनली फॉर एडमिन पर भी रख सकते हैं। इसी प्रकार कोई भी सामुदायिक, धार्मिक, जातिगत विद्वेष फैलाने वाले या लोगों अथवा समुदाय के मध्य घृणा, वैमनस्यता के माध्यम से पैदा करने या दुष्प्रेरित करने या उकसाने या हिंसा फैलाने का प्रयास सोशल मीडिया के उपरोक्त माध्यमों से नहीं करेगा और ना ही इसके लिए प्रेरित करेगा। कोई भी व्यक्ति विकृत फोटो, वीडियो, ऑडियो, अफवाह या तथ्यों को तोड़ मरोड़कर भड़काने, उन्माद उत्पन्न करने वाले संदेश जिससे लोग या समुदाय विशेष हिंसा या गैरकानूनी गतिविधियों में संलग्न हो जाए, प्रसारित और फारवर्ड नहीं करेगा। इनके अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति या समुदाय ऐसे संदेशों को प्रसारित नहीं करेगा जिनसे किसी व्यक्ति, संगठन, समुदाय आदि को एक स्थान पर एक राय होकर जमा होने या उनसे कोई विशेष या गैरकानूनी गतिविधियां करने हेतु आव्हान किया गया हो। जिससे कानून एवं शांति व्यवस्था भंग होने की प्रबल संभावना विद्यमान हो। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। आदेश के उल्लंघन की दशा में संबंधित के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 तथा सायबर विधि एवं अन्य युक्तियुक्त अधिनियमों के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही सम्पादन हेतु 195 सीआरपीसी के तहत संबंधित राजस्व क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी को अधिकृत किया गया है।

# रायसेन में श्री दुर्गा उत्सव की जोरदार तैयारियां, इस बार 100 से अधिक स्थानों पर लगेंगी मां जगत जननी जगदंबे की झांकियां

*दुर्गा मां की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार, सनातनियो में दिख रहा गजब का उत्साह*

**सीएल गौर, रायसेन**

रायसेन। प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी शारदेय नवरात्र को लेकर श्री दुर्गा उत्सव की तैयारी जिला मुख्यालय सहित आसपास के गांव गांव से लेकर पूरे जिले भर में शुरू हो गई हैं ।आगामी 15 अक्टूबर रविवार से प्रारंभ हो रहे नवरात्र को लेकर सनातन धर्म प्रेमियों के बीच भारी उत्साह का वातावरण देखने में आ रहा है श्री दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा भी नवरात्र को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है, समय से पहले ही झांकी स्थल पर पंडाल लगाने का काम जोर-शोर से किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार इस बार शहर में 100 स्थान से ज्यादा जगह मां जगदंबे की आकर्षक झ-ांकियां लगाई जाएगी, इसके लिए सनातन धर्म प्रेमी प्रत्येक मोहल्ले में तैयारी करने में जुट गए हैं, बच्चों में भी भारी उत्साह का वातावरण देखने में आ रहा है । मोहल्ले में गलियों में बच्चे भी जय माता दी जय माता दी के जय कारे लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। शारदेय नवरात्र को लेकर मूर्तिकारों ने भी मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम स्वरूप देना शुरू कर दिया है, इस बार अनेक आकर्षक स्वरूप में मां जगदंबे की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। नगर के महामाया चौक, भोपाल सागर चौराहा, गंज बाजार हनुमान मंदिर प्रांगण, पाटन देव हनुमान मंदिर के पास, स्वामी वि-वेकानंद कॉलेज के पास, अर्जुन नगर, दुर्गा मंदिर, शिव ओम दुर्गा शक्तिपीठ मंदिर, पटेल नगर, अयोध्या




बस्ती रामलीला मैदान, तालाब मोहल्ला, कलेक्ट्रेट कॉलोनी, तीपट्टा बाजार, नरापुरा , चोपड़ा मोहल्ला, भोपाल मार्ग, मंडी के सामने, अवंतिका कॉलोनी, मुखर्जी नगर, यशवंत नगर, राहुल नगर संस्कार विहार कॉलोनी, श्रीजी कॉलोनी, ताजपुर महल, गोपालपुर आदि अनेक स्थानों पर दुर्गा उत्सव को लेकर झांकी लगाने की तैयारी शुरू कर दी गई है पितृ मोक्ष अमावस्या के बाद श्री दुर्गा उत्सव की शुरूआत होगी और इन शिव दिनों का इंतजार सनातन धर्म प्रेमियों को बेसब्री के साथ है, क्योंकि श्री दुर्गा उत्सव का सनातन में बड़ा महत्व है । इन 9 दिनों में मां जगदंबे की कठिन उपासना, पूजा, अर्चना पूरे श्रद्धा भाव के साथ की जाती है सनातन धर्म प्रेमी शक्ति की भक्ति में तल्लीन होते हैं जिधर देखो उधर दुर्गा उत्सव की धूम दिखाई देती है जिससे सारा वातावरण जिससे सारा वातावरण धर्म में दिखाई देता है । जिले के सुप्रसिद्ध देवी मंदिर मां कंकाली देवी गुदावल, हिंगलाज देवी वाडी, खंडेरा छोले वाली मैया, परवरिया वाली हरसिद्धि माता, बागराजन माई मुरेलकला, आदि प्रसिद्ध स्थानो पर भी नवरात्र को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है, यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की आसुविधा न हो इन प्रसिद्ध मंदिरो पर इसका पूरा ध्यान रखकर ही मंदिर समिति के पदाधिकारी दुर्गा उत्सव की तैयारी में जुटे दिखाई दे रहे हैं।

# विशेष गस्त अभियान के तहत 11 स्थायी और 84 गिरफ्तारी वारण्टी को किया गया गिरफ्तार

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 13 अक्टूबर )पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले के स्थायी वारण्टी गिरफ्तारी वारण्टी, जिला बदर, निगरानी बदमाश और गुण्डा बदमाशों पर नजरे रखने के लिये बुधवार व गुरुवार की मध्यरात्रि में काम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। इस अभियान में एसडीओपी स्तर के 04 अधिकारी सहित समस्त थाना प्रभारी और पुलिस बल व थाने के जवानो द्वारा थाना में जाकर तफ्तीश की गई। इस दौरान पुलिस ने कई दिनों से फरार या अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलग्न रहने वाले आदतन अपराधियों पर नजरे जमाई। पुलिस द्वारा जिला बदर, गुण्डे और निगरानी बदमाशो की सघन चेकिंग करते हुये स्थायी, फरारी और गिरफ्तारी वारणटियों को वारण्ट तामील कराने की कार्यवाही की गई। पुलिस द्वारा आगामी त्यौहारों के अलावा विधानसभा निर्वाचन साथ ही अन्य कानून व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुये इस तरह की काम्बिंग गश्त कर सतर्कता बरती जा रही है। सब इंस्पेक्टर शिव रघुवंशी द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार गश्त में 195 पुलिस कर्मियों ने 11 स्थायी वारण्टी और 84 गिरफ्तारी वारणटियों को हिरासत में लेकर न्यायालय में प्रस्तुत करने की कार्यवाही की गई। इसके अलावा जिले के 10 जिला बदर आरोपियों 76 निगरानी बदमाश और 85 गुण्डा बदमाशों की तस्दीक की गई। पुलिस प्रशासन द्वारा की गई यह कार्यवाही असामाजिक तत्वों द्वारा अशांति फैलाने से रोकने के लिये बड़ा कदम माना जा रहा है।

# अन्तराज्रीय सीमाओं एवं मतदान केंद्रों का निरिक्षण करने पहुंच निर्वाचन अधिकारी

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 13 अक्टूबर )लांजी विधानसभा की अधियाटोला ग्राम पंचायत के कट्टीपार कला गांव के मतदाता पहली बार अपने ही गांव में मतदान करेंगे। पहली बार बने मतदान केंद्र में 125 मतदाता मतदान करने वाले है। अति दुर्गम व घने जंगलो से गुजरने के बाद कट्टीपार कला में मतदान केंद्र क्र.294 पड़ता है। गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा लांजी विधानसभा के निर्वाचन अमले के साथ यहां पहुंचे। रिटर्निंग अधिकारी लांजी प्रदीप कौरव ने जानकारी देते हुये बताया कि यह घने जंगलो वाला अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। डीईओ डॉ. मिश्रा ने मतदान केंद्र का अवलोकन करते हुये यहां अध्ययनरत बच्चों के साथ फोओ खिचवाये और मतदाताओं से आवश्यक चर्चा भी की। आरओ श्री कौरव ने बताया कि लांजी विधानसभा क्षेत्र महाराष्ट्र और




छत्तीसगढ़ दोनो राज्यों की सीमाओं से लगा हुआ है यहां के टीमकीटोला गांव स्थित अंतर्राज्यीय सीमा जो छग. और मप्र से लगी है। इसके अलावा महाराष्ट्र और मप्र की सीमा बहेला व कुलपा गांव से लगी हुई है। इन तीनो अंतर्राज्यीय सीमाओं का अवलोकन करने जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डॉ. मिश्रा पहुंचे। यहा तैनात जवानों से निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गए निर्देशों के पालन के संबंध में आवश्यक चर्चा भी की। इस दौरान एसडीओपी श्री संतोष घनघोरिया, जनपद सीईओ मो.शफी कुरैसी और बहेला टीआई डोमन सिंह मरावी मौजूद रहे।

# मानव श्रृंखला बनाकर तथा रैली निकालकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**रायसेन, 12 अक्टूबर 2023**

विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में रायसेन जिले में शत-प्रतिशत मतदान हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निदेर्शानुसार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान का महत्व बताते हुए विधानसभा निर्वाचन में बिना किसी भय, दबाव या लालच के स्वविवेक से नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सिलवानी जनपद पंचायत के ग्राम सियरमउ में छात्र-छात्राओं द्वारा विशाल मानव श्रृंखला बनाकर ग्रामीणों को आगामी 17 नवम्बर को मतदान केन्द्र जाकर विधानसभा निर्वाचन में मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। सियरमउ में ही स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई और विधानसभा निर्वाचन में मतदान करने के संकल्प पत्र भरे गए।

# विधानसभा निर्वाचन-2023

*पुलिसकर्मियों ने ली मतदान की शपथ, संकल्प पत्र भी भरे*

**रायसेन, 12 अक्टूबर 2023**

मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत रायसेन में आयोजित पुलिस बल के प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वीप प्लान के तहत जिला पंचायत सीईओ और स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती अंजू भदौरिया ने पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को आगामी विधानसभा निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान करने और अपने आसपड़ोस और परिचित मतदाताओं को भी वोट डालने हेतु प्रेरित करने के लिए कहा। जिला पंचायत सीईओ द्वारा पुलिस बल को मतदान की शपथ भी दिलाई गई। पुलिस बल द्वारा विधानसभा निर्वाचन में मतदान करने के संकल्प पत्र भी भरे गए।



# देवरी में हाई-वे पर बनाए गए एसएसटी चेक प्वाइंट पर जप्त की गई एक लाख 39 हजार 500 रुपए की नगदी

रायसेन। विधानसभा निर्वाचन-2023 के दृष्टिगत रायसेन जिले के देवरी में हाईवे पर बनाए गए एसएसटी चेक प्वाइंट पर वाहनों की जांच के दौरान एफएसटी टीम द्वारा भोपाल निवासी मोहम्मद फैजान के पास से एक लाख 39 हजार 500 रू नगद जप्त किए गए। मोहम्मद फैजान द्वारा उक्त नगदी के संबंध में संतोषजनक जानकारी तथा दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर यह का-र्रवाई करते हुए एक लाख 39 हजार 500 रू की नगदी थाना देवरी की सुपुर्दगी में देते हुए वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उल्लेखनीय है



कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 की घोषणा के साथ ही रायसेन सहित सम्पूर्ण प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। रायसेन जिले में आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराते हुए विधानसभा निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे द्वारा सम्पूर्ण जिले में एसएसटी की 20 टीमें तथा एफएसटी की 21 टीमें गठित की गई हैं, जिनके द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।

# कौशल दीक्षांत समारोह में प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर किया गया सम्मानित।!

**संवाददाता विवेक कुमार!**

राजधानी लखनऊ आज दिनांक 12 अक्टूबर कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान लखनऊ (साक्षरता निकेतन) द्वारा कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन इंडिया लिटरेसी बोर्ड के सभागार में किया गयो भारत सरकार द्वारा एआईसीटीई



आडोटोरियम, नई दिल्ली में आयोजित कौशल दीक्षांत समारोह का सजीव प्रसारण जनपद के विभिन्न कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों एवं साक्षरता निकेतन परिसर में लाभार्थियों को दिखाया गया। समारोह में जन शिक्षण संस्थान एवं प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके ब्यूटिशियन, सिलाई, ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रिकल, जूट क्राफ्ट, वेल्डिंग, ऑफिस असिस्टेंट, टेक्सटाइल, चिकनकारी विधाओ के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए मुख्य अतिथि सुश्री सन्ध्या तिवारी, आई.ए.एस. (से.नि.) ने कहा की जिस देश के युवाओ में कौशल होता है, वह देश समृद्धिशाली होता है आज प्रत्येक क्षेत्र में महिलाये भी अपने हुनर को तराश कर कौशल में परिवर्तित कर रही है, परिणाम स्वरुप वे खुद तो आत्मनिर्भ

# विगत छः महीनों से पोषण आहार की राशि से वांछित बैगा महिला पहुंची कलेक्टर कार्यालय

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 13 अक्टूबर )बैगा महिलाओ को कुपोषण से मुक्त एवं आत्म निर्भर करने के उद्देश्य से शासन ने बैगा महिलाओं को प्रत्येक महीना पोषण आहार के रूप में एक हजार रुपए की राशि दें रही हैं लेकिन कुछ महीनों से उक्त योजना के तहत मिलने वाली राशि कुछ एक महिलाओं को नहीं मिलने से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं जिसको लेकर करीब दो दर्जन से अधिक बैगा महिलाओ ने कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर अपना दुखड़ा सुनाया।लेकिन उन्हें यह भी नहीं मालूम हैं कि प्रदेश के साथ जिले में आचार संहिता लागू हैं जिससे उनकी समस्या का हल निकल पाना मुश्किल हैं। बैहर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत पाथरी की दो दर्जन से अधिक बैगा महिला कलेक्टर कार्यालय पहुंच गयी,उनकी समस्या हर माह मिलने वाली पोषण आहार की राशि हैं जो विगत छः महीनों से इन्हे नहीं मिल रही हैं। हालांकि यह समस्या सिर्फ बैहर जनपद की नहीं हैं बल्कि बिरसा परसवाडा और लाँजी जनपद के अंतर्गत आने वाली बैगा महिलाओं का भी हैं जहाँ बहुत सारी बैगा महिलाओं को किसी नहीं किसी कारण वश योजना का लाभ नहीं मिल रहा हैं।

# गुण्डा एक्ट के आरोप से महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ का छात्र नेता हुआ दोषमुक्त

**वाराणसी समाज जागरण**

वाराणसी। गुण्डा एक्ट के मामले में आरोपित महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के छात्र नेता को कोर्ट से बड़ी राहत मिल गयी। न्यायालय अपर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट ने काशी जोन अंतर्गत सिगरा थाना क्षेत्र के निराला नगर, महमूरगंज निवासी काशी विद्यापीठ के छात्र नेता उत्कर्ष त्रिपाठी को गुण्डा एक्ट के आरोप से दोषमुक्त कर दिया। अदालत में आरोपित की ओर से अधिवक्ता विकास सिंह व अमनदीप सिंह ने पक्ष रखा। प्रकरण के अनुसार थाना प्रभारी सिगरा ने 25 मई 2023 को पुलिस उपायुक्त काशी जोन को आख्या दी थी। आरोप था कि क्षेत्र में भ्रमण के दौरान जानकारी हुई कि वाराणसी सिगरा थाना क्षेत्र के निराला नगर, महमूरगंज निवासी उत्कर्ष त्रिपाठी एक शातिर अपराधी है। यह लोग स्वयं या अपने गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते हैं। इसके साथ ही अपने व अपने गिरोह के आर्थिक व भौतिक लाभ के लिए आएदिन मारपीट कर लोगों में दहशत कायम करते है। इनके भय से इनके खिलाफ कोई गवाही देने का साहस नहीं जुटा पाता है।



सिगरा थाना प्रभारी के आख्या के आधार पर अपर पुलिस आयुक्त ने आरोपित को गुण्डा एक्ट में निरुद्ध किया था। अदालत में विचारण के दौरान आरोपित के अधिवक्ताओं विकास सिंह व अमनदीप सिंह ने अपनी दलील दिया कि जिस मुकदमों का आधार बनाकर उसके ऊपर गुंडा एक्ट लगाये जाने की बात कही जा रही है, उस मुकदमे में वह जमानत पर है। साथ ही उक्त मुकदमे के अलावा कोई भी अपराधिक इतिहास नहीं है। वह एक संभ्रांत नागरिक है और महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ का छात्र नेता है। पुलिस मात्र रंजिशवश उसे आरोपित बना दी है। अदालत ने बचाव पक्ष के तर्कों को सुनने व पत्रावली के अवलोकन के बाद आरोपित छात्र नेता उत्कर्ष त्रिपाठी को साक्ष्य के आभाव में दोषमुक्त कर दिया।

# महादेव पीजी कॉलेज से निकाली गई अमृत कलश यात्रा

*एनडीआरफ ने आपदा में बचाव का किया प्रदर्शन*

*छात्र, छात्राओं ने सीखा हार्ट अटैक और प्राकृतिक आपदा से जान बचाने का गुण*

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी। महादेव पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवायोजन और एनसीसी की ओर से गुरुवार को "अपनी माटी अपना देश" कार्यक्रम के तहत अमृत कलश यात्रा निकाली गईं। इस अवसर पर एनडीआरएफ के 11वीं बटालियन द्वारा बच्चों को आपदा एवम बचाव के मद्देनजर महत्त्वपूर्ण गुण सिखाए गए। इसके पूर्व कालेज परिसर में रखे अमृत कलश में कॉलेज के प्रबंधक अजय सिंह, प्रथम महिला सीमा सिंह, प्राचार्य डा. दयाशंकर सिंह, एनडीआरफ के अनिल सिंह आदि ने कलश में अक्षत पुष्प और गांव की पवित्र मिट्टी डालकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात हजारों छात्रों ने अपने अपने घर से लाए मिट्टी और चावल को अमृत कलश में डालकर देश के लिए शहीद हुए वीर सपूतों को नमन किया। इसके बाद कालेज परिसर से अमृत कलश यात्रा निकाली गई जो बरियासनपुर, सन्दहा, रिंग रोड, चिरई गांव ब्लॉक होते पुनः कालेज पहुंचीं जहां जिला प्रशासन की ओर से उपस्थित चिरईगांव ब्लाक के बीडीओ राजेश बहादुर सिंह, एडीओ दुर्गेश सिंह को कालेज के प्रबंधक सीपीआर देने की विधि, बाढ़ या भूकंप में बचाव के गुण समेत हर वह विधि बताई गई जो जीवन और मौत के बीच कुछ मिनट या सेकेंड के गोल्डन पीरियड में प्रयोग कर हजारों लोगों की जान बचाई जा



अजय सिंह द्वारा गोल्डन अमृत कलश सौंपा गया। उन्होंने बताया कि यह कलश जिले को प्रेषित किया जायेगा वहां से यह लखनऊ और अंत में देश की राजधानी दिल्ली जायेगा। इस अवसर पर कालेज परिसर में 11एनडीआरएफ के इंस्पेक्टर अनिल सिंह के साथ पहुंचीं टीम ने छात्रों को डेमो के माध्यम से आपदा में बचाव संबंधी कई महत्त्वपूर्ण गुण सिखाए गए। बच्चों को खुद मंच पर बुलाकर उन्हे हार्ट अटैक के दौरान सकती है। संचालन डाक्टर गौरव मिश्र ने किया। इस अवसर पर डॉक्टर रेखा सिंह, डाक्टर संजय सिंह ,पत्रकारिता एवम जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. लोकनाथ पाण्डेय, डॉ. मारूत नंदन मिश्र, अवनीश सिंह, डाक्टर भीम शंकर मिश्र, डॉक्टर मोहन सिंह, डॉ. राजेश कुमार, एनसीसी ट्रेनर जितेंद्र मौर्य, प्रियंका यादव, डॉ. धीरेन्द्र तिवारी, संतोष मौर्य, विकास सिंह, राकेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# बीएसए जौनपुर ने परिषदीय विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण, मिड डे मिल का चखा स्वाद

**समाज जागरण (जौनपुर)**

जौनपुर- बेसिक विभाग की ओर से परिषदीय स्कूलों में चल रहे निरीक्षण अभियान के तहत बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल द्वारा विकासखण्ड मड़ियाहू, रामनगर के परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर शासन द्वारा विद्यालयों मे संचालित योजनाओं एवं अध्ययनरत छात्रों के अधिगम स्तर की जाँच की गयी।

**1- कंपोजिट विद्यालय मुकुन्दपुर, वि0क्षे0-मड़ियाहू (निरीक्षण समय पूर्वान्ह 09:50 बजे):-**

बीएसए द्वारा प्राथमिक विद्यालय मुकुंदपुर, वि0क्षे0-मड़ियाहू का औचक निरीक्षण किया गया। श्री दशरथ राम प्रधानाध्यापक चिकित्सकीय अवकाश पर पाए गए। अन्य कार्यरत समस्त अध्यापक विद्यालय में उपस्थित पाये गये। विद्यालय में नामांकित 237 छात्रों के सापेक्ष सिर्फ 148 छात्र उपस्थित पाये गये। विद्यालय मे अध्ययनरत कक्षा 8 के छात्रों का अधिगम स्तर सन्तोषजनक नहीं पाया गया। तत्सम संबंध में संबंधित कक्षा अध्यापक को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा स्पष्टीकरण निर्गत किया गया। विद्यालय मे मध्यान्ह भोजन मीनू के अनुसार बना हुआ पाया गया। गत शैक्षिक सत्र 2022-23 मे विद्यालय द्वारा 291 छात्रों के सापेक्ष 240 छात्रों की डी0बी0टी0 की गयी प्राप्त हुयी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर द्वारा पीएम श्री हेतु चयनित विद्यालय का भौतिक सत्यापन किया गया।

**2- कंपोजिट नेवादा प्रथम , वि0क्षे0-रामनगर (निरीक्षण समय 11:15 बजे):-**

बीएसए द्वारा कंपोजिट विद्यालय नेवादा प्रथम, वि0क्षे0-रामनगर के निरीक्षण के दौरान विद्यालय मे कार्यरत समस्त अध्यापक विद्यालय पर उपस्थित पाए गए।विद्यालय में नामांकित 262 छात्रों के सापेक्ष सिर्फ 172 छात्र उपस्थित पाये गये। विद्यालय मे शिक्षक-छात्र अनुपात प्राविधानित व्यवस्था के अनुरूप नहीं पाया गया। विद्यालय में मध्यान भोजन में रोटी सब्जी बनी हुई थी। जिसको उप शिक्षा निदेशक, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जौनपुर एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा चखा गया। विद्यालय मे मध्यान्ह भोजन मीनू के अनुसार बना हुआ पाया गया। गत शिक्षिक सत्र 2022-23 मे विद्यालय द्वारा 262 छात्रों के सापेक्ष 172 छात्रों की डी0बी0टी0 की गयी प्राप्त हुयी। गत वर्ष विद्यालय को शासन द्वारा प्राप्त कम्पोजिट धनराशि रू0-75000 के सापेक्ष ₹50000 व्यय की गई पाई गई। प्रधानाध्यापक द्वारा अवशेष धनराशि के संबंध में बताया गया कि पीपीए फेल होने के कारण ₹25000 ब्यय नहीं किये जा सके। विद्यालय में प्रिंट रिच मटेरियल का अभाव पाया गया। जिसके कारण बी0एस0ए0 द्वारा प्रधानाध्यापक को स्पष्टीकरण निर्गत किया गया।

# अपाचे सवार तीन युवकों ने मारपीट कर छीना मोबाइल और नगदी

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी स्थानीय थाना क्षेत्र के बड़ागांव कपसेठी मुख्य मार्ग पर कुड़ी नाले के पास एक सुनसान जगह पर बुधवार को सांयकाल सायकिल सवार एक युवक का स्मार्टफोन और नगदी रुपए बाइक सवार तीन युवकों द्वारा मारपीट कर छीन लिये जाने का मामला प्रकाश में आया है।

जानकारी के अनुसार बड़ागांव थानाक्षेत्र के कुम्भापुर गांव निवासी धीरज कुमार विश्वकर्मा बड़ागांव बाजार में एक फर्नीचर की दुकान पर काम करता है। नित्य की भांति वह बुधवार को अपने सायकिल पर सवार होकर घर वापस लौट रहा था की उपरोक्त घटना स्थल पर लाल रंग की अपाचे बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उसे बीच रास्ते में रोककर मारपीट कर असलहा दिखाते हुए उसका कीमती मोबाइल फोन और जेब में रखा दो हजार रुपए नगद छीनकर कुड़ी की तरफ भाग निकले। घटना से भयभीत युवक ने किसी तरह घर पहुंच कर बृहस्पतिवार को घटना से पुलिस को अवगत कराया। उक्त मामले में बड़ागांव पुलिस दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पुछताछ कर रही है।

# कर्मकांडी विद्वान ने लगाई फांसी

**वाराणसी समाज जागरण**

वाराणसी। भेलूपुर थाना अंतर्गत भागवत विद्यालय के पीछे कमरा लेकर रह रहे कर्मकांडी विद्वान 45 वर्षीय उमेश मिश्रा ने पंखे में गमछा बांधकर फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार नालंदा बिहार निवासी 45 वर्षीय उमेश मिश्रा 2 वर्ष से अस्स निवासी उर्मिला उपाध्याय के मकान में किराए पर कमरा लेकर पूजा पाठ करते थे ।बीती रात को पत्नी संगीता मिश्रा के साथ शराब पीने को लेकर कहा सुनी हुई। पत्नी संगीता मिश्रा उनके शराब के कारण काफी परेशान रहती थी। शराब पीने को लेकर ही रात को दोनों में झगड़ा हुआ और उमेश मिश्रा पत्नी और बच्चे को निकाल कर दरवाजा अंदर से बंद कर दिए और चौकी पर कुर्सी लगाकर पंखे के सहारे फांसी पर झूल गए । पत्नी संगीता मिश्रा ने बताया कि वह शराब के आदी हो गए थे।और कमाई का पूरा पैसा शराब में ही लुटा देते थे इसको लेकर वह काफी परेशान थे और आए दिन इसी को लेकर लड़ाई झगड़ा होता था। उमेश मिश्रा नालंदा बिहार निवासी भोलानाथ मिश्र के आठ पुत्रों में दूसरे नंबर के थे। वही उनके एक भाई उमाशंकर मिश्रा यही पास में ही रहकर कर्मकांड का काम करते हैं। भाई उमाशंकर मिश्रा ने बताया कि वह शराब के बहुत ही ज्यादा आदि हो गए थे उनका एक पुत्र 13 वर्षीय शिवम मिश्रा अस्स के नंदलाल बाजोरिया शिक्षण संस्थान संस्थान में पढ़ाई करता है घटना की सूचना पाकर भेलूपुर पुलिस एवं फॉरेंसिक टीम पहुची।

# तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय रेल उपकरण प्रदर्शनी 2023 में बनारस रेल इंजन कारखाना द्वारा प्रदर्शित रनिंग लोको मॉडल बना आकर्षण का केंद्र।

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसीः भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय रेल उपकरण प्रदर्शनी 12 से 14 अक्टूबर 23 तक प्रगति मैदान नई दिल्ली में लगाई गई है।

इस आयोजन से उद्योग और भारतीय रेलवे के प्रमुख हितधारकों की भागीदारी में मुख्य रूप से जर्मनी, जापान, रूस और यूके कंट्री पवेलियन के साथ 11 देशों के 300 से अधिक प्रदर्शक नई दिल्ली के प्रगति मैदान में नए प्रदर्शनी केंद्र के पांच हॉलों में फैले लगभग 30,000 वर्गमीटर के प्रदर्शनी क्षेत्र को कवर करते हुए नवीनतम प्रौद्योगिकियों और सेवाओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। भारतीय रेलवे ने अब तक का सबसे बड़ा मंडप स्थापित किया है, जो इस क्षेत्र में भारत की ताकत, क्षमताओं और इसके विस्तार और आधुनिकीकरण योजनाओं के लिए भारतीय रेलवे की भविष्य की आवश्यकताओं को प्रदर्शित कर रहा है। तीन दिवसीय कार्यक्रम में समवर्ती अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, बैठकें और खरीदार-विक्रेता बैठकें शामिल हैं। जो सभी हितधारकों के लिए रेल परिवहन क्षेत्र में तकनीकी प्रगति, हितधारकों के साथ नेटवर्क और एक ही मंच के तहत ज्ञान साझा करने का अवसर दे रहा है। बनारस रेल इंजन कारखाना मण्डप को मुख्य गुणता आशवासन प्रबन्धक श्री प्रवीण कुमार की देख रेख में लगाया गया है। जहां बरेका सभी उत्पादन इकाइयों और क्षेत्रीय रेलवे लोको संबंधित डिस्प्ले पोस्टर्स, पम्पलेट के माध्यम से आगंतुकों को अवगत कराते हुए विभिन्न प्रकार के डीजल एवं विद्युत रेल लोको मॉडल को सुंदरतम ढंग से दशार्या गया है,




के साथ भारतीय रेलवे की ताकत क्षमताओं और भविष्य की आवश्यकताओं को प्रदर्शित करते हुए इस प्रदर्शनी में भाग ले रहा है।बरेका के जनसंपर्क अधिकारी राजेश कुमार ने रेल प्रदर्शनी से सम्बंधित थीम व अन्य प्रदर्शन सामग्री का विस्तृत जानकारी उपस्थित आगंतुको के समक्ष प्रस्तुत किया। जिसमे विभिन्न प्रदर्शित रेल लोको मॉडल तथा बरेका की रेल इंजन निर्यात क्षमता, वर्तमान उपलब्धियां को इंफोग्राफिक के माध्यम से दशार्या गया है। इस प्रदर्शनी में मुख्यतः बनारस रेल इंजन कारखाना द्वारा निर्मित किए जा रहे जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। साथ ही स्क्रैप से बनाए गए मॉडल आगंतुकों का मन मोह रहे है। डबल्यू ए पी 7, डबल्यू ए जी 9 विद्युत लोको का वर्किंग मॉडल बच्चों के साथ दर्शकों में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस प्रदर्शनी मे बरेका मंडप में लगे हुए लोको मॉडलों के साथ आगंतुको द्वारा सेल्फी लेने का क्रेज देखा गया। बरेका मंडप में मुख्य यांत्रिक इंजीनियर,प्लानिंग पूर्व रेलवे श्री मनीष कुमार गुप्ता, मुख्य अभिकल्प इंजीनियर,डीजल श्री आर आर प्रसाद, मुख्य विद्युत इंजीनियर, लोको श्री अरूण शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# आपरेशन क्लीन के तहत 6 वाहनों को उनके मालिक को किया गया सुपुर्द

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसीः पुलिस महानिदेशक, उत्तरप्रदेश लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे है अभियान ऑपरेशन क्लीन के तहत पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट वाराणसी, पुलिस उपायुक्त जोन काशी, कमिश्नरेट वाराणसी, अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी, कमिश्नरेट वाराणसी, सहायक पुलिस आयुक्त सर्किल दशाश्वमेध, जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी के आदेश के अनुपालन में पूर्व में लावारिस में दाखिल कुल 6 अदद दो पहिया वाहन को तकनीक की मदद से उनके पंजीकृत स्वामी का पता लगाकर आज दिनांक 12.10.2023 को सम्बन्धित वाहन के पंजीकृत स्वामी को बुला कर श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त महोदय के द्वारा उनको सुपुर्द किया गया। पंजीकृत स्वामी द्वारा अपने वाहन पाकर काफी खुशी प्रकट की गयी तथा पुलिस परिवार का आभार व्यक्त किया गया।

पंजीकृत वाहन स्वामी का विवरणः-

1. जैनुल हसन पुत्र एमामुल हसन निवासी डी-43/138 सदानन्द बाजार, डी 43/140 बाजार सदानन्द मदनपुरा वाराणसी।
2. शिव शंकर सेठ पुत्र बेचन लाल सेठ निवासी म0नं0 जे 8/85 ए, जैतपुरा दीगिया, वाराणसी
3. बेचन लाल सेठ पुत्र रामदास सेठ निवासी जे. 8/85 ए डिगिया जैतपुरा वाराणसी।
4. किरन सिंह पुत्री मुकेश सिंह निवासी शि 5/69-के-4-पी लक्ष्मनपुर, शिवपुर वाराणसी।
5. सन्तोष कुमार वर्मा पुत्र रमेश चन्द्र वर्मा निवासी जे 11/104-ए नाटी इमली, शिवाला, वाराणसी
6. कवि आलम पुत्र अखलाक आलम निवासी ए 34/33 बी-वाई तेलियाना, कज्जाकपुरा पोस्ट विशेश्वरगंज वाराणसी।

# नमामि गंगे गौरव महोत्सव के उपलक्ष में आज दशाश्वमेध घाट पर चला स्वच्छता अभियान एव की गई शूटिंग

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी। अनिल कुमार सिंह के अगुवाई एवं कमांडेंट 95 बटालियन अनिल कुमार के दिशा निर्देश में 95 बटालियन केंद्रीय पुलिस बल, सृजन सामाजिक विकास न्यास, नगर निगम, नमामि गंगे के संयुक्त तत्वाधान में दशा सुमेध घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस को मिलीरिया मीडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्वच्छता अभियान की शूटिंग की गई कुछ ही दिनों में गायिका अलका याग्निक,जीत प्रमानिक, विश्वजीत घोष कलाकार जीत प्रमाणिक अनन्या कश्यप विश्वजीत घोष म्यूजिक और लिरिक जीत प्रमाणिक के द्वारा फिल्माया जाएगा इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री अभिषेक कुमार सिंह सहायक कमांडेंट 95 बटालियन थे एवं विशिष्ट अतिथि जित प्रमाणिक अनन्या कश्यप विश्वजीत घोष थे तथा गंगा हातिमा अभियान के ब्रांड एंबेसडर एवं सृजन सामाजिक विकास न्यास के अध्यक्ष श्री अनिल कुमार सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता किये एवं दशा सुमेध घाट पर उपस्थित सीआरपीएफ के सभी जवानों नगर निगम के सफाई कर्मियों एवं नमामि गंगा के सदस्य गण तथा आम



जनमानस को गंगा को स्वच्छ रखने के लिए शपथ दिलवाई साथ साथ लोगों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित किया गया।स्वच्छ भारत का पूरा करेंगे सपना, अपने कार्यो से साफ रखेंगे देश अपना। भारत विश्व गुरु बनेगा, जब भारत स्वच्छता की ओर बढ़ेगा। हर नागरिक का एक ही सपना, स्वच्छ बने भारत अपना। हर व्यक्ति का एक ही सपना, स्वच्छ बने भारत अपना, इसी उद्देश्य से स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। 95 बटालियन के निरीक्षक बाल जी यादव,प्रवीण सिंह, संतोष कुमार सिंह, विष्णुकांत त्रिपाठी भारी संख्या में जवान 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान,भाजपा महामंत्री सौरभ सिंह पटेल, नमामि गंगे के सदस्य, मंत्री विकास न्यास के आनंद सिंह सौरभ सिंह शिवम्अग्रहरि, नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी आदि लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# किसानों की हुंकार , सड़क नहीं तो टोल टैक्स नहीं

**समाज जागरण (जौनपुर)**

चंदवक राष्ट्रीय राजमार्ग 233 से प्रभावित किसानों ने गांधी पार्क में किसान नेता अजीत सिंह की अध्यक्षता में बैठक कर टोल टैक्स की वसूली के लिए राजमार्ग पर वाराणसी जनपद के बलरामगंज टिसौरा के पास बन रहे टोल प्लाजा के विरोध में हुंकार भरी सड़क नहीं तो टोल टैक्स नहीं।किसानों का कहना था कि जनपद से होकर गुजरने वाले राजमार्ग का 16 किमी तक निर्माण किए बगैर टोल टैक्स की वसूली क्यों की जाएंगी।पहले किसानों को मुआवजा देकर सड़क निर्माण किया जाय फिर टैक्स वसूली। किसान उचित मुआवजा लेने के लिए तैयार है लेकिन एनएचएआई द्वारा मुआवजे के प्रकरण को उच्च न्यायालय में ले जाकर किसानों को परेशान कर रही है।

किसानों का कहना था कि राष्ट्रीय राजमार्ग 233 के निर्माण के लिए 2012 में ही अवार्ड घोषित होने के बाद भी आज तक किसानों को मुआवजा एनएचएआई द्वारा नहीं दिया जा सका जिससे सड़क निर्माण कार्य 16 किमी तक बाधित है।किसानों के मुआवजे का प्रकरण एनएचएआई द्वारा उच्च न्यायालय ले जाने के कारण मामला विचाराधीन है।

केराकत तहसील के राजमार्ग के निर्माण से प्रभावित किसानों को मुआवजा दिए बगैर ही एनएचएआई द्वारा टोल टैक्स वसूली के लिए जनपद की सीमा के समीप वाराणसी जनपद के बलरामगंज टिसौरा में टोल प्लाजा बनाया जा रहा है जिसका किसान ने विरोध किया।बैठक में किसानों ने निर्णय लिया कि टोल टैक्स की वसूली के विरोध में लोगों को जागरूक करने के लिए पोस्टर व बैनर राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगाया जाएगा जिससे एनएचएआई की मनमानी लोगों को पता चल सके।बैठक का संचालन पूर्व प्रमुख जय प्रकाश राम ने की।बैठक में रामेश्वर सिंह,अरविंद पांडेय,राजेन्द्र सिंह,सतीश सिंह,वंशराज नाविक, राजेश सिंह, योगेंद्र दीक्षित, नंदलाल, श्याम वृक्ष, अरुण पांडेय,,जय प्रकाश पांडेय सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी द्वारा जिला महिला अस्पताल का निरीक्षण कर दिल ये गये दिशा निर्देश

उरई(जालौन) ।जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सुबह लगभग 9.15 बजे जिला अस्पताल महिला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ए0एन0एम0 शकुन्तला अनुपस्थित मिली, मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि उक्त चिकित्सकों का स्पष्टीकरण लिया जाये, साथ ही निर्देशित किया कि सभी चिकित्सक नियमित मरीजों के उपचार हेतु अपने-अपने कक्ष में बैठेगे। उन्होने सर्वप्रथम पर्ची काउण्टर पर पहुंचकर लाईन में लगे मरीजों से संवाद किया, पर्ची काउण्टर पर सिक्योरिटी गार्ड अब्दुल द्वारा पर्ची काटी जा रही थी जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये फटकार लगायी। उन्होने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि पर्ची काउण्टर पर संबंधित कार्मिक की ही तैनाती की जाये। टीकाकरण कक्ष में तैनात ए0एन0एम0 से पूछे जाने पर ए0एन0एम0 शकुन्तला के बचाव में झूठ बोला, जिस पर जिलाधिकारी ने उक्त ए0एन0एम0 को निलम्बित करने के निर्देश दिये।

# मरकजी कमेटी रजा ए मोहम्मद की जानिब से पत्रकारों समाज सेवकों तथा शिक्षकों को सम्मानित किया गया

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी/ रामनगर, नबी ए करीम सरकारें दो आलम मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम के पैदाइश के जश्न की खुशी में मुनक्कित किए गये जलसे में नगर में बेखौफ तथा ईमानदारी के साथ साफ सुथरी पत्रकारिता करने एवं समाज सेवा करने वाले नगर के सम्मानित एवं वरिष्ठ पत्रकार बली अहमद को रामनगर तथा बनारस के सम्मानित समाज सेवक परवेजअहमद कादरी शिवाली, हाफिज मोहम्मद शरीफ को, समाज सेवा तथा शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखने वाले आजाद एन एन कॉलेज के प्रिंसिपल सैयद इनाम रजा तथा नगर कांग्रेस के वरिष्ठ का तथा करमठ कार्यकर्ता एवं समाजसेवी विपिन सिंह सभी लोगों को कमेटी की तरफ से दुशाला देकर सम्मानित करने का कार्य किया गया।

सम्मानित करने वालों में कमेटी के अध्यक्ष कौशर अंसारी, सेक्रेटरी शमशाद खान, नायब सदर आलमगीर खान, गुड्डू अंसारी, रोजन अंसारी, सतनाम सिंह ,अयान शाह तथा अलीजान वगैरह मौजूद थे।

# जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जलसा मुनक्किद किया गया

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी/रामनगर में हर साल की तरह इस साल भी रजा ए मोहम्मद मरकजी सीरत कमेटी रामनगर की जानिब से जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जलसा किया गया जिसमें मकामी, बनारस तथा आसपास के शहरों से आयी अंजुमनों ने नबी ए करीम मोहम्मद सल्लल्लाहोअलैहे वसल्लम की शान में हर डाइस पर जा जाकर नाते नबी पढ़कर खुद को तथा सामयीन को भी मुनव्वर किया। और इनामात भी हासिल किया। कमेटी की जानिब से अंजुमने फिरदौसे अदब दाल मंडी



चाहमामा को प्रथम, अंजुमन इरफानिया पठानी टोला को द्वितीय तथा अंजुमन ए गुलामें वारिस नई सड़क को तीसरा स्थान देकर ईनामों से नवाजा गया।प्रोग्राम का संचालन मुख्तार अहमद हबीबी ने किया।इस मौके पर कमेटी की तरफ से नगर को झालर, लाइट से दुल्हन की तरह सजा दिया गया था। किले के पास से लेकर सब्जी मंडी, चौक, त्रिपोलियाङ्ग रामपुर तथा मच्छरहट्टा तक जगह-जगह पर जलसे में आने वाली अंजुमनों के लिए चाय, शरबत तथा खाने का लंगर वगैरह का इंतजाम किया गया था ।कमेटी के लोगों में सदर कौशर अंसारी, सेक्रेटरी शमशाद खान, नायब सदर आलमगीर खान, परवेज अहमद कादरी, फैयाज एडवोकेट, सलीम, नासिर, गुड्डू अंसारी, नईम अहमद कुरैशी, निजामुद्दीन वारसी, हामिद खान, वसीम खान, शकील खान, हाफिज शरीफ, असलम खान, सतनाम सिंह तथा विपिन सिंह वगैरह मौजूद रहे।

# प्रधान के ऊपर लगे गंभीर आरोप

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी :प्रधान सहित संबंधित अधिकारियों के खिलाफ शिकायत पर लोकायुक्त द्वारा हुआ जांच का आदेश, वाराणसी आयुक्त ने तीन सदस्यों की टीम गठित कर जांच कर वास्तविक स्थिति प्रस्तुत करने का दिया निर्देश, पिंडरा ग्राम सभा ओरांव वाराणसी के निवासी विवेक मिश्रा द्वारा गांव मे स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत निर्माण कराए गए शौचालय एवं नाला तथा सड़क निर्माण मे धांधली की शिकायत लोकायुक्त को किया था जिसमे उन्होंने प्रधान ( अनिल चौबे ) सहित संबंधित अधिकारियों की मिली भगत से निर्माण कार्यो मे भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था विवेक मिश्रा द्वारा यहां तक आरोप लगाया की कुछ कार्य सिर्फ कागजों पर हुए हैं न की जमीन पर,परिवादी विवेक मिश्रा को 12 अक्टूबर को स्थलीय निरीक्षण के समय अपना पक्ष रखने हेतु बुलाया गया

# पुलिस ने निभाई अपनी जिम्मेदारी

मिजार्पुर थाना चुनार अंतर्गत लावारिस मिली महिला व 02 वर्षीय बच्चे को



PRV1074 ने अपनी संरक्षा में लेकर परिजनों की तलाश कर घर तक पहुंचाया व सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द किया।

# रोटावेटर से सफाईकर्मी करा रहे सफाई

**समाज जागरण (जौनपुर)**

सिरकोनी, जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नेहरूनगर कैम्पस की साफ सफाई का काम ट्रैक्टर लगवाकर किया जा रहा है। ज्ञात हो कि उक्त कैम्पस में बरसात के बाद बड़े बड़े झाड़ झंखाड़ उग आये थे। सफाईकर्मियों को उसे साफ करने का आदेश था। सफाईकर्मी वहीं मौजूद रहे। उन लोगों ने ट्रैक्टर से रोटावेटर लगवाकर सफाई करवाया। किसी ने भी खुद सफाई करने की कोशिश नहीं किया। सफाईकर्मियों का व्यवहार व कार्य काफी गैरजिम्मेदाराना नजर आ रहा। ट्रैक्टर से रोटावेटर लगवाकर घास साफ करवाने से जमीन की मिट्टी ऊपर आ गयी। आखिर सफाईकर्मी क्यों ऐसा कर रहे हैं। उनकी मानसिकता क्या है। समझ से परे है। इस सम्बन्ध में खण्ड विकास अधिकारी अस्मिता सेन ने कहा कि यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं था। अभी ग्राम पंचायत अधिकारी से बात करके कार्यवाही करते हैं।

# चार छात्रों के खिलाफ केस

**वाराणसी समाज जागरण**

वाराणसी काशी हिंदू विश्वविद्यालय के सहायक सुरक्षा अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता की शिकायत पर लंका थाने में चार छात्रों के खिलाफ गाली गलौज मारपीट करने के धारा में मुकदमा दर्ज किया गया।पुलिस ने क्षितिज कुमार उपाध्याय श्वेतम उपाध्याय अभिषेक उपाध्याय दर्शित पांडे के खिलाफ दर्ज किया। 25 सितंबर से परीक्षा नियंत्रण कार्यालय पर धरना पर बैठे छात्र मंगलवार को एलडी गेस्ट हाउस में विश्वविद्यालय प्रशासन से वार्ता करने के लिए पहुंचे थे।जहां क्षितिज उपाध्याय और श्वेतम उपाध्याय द्वारा आरक्षधिकारी से दुर्व्यवहार किया. दर्शित पांडे वार्ता में सम्मिलित होने के लिए दरवाजे पर लात मारालात मारा।अभिषेक उपाध्याय ने परीक्षा नियंत्रण के साथ गाली गलौज किया।

# नाबालिक किशोरी का अपहरण, मुकदमा दर्ज

**वाराणसी समाज जागरण**

वाराणसी चोलापुर थानान्तर्गत चंदापुर चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी 14 वर्षीया नाबालिग पुत्री को बहला-फुसला कर अपहरण किए जाने का आरोप लगाते हुए एक युवक के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया। आरोप के अनुसार सारनाथ थाना क्षेत्र के फरीदपुर ग्राम निवासी गोरे पुत्र राजकुमार कुछ दिन से उनके पड़ोस में कार्य हेतु आता जाता था। किशोरी के पिता का आरोप है कि उनकी नाबालिग पुत्री को उक्त आरोपी बहला फुसलाकर अपने साथ अपहृत कर ले गया। आरोप के आधार पर चोलापुर पुलिस आरोपी गोरे पुत्र राजकुमार निवासी फरीदपुर थाना सारनाथ के विरुद्ध आईपीसी की धारा 363 व 366 के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी व अपहृता की तलाश में जुटी है।

# पंजाब सरकार ने 5 नगर निगमों में चुनाव कराने के लिए जारी की अधिसूचना

## राज्य चुनाव आयोग 15 नवम्बर से पहले कराएगा चुनाव

**अदिति गौड़, कार्यालय संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा**

चण्डीगढ़ ,अक्टूबरः पंजाब के 5 नगर निगमों में चुनाव करवाने को लेकर राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना जारी की गई है। अमृतसर, जालंधर, लुधियाना, पटियाला और फगवाड़ा में नगर निगम चुनाव होना है। अधिसूचना में 15 नवंबर से पहले इन पांचों नगर निगमों में चुनाव सम्पन्न कराने की बात कही गई है।

पंजाब के गवर्नर बनवारी लाल पुरोहित के आदेशों के बाद इन पांचों नगर निगमों में चुनाव की तैयारी का काम शुरू हो चुका है और इसी क्रम में पंजाब सरकार के स्थानीय निकाय विभाग ने चुनाव करनाने के बारे औपचारिक अधिसूचना के साथ राज्य चुनाव आयोग को सूचित कर दिया है। जिसके बाद अब राज्य चुनाव


आयोग द्वारा पांचों नगर निगमों में चुनाव को लेकर जल्द ही शेड्यूल जारी किया जाएगा।

# पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय

# हरियाणा में कच्चे कर्मचारियों का मामला सुर्खियों में, नियमित करने और वेतन- भत्ते के भुगतान की मांग

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़ अक्टूबरः हरियाणा के विभिन्न बोर्डों, निगमों और विभागों में लंबे समय से कार्यरत कच्चे कर्मचारियों के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। सेवा नियमित करने की मांग को लेकर इन कर्मचारियों की एक याचिका पर पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। अब इस मामले की अगली सुनवाई 31 अक्टूबर को होगी।

इस मामले में सुनवाई के दौरान हरियाणा के एडवोकेट जनरल बीआर महाजन ने हाई कोर्ट को बताया कि सरकार इस बारे में नीति बनाने का विचार कर रही है। पानीपत नगर निगम में एक दशक से भी ज्यादा समय से नौकरी कर रहे सफाई कर्मचारी कृष्ण लाल व अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए उन्हें नियमित करने की मांग की थी।

### समान वेतन व भत्तों का भुगतान नहीं

हाईकोर्ट में दायर याचिका में बताया गया कि इतनी लंबी सेवा देने के बावजूद अभी तक उन्हें नियमित नहीं किया गया है। अनुबंध आधार पर एक दशक से अधिक समय से सेवा देने से पूर्व वह पूरी तरह से कच्चे कर्मचारी के तौर पर काम कर रहे थे। उन्होंने नियमित कर्मचारियों की तरह सभी कार्यों को पूरा किया लेकिन इसके बावजूद भी उन्हें उनके समान वेतन व भत्तों का भुगतान नहीं किया जा रहा है।

### हाईकोर्ट से नियमित करने की मांग

याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट से अपील करते हुए कहा है कि उन्हें नियमित किया जाए और पक्के कर्मचारियों की तर्ज पर ही वेतन व भत्तों का भुगतान किया जाना चाहिए। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने पाया कि लगातार नियमित करने की मांग को लेकर दाखिल होने वाली याचिकाओं की संख्या का आंकड़ा बढ़ रहा हैं और ये लोग हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटा रहे हैं। ऐसे में हाईकोर्ट ने पिछली सुनवाई पर हरियाणा सरकार को आदेश दिया था कि कर्मचारियों के प्रति सहानुभूति रखते हुए सरकार इन्हें नियमित करने पर विचार करें। बता दें कि हरियाणा सरकार कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने के लिए पॉलिसी लेकर आई थी लेकिन हाईकोर्ट ने इसे रद्द कर दिया था। इसके खिलाफ हरियाणा सरकार की अपील फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है।

# सोनीपत की सनराइजर्स चप्पल कंपनी में लगी भीषण आग

**अदिति गौड़ कार्यालय संवाददाता**
***दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा**

चण्डीगढ़, 12अक्टूबरः हरियाणा के सोनीपत में आग का तांडव थम नहीं रहा है। अब सोनीपत के इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित एक चप्पल कंपनी में भीषण आग लग गई है। आग लगने के साथ काले धुएं का गुबार चारों तरफ फैला हुआ है। मौके पर हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंचीं फायर ब्रिगेड की आधा दर्जन से ज्यादा गाड़ियां आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहीं हैं। फायर ब्रिगेड के अलावा डायल 112 पुलिस और स्थानीय थाना पुलिस भी मौके पर मौजूद है। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने घटनास्थल के पास से लोगों और वाहनों को दूर कर दिया है। समाचार लिखे जाने तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौका पर नहीं पहुंची थी।

फिलहाल, चप्पल कंपनी में आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चला है। इसके साथ ही यह भी जानकारी नहीं मिल पाई है कि आग लगने के वक्त कितने कर्मी कंपनी में काम कर रहे थे और वो निकल पाये या नहीं? बताया जा रहा है कि, आग कंपनी के टॉप फ्लोर पर लगी है। चप्पल कंपनी का नाम सनराइज फुटवियर बताया जा रहा है।



### पिछले महीने ही दो फैक्ट्रियों में लगी थी आग

बता दें कि, पिछले महीने ही सोनीपत में बड़ी इंडस्ट्रियल एरिया फेज-2 स्थित दो फैक्ट्रियों में भयानक आग लग गई थी। दोनों फैक्ट्रियों में एक केमिकल फैक्ट्री थी और एक टेक्सटाइल। आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची थीं और कई घंटों की जद्दोजहद के साथ आग पर काबू पा जा सका था। दोनों फैक्ट्रियों में काम करने वाले कर्मचारियों ने समय रहते भागकर अपनी जान बचाई थी। इस आगजनी में करोड़ों के नुकसान हो गया था।

## पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय

# शिक्षा मामले में हरियाणा कांग्रेस के विधायक कुलदीप वत्स आए सवालों के घेरे में

**विनोद कश्यप**
**प्रभारी, दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा**

चण्डीगढ़,12 अक्टूबरः हरियाणा में कांग्रेस के एक और विधायक विवादों में आ गए हैं। हरियाणा के बादली से कांग्रेस पार्टी की टिकट से विधायक बने कुलदीप वत्स पर 2019 के विधानसभा चुनाव में नामांकन पत्र में गलत शैक्षणिक योग्यता बताने का आरोप लगा है। इसको लेकर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में एक याचिका भी दाखिल की गई है। हाईकोर्ट ने याचिका पर चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जबाब मांगा है।

हाईकोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि कोई झूठा या गलत हलफनामा दाखिल करता है तो उसके खिलाफ छह महीने की जेल और जुमार्ने का प्रावधान है।

### 2014 में अलग लगाई शैक्षणिक योग्यता

सिरसा के नरेश कुमार ने पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि 2014 के विधानसभा चुनाव में वत्स ने शैक्षणिक



योग्यता का उल्लेख सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय झज्जर से 12वीं कक्षा पास करने का किया है। लेकिन 2019 में उन्होंने चुनाव लड़ने के दौरान अपनी जो शैक्षणिक योग्यता बताई, उसमें हरियाणा बोर्ड से खुद को मैट्रिक पास बताया।

याचिका में वत्स की विधानसभा सदस्यता रद्द करने की मांग की गई है, साथ ही विधायक रहते उन्होंने जो पैसा लिया है, उसको ब्याज सहित वसूलने की मांग की गई है।

# विवाहिता और 2 बच्चों की माँ बच्चे और परिवार को छोड़ 20 हजार रुपये घर से चोरी करके हुई फरार

**कैलाश वर्मा**
**संवाददाता दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा**

रोहतक, अक्टूबरः रोहतक के एक गाँव की विवाहिता दो बच्चे भी हैं।



बच्चों और परिवार को छोड़ कर घर से फरार हो गई। यही नहीं महिला अपने साथ 20 हजार रूपए की रकम भी ले गई। अभी तक महिला का कोई सुराग नहीं लगा है। इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार रोहतक के एक गांव एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी शादी लगभग पांच साल पहले हुई थी। उसकी पत्नी रोहतक के किसी गांव की रहने वाली है। शादी के बाद उनके 2 बच्चे भी हैं जिनमे बड़ा बेटा छोटी बेटी है । उसका कहना है कि रोजाना की तरह 10 सितंबर को भी वह सुबह काम पर गया था। इसी दौरान घर पर उसकी पत्नी, उसकी मां और दोनों बच्चे थे।

10 सितम्बर को ही उसकी पत्नी घर से कही चली गई। वह घर के किसी भी सदस्य को कुछ भी बता कर नहीं गई। यही नहीं वह घर से 20 हजार कैश भी ले गई। जब उसे इसका पता लगा तो उसने अपनी पत्नी को तलाशने का प्रयास किया। लेकिन कहीं पर कोई सुराग नहीं लगा।

# स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से रोटरी क्लब ने मनाया विश्व नेत्रदान व विश्व दृष्टि दिवस

**कैलाश वर्मा**
**संवाददाता, दैनिक समाज जागरण हरियाणा**

रोहतक, अक्टूबरः हरियाणा के रोहतक में रोटरी क्लब रोहतक सफाय एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा शैक्षिक संस्थानों के सहयोग से विश्व नेत्रदान विश्व दृष्टि दिवस मनाया गया । इसमें शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर श्री दिनेश शर्मा पूर्व के नेत्र अधिकारी सामान्य अस्पताल रोहतक की अगवाई में रोटरी क्लब के सदस्यों के साथ शहर के प्रमुख स्थानो जैसे अंबेडकर चौक ,चौधरी रणबीर सिंह ओपीडी पोस्टमार्टम हाउस मेडिकल कॉलेज रोहतक , मेडिकल मोड ,भिवानी सटेड ,दुर्गा भवन मंदिर आदि पर नुकड सभा के आयोजन कर दृष्टि की सुरक्षा बारे जानकारी दी गई एवं पंपलेट बांटे गए सभी जगह फ्लेक्स लगाए गए एवं नेत्रदान के बारे में भी लोगों को जागृत किया।

मेडिकल कॉलेज रणवीर सिंह ओपीडी में ओपीडी में डॉक्टर सुमित सचदेवा सीनियर प्रोफेसर ने रिबन काटकर फ्लेक्स का लोकार्पण किया। अध्यक्षता डॉ अनिल बिरला ने की कार्यक्रम में डॉक्टर कुलदीप इंचार्ज पोस्टमार्टम पोस्टमार्टम हाउस, डॉ सूरजभान राजीव बेरीवाल, दीपक जिंदल ,नरेश जैन सिटी केबल वाले, संजय पारीक ,जगत सिंह गिल, अश्विनी वशिष्ठ, प्रमोद नांदल फामेर्सी ऑफिसर ,निखिल वशिष्ठ ने सहयोग दिया। नेत्र अधिकारी ने बताया कि आगे भी दृष्टि की सुरक्षा के हेतु जागरूकता कार्यक्रम जारी रहेंगे।

### बिचौलिया के माध्यम से आया पकड़ में

# भ्रष्टाचार विरोधी दस्ता की गिरफ्तारी में आज आया एक आईएएस अफसर

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चंडीगढ़, 12 अक्टूबरः हरियाणा में भ्रष्टाचार विरोधी दस्ते की ओर से भ्रष्टाचार और रिश्वत लेने के आरोप में आज फिर एक और आईएएस अफसर को गिरफ्तार कर लिया है। यह आईएएस अधिकारी हैं हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक जयवीर आर्य । प्रबंध निदेशक को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक आईएएस जयवीर आर्य की यह गिरफ्तारी पंचकूला से एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने की है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार जयवीर आर्य को 5 लाख की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया है। उन्हें आज कोर्ट में पेश किया



जा सकता है। बताया जा रहा है कि जयवीर आर्य ने 5 लाख रुपये रिश्वत मांगी थी।भ्रष्टाचार विरोधी दस्ते ने मौके से 3 लाख रुपये बरामद किए हैं ।

### क्या है मामला

दरअसल, हरियाणा वेयर हाउसिंग की महिला डीएम (जिला प्रबंधक) को नजदीक के जिले में पोस्टिंग देने के नाम पर पांच लाख रुपये मांगे गए थे। तीन लाख रुपये में सौदा तय हुआ। भ्रष्टाचार विरोधी दस्ता करनाल की टीम ने इस प्रकरण में पहले एक बिचौलिए को गिरफ्तार किया। फिर आरोपी ने पूछताछ में बताया कि यह पैसा अन्य अधिकारियों के माध्यम से प्रबंध निदेशक जयवीर सिंह आर्य के पास जाना है।` दलाल के माध्यम से महिला अधिकारी को दूर के जिलों में ट्रांसफर करने का भय दिखाया गया था । महिला अधिकारी ने पति ने करनाल भ्रष्टाचार विरोधी दस्ता के पुलिस अधीक्षक राजेश फोगाट से संपर्क किया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर इंस्पेक्टर सचिन कुमार की अगुवाई में टीम तैयार की गई और फिर मौका पर यह गिरफ्तारी हुई।

आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन
समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है।
मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।। 1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक साइज 3X5 Cm

# हरियाणा में कांग्रेस संगठन को खड़ा करने में समय लम्बा खिंचने का मुख्य कारण धड़ेबंदी

## लगाम कसे बिना संगठन खड़ा करना हो सकता है मुश्किल

**विनोद कश्यप**
**प्रभारी, दैनिक समाज जागरण, पंजाब हरियाणा**

चण्डीगढ़, 12अक्टूबरः हरियाणा प्रदेश कांग्रेस की जड़ों को खोखला करने के लिए पार्टी के ही कुछ नेता जुटे हुए हैं। इन नेताओं के कारण ही लगभग डेढ़ दशक से हरियाणा में संगठन तैयार नहीं हो रहा है। ऐसा हरियाणा की राजनीति के विश्लेषकों ने स्पष्ट किया है।

उनका कहना है कि हरियाणा में कांग्रेस पार्टी की नींव को खोखला करने की मुख्य वजह गुटबाजी मानी जाती है। वर्ष 2014 में प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की पराजय के मुख्य कारणों में इस मामले को भी जिम्मेदार ठहराया गया था।

इतना जरूर है कि तब केवल एक महारथी को नीचा दिखाने के लिए अलग- अलग बन गुट बने थे और सबको अपनी- अपनी चिंता थी। विधायकों की बड़ी संख्या इस धुरंधर के पक्ष में थी। वही ऐसा कारण रहा कि तत्कालीन बड़े नेताओं के हाथों में आती- आती मुख्यमंत्री की कुर्सी पर दिल्ली से आए एक ऐसे कांग्रेसी नेता ने इस पद पर कब्जा कर लिया जिसने कभी देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री को पटखनी देकर कांग्रेस उच्च कमॉन को हरियाणा में अपनी राजनीतिक ताकत का अहसास कराया । उक्त नेता के विरोधी ऊंची उड़ान भरने को तब उत्सुक जरूर देखे गए। पर,पार किसी की नहीं पड़ी। वो इसलिए नहीं पड़ी की उस महारथी की विधायक सेना का मुकाबला करना इन विरोधियों के बस की बात ही नहीं थी। अपनी राजनीतिक प्यास को बुझाने और मतलब साधने के लिए उस जमात में शामिल होकर कुछेक ने अपनी इच्छाओं की कुछ हद तक पूर्ति भी की। उक्त नेता ने राजनीति में अपनी महारत के कारण दूसरी बार फिर मुख्यमंत्री का पद हथिया लिया।

उस दौर के निकलने के कुछ समय बाद विरोधियों ने अपने- अपने लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकताओं को जोड़ने की बजाय अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सामने अनेकों बार महारथी विरोधी बिगुल भी बजाया। पर कांग्रेस हाई कमान ने होठ सी लिए।तब तक चुप्पी साधे रखी जब तक महारथी ने हाई कमान का सत्ताधारी पार्टी के



विरोध में प्रदेश कांग्रेस के सभी नेताओं को उनका साथ देने की अपील नहीं की। इस दौरान पार्टी हाई कमॉन पर विश्वास जमाकर प्रदेश में अध्यक्ष पद पर भी अपने ही नेता को बिठाने में कामयाब रहे। कांग्रेस हाई कमान ने अपील पर गहनता से विचार करने के बाद ही ऐसा कदम उठाया। उच्च कमॉन ने इससे पहले विरोधी धड़ों को एकजुट होकर काम करने के लिए भी कहा । पर एक- दो बैठक में उस धुरंधर के विरोधियों ने अपने तेवर दिखा कर जताया कि वो अब उनके पीछे नहीं चल सकते। बैठकों में विरोध करने वालों ने उस सूरत में एकजुट होकर धुरंधर को टक्कर देने के लिए हर हथकंडा भी अपनाया।उधर पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की नियुक्ति हुई।

बताया जाता है कि उसके बाद हरियाणा में पार्टी प्रभारी की नियुक्ति में भी इसी धुरंधर की सलाह ली गई थी और यह निर्णय लिया गया। विरोधियों की तमन्नाओं पर पानी फिरता रहा और वो हाईकमान की नजरों से धुरंधर को दूर करने के लिए किसी न किसी प्रकार का दॉव खेलते रहे। लेकिन, इस धुरंधर के विरोध में अंगीठी पर चढायी दाल अब तक नहीं गली और उसके गलने की संभावना बहुत कम हो गई हैं पर दाल चढ़ाने के बाद उसे पकाने और लपालप डकारने का फामूर्ला इसलिए नहीं जानते कि उन्हें ऐसी नीति किसी पुराने पुरोधा ने ही नहीं सिखाई। अंगीठी में आग जले और दाल कब पकेगी इसका उन्हें ज्ञान नहीं।

हरियाणा की राजनीति पर यह बात एकदम फिट साबित हो रही है।

हरियाणा की राजनीति के विश्लेषकों का मत है कि अगर प्रदेश में कांग्रेस के हाथ मजबूत करने हैं तो इन धड़ों का एकजुट होना बहुत जरूरी है। अन्यथा हरियाणा में कांग्रेस पार्टी ऐसे धरातल तले भी पहुँच सकती है जहाँ से भविष्य में उसके उठने की संभावना क्षीण होकर रह जाएगी। तब तक ऊंचे ख्वाब पालने वाले समंदर की गहराईयों भी पहुँच सकते हैं। हरियाणा की राजनीति के पुरोधा कहे जा रहे उक्त नेता के विरोधियों ने बड़ी संख्या में तब मंत्रिमंडल में शामिल होने के लिए अनेकों दांवपेंच खेलकर मंत्री बनने की अपनी तमन्नाओं को पूरा भी किया।

हरियाणा में पार्टी के संगठन की घोषणा से पूर्व कांग्रेस हाई कमान की ओर से हरियाणा के भिन्न भिन्न क्षेत्रों में पहुँचे ऑब्जर्वर्स के सामने प्रदेश कांग्रेस की गुटबाजी ने जो रौद्र रूप धारण किया उसकी चर्चा दूर -दूर तक फैलने से अनुमान हुआ कि लम्बे अंतराल के बाद अब भी हरियाणा में कांग्रेस संगठन का गठन नामुमकिन है।

हरियाणा कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया ने 2 दिन पूर्व आब्जर्वर्स की सलाह पर जो सूची बनाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे को सौंपी। उसमें मंडलम और सेक्टर की रचना की तैयारी की बात सुनने में आई है। दीपक बाबरिया का यह भी सुझाव है कि संगठन सूची को अंतिम रूप से घोषित करने से पूर्व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी हरियाणा में अपने 30 समन्वयक भेजकर वास्तविकता का पता लगाए कि कहाँ पर किस का कितना प्रभाव है।

विश्वस्त सूत्र बताते हैं कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे ने दीपक बाबरिया और केसी वेणुगोपाल की सलाह के अनुसार हरियाणा के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों कांग्रेसी नेताओं का प्रभाव देखने और पार्टी कार्यकताओं की नब्ज टटोलने के लिए 30 समन्वयकों को हरियाणा के दौरे पर भेजा है।

बुधवार को फतेहाबाद के दौरे पर कांग्रेस उच्च कमॉन की ओर से स्थिति का जायजा लेने आए ऑब्जर्वर कुलदीप बाछल के सामने गुटबाजी से साफ जाहिर है कि झारखण्ड में पार्टी उच्च कमॉन की ओर से बनाई गई कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा के गुट का संगठन की सूची में विश्वास ही नहीं है और इस धड़े के नेता व कार्यकताओं की इच्छा अपनी लीडर कुमारी सैलजा को प्रदेश कांग्रेस में सबसे ऊपर रखने की है। ऐसा बैठक में सैलजा के समर्थकों ने स्पष्ट कर भी दिया है।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा की ओर से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर 4 उपमुख्यमंत्री बनाये जाने की बात को कुमारी सैलजा द्वारा सरेआम नकारना प्रमाणित करता है कि विधानसभा चुनाव में पार्टी को सरकार बनाने का अवसर मिला तो वो किसी भी मामले में भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के खिलाफ आवाज बुलंद करने में पीछे नहीं हटेंगी। भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के कथन पर चर्चा में सैलजा ने कहा कि कांग्रेस में 4 डिप्टी सीएम बनाने का कोई फामूर्ला ही नहीं है।यह घोषणा करने वाले बताएं कि वो फामूर्ला कब बना और इसकी घोषणा किसने की थी, क्योंकि वो तब स्वयं प्रदेशाध्यक्ष थी और उनके अध्यक्ष रहते ऐसा कोई फैसला नहीं किया गया था। विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में कुमारी सैलजा को कांग्रेस की सरकार बनने पर मुख्यमंत्री बनाये की बात भी बड़े जोरशोर से कही जा रही है। इधर सैलजा गुट के विधायक शमशेर सिंह गोगी ने भी पूर्व मुख्यमंत्री की बात की काट में कहा कि हुड्डा का ऐसा ऐलान पार्टी का फैसला न होकर उनका अपना राजनीतिक बयान है। इलैक्शन और पार्टी को सरकार बनाने का अवसर मिलने पर ही आलाकमान कोई फैसला लेगी। वैसे कांग्रेस की ओर से इस बार राहुल गाँधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम पर वोट मांगेंगे।

# बुश कटर की संख्या बड़ने से अब प्रत्येक वार्ड में सफाई व्यवस्था होगी और दुरुस्त।

## नगर निगम के बेड़े में शामिल हुए 10 नए बुश कटर।

**मेनपाल संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

पंचकूला, अक्टूबरः पंचकूला नगर निगम के बेड़े में 10 नए बुश कटर शामिल होने से अब शहर की सफाई व्यवस्था और अच्छे से हो सकेगी। इन 10 बुश कटर को निगम ने करीब 5 लाख रुपए की लागत से खरीदा है। नए 10 बुश कटर को मिलाकर अब निगम के पास कुल 25 बुश कटर हो गए हैं। बुधवार को महापौर श्री कुलभूषण गोयल ने इन नए 10 बुश कटर को इंजीनियरिंग विंग के हवाले कर दिया। इस दौरान निगम आयुक्त आईएएस श्री सचिन गुप्ता भी मोजूद रहे। महापौर ने कहा कि बुश कटर की संख्या बड़ने से अब प्रत्येक वार्ड में घास की कटाई और बेहतर हो सकेगी, जिससे सफाई की व्यवस्था भी बनी रहेगी। महापौर ने बताया कि नगर निगम के पास पहले 24 बुश कटर थे जिसमें से 15 बुश कटर ठीक चल रहे थे और 9 खराब थे। इसलिए अब 10 बुश कटर नगर निगम ने और खरीद लिए हैं।

महापौर ने बताया कि हॉर्टिकल्चर कमेटी की मीटिंग में और साथ ही पिछली हाउस मीटिंग में भी पास किया गया था कि पंचकूला के हर वार्ड में एक-एक बुश कटर और माली दिए जाएंगे, ताकि हर वार्ड का माली अपने वार्ड को ठीक से रख सके। उन्होंने बताया कि सभी वार्ड में एक-एक बुश कटर और माली दिया जायेगा जोकि नियमित रूप से अपने-अपने वार्ड में काम करेंगे और साथ ही बाकी 5 बचे बुश कटर को इमरजेंसी के तौर पर इस्तेमाल किया जाए ताकि यदि किसी वार्ड से कोई शिकायत आए तो वहां पर उस बुश कटर को इस्तेमाल में लाया जा सके। उन्होंने बताया कि इन 10 बुश कटर को निगम ने जैम पोर्टल से खरीदा है। उन्होंने कहा कि शहर में जहां-जहां भी फालतू घास उगी हुई है वहां से वेस्ट (घास)को इन बुश कटर से काटने में मदद मिलेगी और पूरे हॉर्टिकल्चर का कायाकल्प हो जायेगा। महापौर ने बताया कि हॉर्टिकल्चर के लिए आज ट्रैक्टर ट्रॉली का टेंडर भी खुल गया है और इसमें तीन पार्टियों ने पार्टिसिपेट किया। उन्होंने बताया कि आज या कल तक ट्रैक्टर ट्राली का टेंडर अलॉट कर दिया जाएगा, जिससे हर वार्ड में एक-एक ट्रैक्टर ट्राली दे दी जाएगी ताकि शहर में जितना भी हॉर्टिकल्चर वेस्ट पड़ा है वो रोज उठाया जा सके और शहर को हॉर्टिकल्चर वेस्ट की समस्या से निजात मिल सके।

निगम के बेड़े में 10 नए बुश कटर शामिल होने पर निगम आयुक्त आईएएस श्री सचिन गुप्ता ने कहा कि उन्होंने निगम के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को समय सीमा और निष्ठा से काम करने के स्पष्ट निर्देश दिए हुए है। उन्होंने कहा कि निगम के बेड़े में 10 नए बुश कटर आने से उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही पंचकूला में जो फालतू घास जगह जगह उगी हुई है उसे समय रहते बुश कटर की सहायता से काटा जा सकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी अपने-अपने वार्ड में साफ-सफाई बनाए रखे और हॉर्टिकल्चर वेस्ट का उठान समय रहते सुनिश्चित करें। इस दौरान उप निगम आयुक्त अपूर्व चौधरी,पार्षद जय कौशिक, सुनीत सिंगला, अक्षयदीप चौधरी, एक्सईएन प्रमोद कुमार, एसडीओ अजय गौतम, सीएसआई अविनाश सिंगला, एपीओ मुनीश गुप्ता, पुनीत बंसल मोजूद रहे।

## बसों को तरस रहा पंचकूला का बस अड्डा:हरकेश शर्मा

## नेताओं ने यहां के लोगों को राजनीतिक रूप से ठगा, शाम पांच बजे के बाद बस अड्डे पर लग जाता है कर्फ्यू

**मेनपाल संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण**

पंचकूला,अक्टूबर* हरियाणा की मिनी राजधानी के रूप में पहचान बनाने वाला पंचकूला आज भी विकास के लिए तरस रहा है। यहां हुए विकास में सरकार से अधिक योगदान निजी कंपनियों तथा बिल्डरों का है वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरकेश शर्मा ने हलके का दौरा करने के बाद कहा कि वह एक-एक करके हलके के लोगों की समस्याओं को उठाएंगे। हरकेश शर्मा ने कहा कि पिछले नौ वर्षों के दौरान खट्टर व दुष्यंत की जोड़ी यहां के लोगों को परिवहन सुविधा प्रदान करने में बुरी तरह से फेल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि पंचकूला में सभी विभागों के दफ्तरों का मुख्यालय चल रहा है। इसके बावजूद रेवाड़ी, नारनौल, गुरुग्राम, पलवल, नूंह, पानीपत, सोनीपत, झज्जर आदि जिलों से आने वाले लोगों को या तो पंजाब के जीरकपुर में उतरना पड़ता है या फिर चंडीगढ़ बस अड्डे से दूसरी बस बदलकर यहां आना पड़ता है। पंचकूला ने उक्त शहरों के लिए नियमित व सीधी बस सेवा आजतक शुरू नहीं हो सकी है। पंचकूला बस अड्डे पर छात्रों से बातचीत करने के बाद कांग्रेसी नेता ने बताया कि एक तरफ मनोहर सरकार छात्राओं के लिए मुफ्त बस सेवा और विद्यार्थियों के लिए पास सुविधा जारी करने का दावा कर रही है लेकिन दूसरी तरफ हालात यह हैं कि जिन स्कूल व कालेजों के विद्यार्थियों ने बस पास बनवा रखे हैं उन्हें बसों में चढ़ाया ही नहीं जाता है। विद्यार्थी आए दिन बसों के पीछे दौड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि शाम पांच बजे के बाद पंचकूला का बस अड्डा सूना हो जाता है। यात्रियों को बस लेने के लिए निजी वाहनों से जीरकपुर की तरफ भागना पड़ता है। हरकेश शर्मा ने कहा कि इस समस्या के समाधान हेतु वह जल्द ही इलाके लोगों को एकत्र करके एक महापंचायत का आयोजन करेंगे।

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मेयर बैठक में की घोषणा

## नगर निगमों के मेयर व डिप्टी मेयर को प्रशासनिक शक्तियों के तहत दिया गया अढ़ाई करोड़ की बजाय 10 करोड़ का दिया अधिकार

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़ ,12अक्टूबरः हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज हरियाणा निवास में राज्य के नगर निगमों के मेयरों व सीनियर डिप्टी मेयरों की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौराने शहरी स्थानीय निकाय मंत्री, डॉ. कमल गुप्ता भी उपस्थित रहे। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शहरों की छोटी सरकार के लिए सत्ता का विकेन्द्रीकरण करने की कड़ी में आज एक ओर पहल करते हुए नगर निगमों के मेयर को जेई सहित ग्रुप सी और डी के कर्मचारियों को सस्पेंड करने के लिए अधिकृत किया है। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने बैठक में मेयरों की प्रशासनिक स्वीकृति को 2.50 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये करने की घोषणा भी की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेयर एक बड़े क्षेत्र का चुना हुआ प्रतिनिधि होता है। हमारी सरकार ने पिछले 9 वर्षों में पंचायती राज संस्थानों के लिए भी सत्ता का विकेन्द्रीकरण कर कई प्रकार के अधिकार दिए हैं। उ न्होंने कहा कि पहले की सरकारों में सत्ता का केन्द्रीकरण होता था, जबकि हमने सत्ता का विकेंद्रीकरण किया है। उन्होंने कहा कि कल की कैबिनेट बैठक में शहरों के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

उनके क्रियान्वयन में मेयरों और पार्षदों की बड़ी भूमिका होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे लोगों को इस बारे में जागरूक करें ताकि मॉडल टाउन जैसी पुरानी कॉलोनियों में चल रही शॉपिंग मॉल जैसी गतिविधियों को कानूनी रूप में नियमित करवा जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय वित्त आयोग तथा राज्य वित्त आयोग की तरफ से नगर निगमों को तीसरी तिमाही का लगभग 600-700 करोड़ रुपये आवंटित किया जाना है। मेयर अपने क्षेत्र के विकास कार्यों का अनुमान तैयार करें और शीघ्र ही इसे सरकार को भिजवाएं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में सरकार द्वारा 404 कॉलोनियां नियमित की गई हैं, जिनमें से 151 कॉलोनियां नगर निगमों के अंतर्गत आती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगमों का दायरा बढ़ने से कई गांव इसमें शामिल हुए हैं तथा इन गांवों में लाल डोरे के दायरे से बाहर कई कॉलोनियां बन गई हैं, जिसमें कृषि भूमि भी शामिल है और इस पर नगर निगमों द्वारा
लगभग 4 करोड़ रुपये का सम्पति कर लगाया है, जिसे लौटाना होगा क्योंकि कृषि भूमि पर किसी प्रकार का सम्पति कर नहीं लगाया जा सकता। सरकार द्वारा इन कॉलोनियों का सर्वे करवाया जाएगा ताकि वहां की सम्पतियों का भी क्रय व विक्रय हो सके। उन्होंने कहा कि शहरों में प्रॉपर्टी आई.डी. बनाना एक जटिल प्रक्रिया थी परंतु सरकार द्वारा वह भी पूरी कर ली गई है। इसके लिए एक एस.ओ.पी. तैयार की जा रही है, जिसकी एक प्रति आपको भी भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम आयुक्त व मेयर में सामंजस्य होना चाहिए ताकि विकास कार्यों में कोई बाधा न आए।

## पत्रकारों की पेंशन 15000 मासिक करने की घोषणा सराहनीय है : राजेश

### पत्रकार उत्थान मंच ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का जताया आभार



हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) हरियाणा पत्रकार उत्थान मंच के महासचिव एवं वरिष्ठ पत्रकार राजेश सलूजा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा पत्रकारों की पेंशन ₹15000 मासिक करने की घोषणा का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया है। राजेश सलूजा ने मुख्यमंत्री से यह भी मांग की की पत्रकारों की पेंशन की उम्र में आयु सीमा को भी 60 वर्ष की बजाय 55 वर्ष करनी चाहिए। सलूजा ने कहा कि एक पत्रकार के लिए 60 वर्ष की पेंशन उम्र की शर्त ज्यादा है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि ₹15000 मासिक पेंशन की घोषणा कर मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को एक तोहफा दिया है। राजेश सलूजा ने मुख्यमंत्री से यह भी मांग की की किसी भी मान्यता प्राप्त प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के काम करने वाले पत्रकार को आसान पक्रिया के माध्यम से मान्यता प्राप्त पत्रकारों की श्रेणी में लिया जाए। उन्होंने कहा कि आज के दौर में पत्रकारिता करना काफी मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को इतनी चुनौतियों के बावजूद मेहनताना के रूप में कोई अच्छा खासा वेतन नहीं मिलता कि वह अपने परिवार का भरण पोषण अच्छे ढंग से कर सके। पत्रकार उत्थान मंच के महासचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल समय-समय पर पत्रकारों के लिए कुछ ना कुछ नई घोषणा करते रहते हैं जिनका पत्रकार उत्थान मंच उनका आभार व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल को पत्रकारों के लिए और भी कई योजनाएं लागू करनी चाहिए जिससे कि पत्रकार अपने आप को आर्थिक रूप से कमजोर महसूस न कर सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल का पत्रकार उत्थान मंच की ओर से मांग करते हैं कि पत्रकारों की आर्थिक हालात को देखते हुए उनके हितों के लिए कोई ऐसी कल्याणकारी योजनाएं चलाईं जिससे कि मान्यता प्राप्त पत्रकारों के साथ-साथ उन पत्रकारों को भी लाभ मिल सके जो काफी वर्षों से प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े हुए हैं लेकिन किसी कारणवश वे मान्यता प्राप्त पत्रकारों की श्रेणी में नहीं आए हैं। ऐसे में उनके कार्य के अनुभव देखते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल को भी उनके लिए कोई योजनाएं लागू करनी चाहिए। सलूजा ने आशा व्यक्त की की मुख्यमंत्री मनोहर लाल पत्रकार उत्थान मंच की मांग पर विचार विमर्श करेंगे और प्रदेश के पत्रकारों को और भी कई योजनाओं के रूप में तोहफा देंगे।

### गायत्री ज्ञान मंदिर का ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत में 396वाँ युगऋषि ऋषि वाङ्मय की स्थापना

**"पितृपक्ष में पूर्वजों की सच्ची श्रद्धांजली ज्ञानदान है।"………उमानंद शर्मा।**

गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत ह्यह्यडीबीएस मान्टेसरी स्कूल पिकनिक स्पॉट रोड, जराहारा लखनऊह्लह्ल के पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 396वाँ ऋषि वांड़मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकर्त्री श्रीमती मधु अग्रवाल ने अपने सम्मानित पूर्वजों की स्मृति में भेंट किया।

**श्रीमती अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों को अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की।**

इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ह्यपितृपक्ष में पूर्वजों की सच्ची श्रद्धांजली ज्ञानदान है, श्री वी.के. श्रीवास्तव, संस्थान की प्रधानाचार्या श्रीमती प्रतिभा सिंह ने भी अपने विचार रखे तथा संस्था की एजूकेशन एडवाइजर श्रीमती तहरीन कैसर ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया।

इस अवसर पर उमानंद शर्मा, वी.के. श्रीवास्तव, देवेन्द्र सिंह संस्थान के प्रबन्धक डी.बी. चौहान, प्रधानाचार्या श्रीमती प्रतिभा सिंह, कोर्डिनेटर प्रियंका सिंह, एजूकेशन एडवाइज, श्रीमती तहरीन, श्रीमती सारिका श्रीवास्तव, शिक्षक/शिक्षिकायें सहित छात्र-छात्रायें, मौजूद थे।

## हरियाणा में अब मेयर कर सकेंगे ग्रुप सी और डी के कर्मचारियों को निलंबित

### आठ शहरों में चलेंगी इलेक्ट्रिकल एयर कंडिशन्ड सिटी बस सेवा

चंडीगढ़(संदीप शर्मा)- हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने शहरों की छोटी सरकार के लिए सत्ता का विकेन्द्रीकरण करने की कड़ी में आज एक ओर पहल करते हुए नगर निगमों के मेयर को जे.ई. सहित ग्रुप सी और डी के कर्मचारियों को सस्पेंड करने के लिए अधिकृत किया है। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने बैठक में मेयरों की प्रशासनिक स्वीकृति को 2.50 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये करने की घोषणा भी की।

मुख्यमंत्री ने आज यहां हरियाणा निवास में राज्य के नगर निगमों के मेयरों व सीनियर डिप्टी मेयरों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर शहरी स्थानीय निकाय मंत्री, डॉ० कमल गुप्ता भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेयर एक बड़े क्षेत्र का चुना हुआ प्रतिनिधि होता है। हमारी सरकार ने पिछले 9 वर्षों में पंचायती राज संस्थानों के लिए भी सत्ता का विकेन्द्रीकरण कर कई प्रकार के अधिकार दिए हैं। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में सत्ता का केन्द्रीकरण होता था, जबकि हमने सत्ता का विकेंद्रीकरण किया है। उन्होंने कहा कि कल की कैबिनेट बैठक में शहरों के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। उनके क्रियान्वयन में मेयरों और पार्षदों की बड़ी भूमिका होगी। मुख्यमंत्री ने कहा



कि वे लोगों को इस बारे में जागरूक करें ताकि मॉडल टाउन जैसी पुरानी कॉलोनियों में चल रही शॉपिंग मॉल जैसी गतिविधियों को कानूनी रूप में नियमित करवा जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय वित्त आयोग तथा राज्य वित्त आयोग की तरफ से नगर निगमों को तीसरी तिमाही का लगभग 600-700 करोड़ रुपये आवंटित किया जाना है। मेयर अपने क्षेत्र के विकास कार्यों का अनुमान तैयार करें और शीघ्र ही इसे सरकार को भिजवाएं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में सरकार द्वारा 404 कॉलोनियां नियमित की गई हैं, जिनमें से 151 कॉलोनियां नगर निगमों के अंतर्गत आती हैं।

**निगमों को कृषि भूमि पर लगाए गए सम्पति कर को लौटाना होगा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगमों का दायरा बढ़ने से कई गांव इसमें शामिल हुए हैं तथा इन गांवों में लाल डोरे के दायरे से बाहर कई कॉलोनियां बन गई हैं, जिसमें कृषि भूमि भी शामिल है और इस पर नगर निगमों द्वारा लगभग 4 करोड़ रुपये का सम्पति कर लगाया है, जिसे लौटाना होगा क्योंकि कृषि भूमि पर किसी प्रकार का सम्पति कर नहीं लगाया जा सकता। सरकार द्वारा इन कॉलोनियों का सर्वे करवाया जाएगा ताकि वहां की सम्पतियों का भी क्रय व विक्रय हो सके।

उन्होंने कहा कि शहरों में प्रॉपर्टी आई.डी. बनाना एक जटिल प्रक्रिया थी परंतु सरकार द्वारा वह भी पूरी कर ली गई है। इसके लिए एक एस.ओ.पी. तैयार की जा रही है, जिसकी एक प्रति आपको भी भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम आयुक्त व मेयर में सामंजस्य होना चाहिए ताकि विकास कार्यों में कोई बाधा न आए।

बैठक में शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अलावा पुलिस, परिवहन, स्वास्थ्य, नागरिक संसाधन सूचना, शिक्षा विभाग के अधिकारियों भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर परिवहन विभाग के प्रधान सचिव, श्री नवदीप सिंह विर्क ने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि रेवाड़ी के अलावा सात नगर निगमों में इलेक्ट्रिकल एयर कंडिशन्ड सिटी बस सेवा आरंभ की जाएगी। इसके लिए अलग से 3 एकड़ में नये बस स्टैंड का निर्माण करवाया जाएगा, जिसमें चार्जिंग स्टेशन भी होगा और इस पर 115 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे। इन बसों के संचालन के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से भर्ती की जाएगी। पुलिस महानिदेशक, श्री शत्रुजीत कपूर ने इस अवसर पर कहा कि पुलिस विभाग ट्रैफिक लाइट सीसीटीवी कैमरा, कानून व्यवस्था तथा ऑटो संचालन को नियंत्रित करने की योजना पर कार्य कर रही है। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव, श्री वी.उमाशंकर, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव, श्री विकास गुप्ता, गृह विभाग के विशेष सचिव, श्री महावीर कौशिक, एडीजीपी, श्री ममता सिंह के अलावा विभागों के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## अवैध रेत भण्डारणकताओं के विरुद्ध खनिज नियम के तहत प्रकरण दर्ज

शहडोल 12 अक्टूबर 2023- जिले के ब्यौहारी क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बुडवा एवं आसपास के क्षेत्र में रेत के अवैध उत्खनन की प्राप्त ड्ट शिकायतों की जाँच हेतु कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य के आदेश के पालन में खनि अधिकारी श्री देबेन्द्र पटले निदेर्शानुसार दिनांक 07.10.2023 को संयुक्त रूप से खनिज, राजस्व, पुलिस अमले के द्वारा आमजन से प्राप्त शिकायतों के आधार



पर तहसील ब्यौहारी के ग्राम बुडवा, सथनी एवं जनकपुर के कुल 08 अलग अलग जगहों पर रेत के अवैध भण्डारण को मौके से जप्त कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों को सुपुर्दगी में दिया गया था । राजस्य अभिलेखों एवं मौके पर उपस्थित लोगों के कथन अनुसार, अवैध रेत भण्डारित स्थल के भूमि स्वामियों रामकिशोर खैरवार, पन्नालाल गुप्ता, द्वारिका शर्मा, सुन्दर सिंह गहरवार, अभिषेक तिवारी, रामदयाल तिवारी, कृष्णकुमार, शिवकुमार है, जिनकी भूमि पर पुष्पेन्द्र तिवारी, कामता यादव, रिन्कू पाण्डेय, अवैध भण्डारण किया गया । अवैध रेत भण्डारण किये जाने के फलस्वरूप भूमि स्वामियों / अवैध भण्डारणकताओं के विरुद्ध खनिज नियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। अवैध रूप से जप्त शुदा खनिज रेत की चोरी होने की लगातार शिकायत प्राप्त होने पर कलेक्टर श्रीमती चन्दना वैद्य के आदेशनुसार दिनांक 12.10.2023 को राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग के अमले के द्वारा अवैध रूप से जप्त भण्डारित खनिज रेत को सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न वाहनों के माध्यम से स्थानीय रोड़ ठेकेदार ब्यौहारी के यहाँ सुरक्षित रखवाया जा रहा है।

आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन

## पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर की अध्यक्षता में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की साप्ताहिक बैठक आयोजित

### प्रथम चरण में 147 पुलिसकर्मियों की सूची प्राप्त, अलग-अलग बैच में प्रशिक्षण करवाते हुए दिलवाई जाएगी नौकरी

चंडीगढ़(संदीप शर्मा)- हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने वरिष्ठ अधिकारियों की साप्ताहिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए पुलिस विभाग द्वारा प्राथमिकता क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान विभाग द्वारा किए जा रहे कई अन्य महत्वपूर्ण, पुलिसकर्मियों के कल्याण को लेकर कार्यों की बिंदुवार चर्चा हुई। बैठक में पुलिसकर्मियों के बच्चों को रोजगार दिलवाने तथा प्रशिक्षण आदि को लेकर रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। बैठक में आधुनिकीकरण एवं कल्याण विंग के एआईजी वेलफेयर राजीव देशवाल ने बताया कि पुलिस कर्मियों के बेरोजगार बच्चों को प्रशिक्षण देने तथा रोजगार दिलवाने के लिए प्रथम चरण में 147 पुलिसकर्मियों के बच्चों की सूची तैयार की गई है। इन सभी युवाओं का उनकी रुचि के अनुरूप कौशल विकास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इनका प्रशिक्षण अलग-अलग बैच बनाते हुए शुरू किया जा रहा है। ड्राइविंग के लिए रोहतक तथा हिसार में बच्चों की 10-10 के बैच में ट्रेनिंग शुरू की गई है ।

इसी प्रकार, सिक्योरिटी गार्ड के लिए भोंडसी में 15 अक्टूबर से प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करवाया जाएगा । बैठक में बताया गया कि इन सभी युवाओं की उनकी शैक्षणिक योग्यता तथा रुचि के आधार पर ट्रेनिंग करवाई जा रही है। इसी प्रकार, युवाओं की ट्रेनिंग करवाने के लिए बैंक के अधिकारियों के साथ विस्तृत कार्य योजना बनाते हुए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि इन सभी युवाओं को नौकरी दिलवाने के लिए सीएसआर के तहत भी कंपनियों से टाइ - अप किया जा रहा है । कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिलाने के लिए हारट्रोन संस्था के साथ मिलकर योजना तैयार की गई है, जहां युवाओं का अलग-अलग बैच में प्रशिक्षण कराया जाएगा।

श्री कपूर ने बताया कि चतुर्थ श्रेणी, अनुबंध आधार तथा पार्ट टाइम नौकरी करने वाले पुलिसकर्मियों के बच्चों के प्रशिक्षण का सारा खर्च पुलिस विभाग द्वारा वहन किया जाएगा जबकि अन्य बच्चों के प्रशिक्षण के लिए उनसे नाम मात्र की दर पर राशि चार्ज की जाएगी। उन्होंने बताया कि यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने उपरांत पुलिस विभाग द्वारा इन बच्चों की नौकरी भी लगवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि 50 वर्ष से अधिक आयु के पुलिसकर्मियों के बच्चों को भी उनकी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर नौकरी दिलवाई जाएगी ताकि उनका मनोबल बढ़े। बैठक में महिला पुलिसकर्मियों के वेलफेयर को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में डीआईजी महिला सुरक्षा नाजनीन भसीन ने बताया कि जिन महिला पुलिसकर्मियों के बच्चे छोटे हैं उनके लिए जिलों के महिला पुलिस थानों में क्रेच खोले गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में इस प्रकार के 33 क्रेच खोले गए हैं जहां पर महिला पुलिसकर्मियों के बच्चों की देखभाल के लिए स्टाफ नियुक्त किया गया है। भविष्य में स्थिति का आकलन करने उपरांत महिलाओं के हित मे आगे की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

बैठक में एडीजीपी सीआईडी आलोक मित्तल, एडीजीपी साइबर ओ पी सिंह, एडीजीपी आधुनिकीकरण एवं कल्याण आलोक कुमार राय, एडीजीपी लॉ एंड ऑर्डर ममता सिंह, एडीजीपी एडमिन कला रामचंद्रन , एडीजीपी क्राइम अजय सिंघल, एडीजीपी आईटी अर्शिनदर चावला, आईजी आईटी अमिताभ ढिल्लों, आईजी एडमिन संजय सिंह, एआईजी प्रोविजनिंग कमलदीप गोयल, एआईजी वेलफेयर राजीव देशवाल सहित कई अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## हरियाणा सरकार अपराध को रोकने में पूरी तरह विफल सिद्ध हुई है- बजरंग गर्ग

## हरियाणा में अपराधी भय मुक्त होकर खुलेआम अपराध कर रहे हैं- बजरंग गर्ग

**हिसार / दिनेश महता**

सच मोबाइल गैलरी पर 5 दिन पहले अपराधियों द्वारा दुकान का शटर काटकर लाखों रुपए के मोबाइल चोरी करने के विरोध में व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद करके हड़ताल करके जोरदार धरना प्रदर्शन हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व कान्फेड के पूर्व चेयरमैन शबजरंग गर्ग की अध्यक्षता में किया। इस अवसर पर भारी संख्या में व्यापारियों ने भाग। इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित व्यापारी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि बड़े अफसोस से कहना पड़ रहा है कि जिस दिन हिसार में देश के उपराष्ट्रपति आए हुए थे उसी दिन अपराधियों ने सैटर तोड़कर लाखों रुपए के मोबाइल चोरी करना सरकार की सफलता का जीता जागता सबूत है जबकि चोरी वाले दिन उपराष्ट्रपति के आगमन पर पूरे हरियाणा की पुलिस फोर्स हिसार में मौजूद थी उसके बावजूद भी सुबह 5:00 बजे सैटर तोड़कर लाखों रुपए के मोबाइल की डकैती होने की जितनी निंदा की जाए थोड़ी है। बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा में हर रोज चोरी, लूटपाट, फिरोती व हत्याओं की वारदातों से प्रदेश के व्यापारी में आम जनता में भय का माहौल है। हरियाणा सरकार अपराध को रोकने में पूरी तरह विफल सिद्ध हुई है। आज हरियाणा अपराध के मामले में पूरे देश में अव्वल स्थान पर है, जिसका मुख्य कारण हरियाणा में लगातार बेरोजगारी व नशा का बढ़ना है। सरकार को अपराध पर अंकुश लगाने के लिए कठोर से कठोर कदम उठाने चाहिए। आज हरियाणा में अपराधी खुलेआम घूम रहे है और मुख्यमंत्री आंख मूंदकर यह सब तमाशा देख रहे हैं। श्री गर्ग ने कहा कि हर अपराधी का पूरा बायोडाटा चौकी-थानों में मौजूद है। पुलिस को चाहिए कि अपराधी अपराध करे उससे पहले ही अपराधियों को पकड़ कर जेल में भेजने का काम करना चाहिए। जिस प्रकार 2005-06 में पुलिस प्रशासन ने अपराधियों को चीरा लगाने का काम किया था। उसी प्रकार मौजूदा सरकार को अपराधियों के चीरा लगाने की जरूरत है। ताकि पुलिस प्रशासन का अपराधियों पर खौफ बना रहे। बजरंग गर्ग ने कहा कि आज का बंद व धरना ऐतिहासिक रहा। अगर सच मोबाइल गैलरी पर चोरी करने वाले अपराधियों को तुरंत पकड़ कर पुलिस प्रशासन माल की बरामदगी करे। धरने पर डीएसपी सतपाल ने अपराधियों को जल्द पकड़ने के लिए समय मांगा और व्यापार मंडल ने निर्णय लिया कि 15 अक्टूबर रविवार को सुबह 11:00 बजे अग्रसेन भवन में मीटिंग करके अगले संघर्ष की रूपरेखा तैयार करेंगे।

इस अवसर पर पीड़ित व्यापारी मुकेश गेरा व पंकज गेरा, मोबाइल एसोसिएशन के प्रधान अशोक कुमार, मोबाइल एसोसिएशन से नितिन आहूजा, विवेक जैन, अमित सिंगला, जितेंद्र गोयल, विकास बजाज, विकी नारंग, जगदीश, नारंग, भीम अग्रवाल, अरुण, मुकेश अग्रवाल, मोहित, संजीव बत्रा, मोहित कोहली, पंकज कुमार, विनोद प्रधान, व्यापार मंडल प्रदेश उप प्रधान रमेश रायल, राजगुरु मार्केट ऑगेर्नाइजेशन के प्रधान अक्षय मलिक, संरक्षक सुरेंद्र सोनी, महासचिव अजय सैनी, उप प्रधान शिवकुमार सैनी, आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता मनोज राठी, गुलजार सिंह काहलो, राजगुरु मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन प्रधान सुरेंद्र बजाज, पूर्व प्रधान महेश चौधरी व गौतम नारंग, बरवाला विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी भूपेंद्र गंगवा, पार्षद पंकज दीवान, अमित ग्रोवर व जगमोहन मित्तल, पार्षद प्रतिनिधि सुशील शर्मा, हिसार संघर्ष समिति प्रधान जितेंद्र श्योराण, व्यापार मंडल शहरी युवा प्रधान मंगल ढालिया, कार बाजार एसोसिएशन प्रधान बिट्टू सोनी, रेलवे रोड एसोसिएशन प्रधान रामकुमार सैनी,सेक्टर 9-11 एसोसिएशन प्रधान प्रवीण जैन, इनेलो प्रवक्ता अनु सुरा, सुभाष मार्केट प्रधान अशोक मग्गू, कटला रामलीला के पूर्व प्रधान सज्जन गुप्ता, डोगरा मोहल्ला एसोसिएशन प्रधान प्रदीप शर्मा, मांगेराम रालवासिया, अश्विनी शर्मा, संजग प्रधान सतपाल अग्रवाल, अग्रोहा धाम निर्माण समिति संयोजक ऋषि राज गर्ग, अग्रोहा धाम वैश्य

## लड़कियां पढ़ाई से लेकर खेल तक हर क्षेत्र में गाड़ रही झंडा : अर्चना भारद्वाज



हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) अर्चना भारद्वाज ने नागरिकों को विश्व बालिका दिवस की बधाई दी है। उन्होंने कहा कि बेटियों को आगे बढ़ने का मौका दें। उन्होंने कहा कि अगर बेटा अंश है तो बेटी वंश है। अगर बेटा आन है तो बेटी शान है।इन दोनों में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बेटियों को आगे बढ़ने का मौका देने के लिए हरियाणा सरकार ने विभिन्न योजनाएं चला रखी हैं। इन योजनाओं का मकसद है कि हर बेटी को पढ़ने लिखने व आगे बढ़ने का समान अवसर मिले। साथ ही सरकार लगातार नागरिकों को लिंगानुपात के प्रति सेंसिटिव भी कर रही है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लाडली पेंशन योजना के तहत अब लाभार्थी को 2750 रूपए प्रति माह दिए जाते हैं। इसी प्रकार आपकी बेटी हमारी बेटी योजना के तहत बच्ची के जन्म पर 21 हजार रूपए की आर्थिक सहायता भी दी जाती है। यह राशि सरकार की तरफ से एलआईसी में जमा कराई जाती है। उन्होने कहा कि बेटियों को पढ़ाई में किसी प्रकार का व्यवधान ना आए इसके लिए हरियाणा सरकार ने स्त्रातक तक सभी कॉलजों में लड़कियों की फीस माफ की हुई है। इसके अलावा शिक्षण संस्थानों तक पहंचाने के लिए लड़कियों को फ्री यातायात सुविधा भी दी जाती है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया है कि वे लड़का व लड़की में किसी प्रकार का भेदभाव ना करें। दोनों को समान अवसर दिए जाएं। उन्होंने कहा कि लड़कियां आज पढ़ाई से लेकर खेल तक हर क्षेत्र में झंडे गाड़ रही है। यह हमारे लिए गौरवान्वित करने वाला पल है। उन्होने कहा कि सरकार के साथ-साथ समाज भी बेटियों को आगे बढ़ने का अधिक से अधिक अवसर दे। साथ ही उनकी सफलता पर उन्हें प्रोत्साहित भी करें।

# आरएनएम कॉलेज में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया।

## राष्ट्रीय ध्वज को सलामी राष्ट्रीय गान,पंच प्रण शपथ दिलाया गया।

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)12अक्टूबर 2023:-जिले के हंटरगंज प्रखंड स्थित आरएनएम डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा गुरुवार को महाविद्यालय के प्रांगण में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया।यह आयोजन भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय तथा विनोबा भावे विश्वविद्यालय के एनएसएस यूनिट के आदेशानुसार मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित की गई।इस कार्यक्रम में एनएसएस के वॉलंटियर और महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने अपने अपने घरों से मिट्टी लाकर कलश में एकत्रित किए।इस मौके पर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते हुए राष्ट्रीय गान हर्षोल्लास के साथ गाया गया।पंच प्रण शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह ने देश की आजादी में क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानियों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाविद्यालय में स्थापित बाबू राम नारायण सिंह की मूर्ति इस बात को दरसाता है कि इस क्षेत्र के लिए





ही नहीं बल्कि राष्ट्र स्तर पर ख्याति प्राप्त किए और शिक्षा के कार्य से ही जाते समय सड़क हादसा में उनकी जीवन लीला समाप्त हो गई।उन्होंने आगे कहा कि आज देश हित में प्रण लेने की जरूरत है तभी राष्ट्र विकास करेगा।इस दौरान स्वयंसेवकों,छात्र छात्राओं,कॉलेज के शिक्षक- शिक्षिकाओं के द्वारा घर से लाए गए एक मुट्ठी मिट्टी को कलश में डाला गया। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह एवं कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. फहीम अहमद ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्र छात्राओं में देश प्रेम का भाव उत्पन करना है।ऐसे कार्यक्रमों से कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिलती है। साथ ही हमसबों में देश व राष्ट्रप्रेम का भाव जागृत होता है। पम्मी कुमारी,नेहा प्रवीण,हसनैन मनीष यादव और शुभम कुमार के द्वारा तैयार किए गए कलश की खुब सराहना की गई। इस दौरान उत्सव का माहौल दिखा।साथ ही अमृत कलशा की शोभा देखते ही बन रहा था।

# सहिया सहिया साथी और प्रशिक्षक संघ के धरना को समर्थन देने झारखंड राज्य विद्यालय रसोईया संघ

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

सहिया सहिया साथी और प्रशिक्षक संघ का धरना सिविल सर्जन कार्यालय प्रांगण में गुरुवार को भी जारी रहा पूर्व विधायक अरूप चटर्जी नेतृत्व कर रहे हैं।झारखंड राज्य विद्यालय रसोईया संघ ने आकर अपना समर्थन दिया। संध के जिला पदाधिकारी एम प्रसाद ने कहा कि इनकी मांग जायज है विभाग को समस्या का समाधान करना होगा।जल्द हमलोग सिविल सर्जन से मिलेंगे।सहिया और सहिया साथी ने आरोप लगाया कि विभाग के कुछ अधिकारी के कारण उनका मामला लटका हुआ है सिविल सर्जन से वार्ता हुआ लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। सहिया साथी का नियुक्ति संबंधी लेटर आने के बाद भी उसको अटका दिया गया अब बताया गया कि फाइल रांची में है कोषांग पदाधिकारी के पास वहां से आएगा तो ज्वाइनिंग होगा ।इन लोगों का कहना है कि जब तक हमारी सीट




नहीं आती ज्वाइन नहीं होता तब तक लड़ाई जारी रहेगा ग्रामीण और शहरी का भेदभाव पर विभाग अपने रोटी सेंक रही। कॉविड-19 का पैसा नहीं दिया जा रहा है। 2 वर्ष का पैसा बकाया है।प्रबंधन और विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इन लोगों का यह भी कहना था कि जब सारा क्षेत्र अर्बन हो गया है तो वहां ग्रामीण क्षेत्र की सहिया साथी कैसे कम कर रही है। मौके पर रेखा भट्ट, सुनीता देवी कविता देवी, राखी देवी,मधुमति सिंह, रूपा सिंहा बबीता देवी,किरन देवी, यमुना मेहता ममता मंजरी आदि थे।

# आदित्यपुर जियाडा भवन में सरायकेला एसपी का कैम्प कार्यालय गुरुवार से फिर से एक्टिव हो गया है.

**दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक ,ब्यूरो चीफ ,सराइकेला झारखण्ड12 अक्टूबर 2023**

लंबे अरसे बाद शुरू हुए कैम्प कार्यालय में पहले दिन फरियादियों की संख्या कम रही. एसपी डॉ विमल कुमार ने बताया कि अगले हफ्ते से नियमित रूप से यहां अपराह्न 12:00 बजे से लेकर 2:00 बजे तक लोगों से मिलेंगे. जरूरत के अनुसार समय बढ़ भी सकता है. उन्होंने कहा किसी कारणवश यदि गुरुवार को वे उपस्थित नहीं हो सकेंगे तो शनिवार को उपलब्ध रहेंगे. हालांकि गुरुवार को फरियादी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं. एसपी ने बताया कि जिला मुख्यालय से दूरी होने के कारण लोग अपनी समस्याओं को उन तक लेकर नहीं पहुंच पाते हैं इस वजह से इस कैम्प कार्यालय को फिर से एक्टिवेट किया गया है. वहीं दुर्गा पूजा को लेकर एसपी ने जिला पुलिस की तैयारियों के सम्बंध में बताया कि जिला पुलिस पूजा के दौरान हर अपराधियों पर पैनी नजर रखेगी. जेल से छूटे अपराधियों की पूरी सूची सम्बंधित थानों को दे दी गयी है. जरूरत पड़ने पर उन्हें जिलाबदर भी किया जाएगा. संदिग्ध लोगों के खिलाफ 107 लगाने का निर्देश दिया गया है. पूजा पंडालों के आसपास जाम की स्थिति न बने ट्रैफिक पुलिस की इसको लेकर



विशेष रूप से निर्देश दिया गया है. जिला स्तर पर कंट्रोल रूम को एक्टिव कर दिया गया है. पूजा कमेटियों को अपने वोलेंटियर के जरिए विधि- व्यवस्था में पुलिस का सहयोग करने का निर्देश दिया गया है. संबंधित थानों के साथ समन्वय बनाकर उत्सव को सफल बनाने को कहा गया है. पूजा के दौरान अतिरिक्त पुलिस के साथ क्यूआरटी को भी तैनात किया जाएगा. सभी पूजा कमेटियों को पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी लगाने का निर्देश दिया गया है. रफ ड्राइविंग के खिलाफ आज से ही ट्रैफिक पुलिस को जुमार्ना वसूलने का निर्देश दिया गया है.

**ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री किसी कीमत पर स्वीकार्य नहीं: एसपी**

एसपी डॉ विमल कुमार ने साफ शब्दों में कहा है कि जिले में कहीं भी ब्राउन शुगर के कारोबार को पनपने नहीं दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि ब्राउन शुगर नस्ल को बर्बाद कर रहा है इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. यदि कहीं से भी इसकी शिकायत मिलती है वहां के थानेदार नपे जाएंगे. इसके अलावा अवैध शराब के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जाएगा. उन्होंने कहा कि जिले में इसको लेकर विशेष टास्क फोर्स गठित की गई है जो अपना काम कर रही है.

# सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया स्थित जगन्नाथपुर नव ज्योति विद्या मंदिर में बाल सांसद का चुनाव संपन्न हुआ.

**दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक ,ब्युरो चीफ सराइकेला (झारखंड) 12अक्टूबर 2023**

इस दौरान चुनाव के लिए अलग-अलग पदो के लिए 60 बच्चों का चयन किया गया जिसमे से चुनाव प्रक्रिया को पार कर 10 बच्चे विजयी हुए. असेंबली में सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा प्रधानध्यापिका के समक्ष शपथ ग्रहण किया. यह चुनाव मूल रूप से बच्चों में नेतृत्व



की गुणवत्ता पैदा करने और भारत की लोकतांत्रिक सरकार के बारे में जानने के लिए आयोजित किया जाता है. मौके पर स्कूल के सचिव डॉ संजीव श्रीवास्तव, प्रधानध्यापिका अनामिका श्रीवास्तव, शिक्षक वन्दना, पिंकी, विजयलक्ष्मी, अनिशा, अर्चना, काजल, रंजू, शिवानी, विनीता समेत अन्य छात्र मौजूद रहे.

# जंगली हाथियों के झूंड ने नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांव में आतंक बने हुई है: बन विभाग रहे मौन।

**शशि भूषण महतो,दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)**

चांडिल :अनुमंडल क्षेत्र के नीमडीह प्रखण्ड अन्तर्गत जंगली हाथियों के झुंड ने तिल्ला पंचायत के अधीन कुशपुतल, तिल्ला, चीगड़ापाड़कीडीह पंचायत जुगीलोग, हुंडरू पाथरडीह आदि गांव में हाथी की झुंड ने धान के खड़ी फसल दूध भरी धान की खेत को नष्ट किया। जिसमें गरीब किसान चिंतित हैं। दुर्भाग्य हे की नीमडीह थाना क्षेत्र के चिड़का पाड़कीडीह पंचायत के विभिन्न गांव में अवैध रूप से।संचालन हो रहा हे ,दर्जनों देशी महुआ शराब की भाटी चुलाई होने के कारण जंगली हाथियों की झुंड द्वारा इस क्षेत्र में देशी शराब बनाने की मादक पदाथ खा कर मस्त रहते हे और घर ओर खेत में लगे विभिन्न प्रकार की फसल को अपना निवाला बनाते हे। ओर मस्त होकर उत्पात मचाते हे। जिसे ग्रामीणों जंगली हाथियों की झुंड से भयावित रहने लगा ।साम ढलते ही जंगली हाथियों की झुंड देशी भाटी में मादक प्रदाथ खाने के बाद गांव में प्रवेश कर जाते ओर मनुष्य को देखते ही जान लेवा हमला कर देते हे।ग्रामीणों का कहना हे नीमडीह प्रखण्ड क्षेत्र में अवैध रूप से देशी शराब भाटी का संचालक होता है, जिसके कारण हाथियों का झुंड इस क्षेत्र से दूसरी जंगल की तरफ नही जाते हे। हुंडरू पथारडीह के ग्राम प्रधान सुर्यनारायण सिह, जुगीलोंग के मधुगोप, कुशपुतल निवासी शक्ति पद महतो आदि किसानों कोई एकड़ जमीन में लगे दूध भरी खड़ी धान की फसल को नष्ट किया। ग्रामीणों में प्रकाश महतो, सानंद गोप,सुसेन गोप ने संयुक्त रूप से बताया गया इस क्षेत्र में देशी शराब का संचालन होने से हाथियों की झुंड घूम घूम कर पहुंचते हे और मादक प्रदाथ खाने से मस्त रहता है। जिसे ग्रामीण वालों हाथी से परेशान हैं। रातों में लोगों का नींद हराम हो जाता है।रात्रि पहरा देने पर मजबूर हे चांडिल बन क्षेत्र पदाधिकारी को ग्रामीण सूचना देने के बावजूद वन विभाग द्वारा।हाथी भागने के लिए कोई ठोस।कदम नहीं उठाया गया । जिसे ग्रामीण जिला मद उत्पाद विभाग और वन विभाग के प्रति नाराजगी देखा गया ।

# 17 अक्तूबर 2023 को मणी बाबू की 29वाँ शहीद दिवस पर शहीद मणींद्र नाथ मंडल चौक, धनबाद पर लगें आदमकद प्रतिमा का होगा आनावरण,

## झारखण्ड के माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन एवं झारखण्ड विधान सभा अध्यक्ष श्री रवींद्र नाथ महतो करेंगे अनावरण, झारखण्ड वासी देंगे भावपूर्ण श्रधांजलि।

**दैनिक समाज जागरण राजेंद्र प्रसाद मिश्रा ब्यूरो चीफ उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल धनबाद झारखंड**

झारखण्ड आंदोलनकारी वीर शहीद मणींद्र नाथ मंडल जी का परिचय।

शहीद मणींद्र नाथ मंडल
कदकाठी- 5 फिट 9 इंच
पिता- स्व. लंबोदर मंडल
माता- स्व. बालिका मंडल
पत्नी- श्रीमती रेखा मंडल
पुत्र- श्री सत्यजीत मंडल उर्फ ददन मंडल
पुत्री- श्रीमती टूमपा मंडल
गाँव- कोचाकुल्ही, सराईढ़ेला, धनबाद।
जन्म-17-08-1949.
मृत्यु-17-10-1994.

स्व. कामरेड अरुण कुमार राय, स्व. बिनोद बिहारी महतो एवं श्री शिबू सोरेन के साथ मिलकर करते रहे झारखण्ड आंदोलन। उनके 29वाँ शहादत दिवस पर झारखण्ड वासी देंगे भावपूर्ण श्रधांजलि । शहीद मणींद्र नाथ मंडल जी झारखण्ड अलग राज्य आंदोलनकारी एवं सभी समाज के अग्रणी नेता थे। मणीं बाबू गरीब, शोषित, पीड़ित, लाचार, असहाय मजदूर, दबे कुचलें लोगों के आवाज बनकर हर कदम, हर परिस्थिति में साथ खड़े रहने वाले मसीहा थे। साथ ही उन्होंने विस्थापितों के हक लिए लड़ाई लड़ी, उनको उनका हक दिलाया। झारखण्ड सूंड़ी समाज कल्याण समिति के संस्थापक बन दहेज विरोधी आंदोलन भी चलाया। भले वो आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनका विचार एवं उनका क्रांतिकारी संवाद, हम सभी को हमेशा प्रेरित करते रहेंगे।आज शहीद मणींद्र नाथ मंडल जैसे वीर शहीदों के वजह से अलग झारखण्ड राज्य का सपना पूरा हो पाया हैं। वे सदैव किसान मजदूरों के हक अधिकार की लड़ाई लड़ते रहे। बीसीसीएल, ईसीएल, सीसीएल में मजदूरों की आवाज बने। एक समय ऐसा भी आया जब उन्होंने संघर्षो पर चलकर एक ही दिन में करीबन 700 लोगो को रोजगार दिलवाले। इनका नाम से धनबाद हवाईअड्डा से पहले शहीद मणींद्र नाथ मंडल चौक, धनबाद स्थापित है। जहां समाजसेवी एवं मंडल के समाज युवा नेता गौतम कुमार मंडल के नेतृत्व में मंडल समाज एवं अन्य समाजसेवियों के आर्थिक सहयोग से 7 फिट की शहीद मणींद्र नाथ मंडल जी की अदामकद स्मारक (प्रतिमा) जिसे कुल 3 लाख (3,00,000) की लागत से मूर्तिकार अर्जुन राम पाल से बनवाया गया हैं। शहीद मणींद्र नाथ मंडल चौक धनबाद में गौतम कुमार मंडल के नेतृत्व में शहीद मणींद्र नाथ मंडल जी के प्रतिमा मंडल समाज के युवा बांधुवों एवं अन्य समाज के बुद्धिजीवी लोगो के द्वारा तिथि- 30-07-2023 को स्थापित किया गया। जिनका अनावरण 17 अक्तूबर 2023 को झारखण्ड के माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी एवं झारखण्ड विधानसभा अध्यक्ष श्री रवींद्र नाथ महतो जी के हाथो से होगा। झारखण्ड मंडल समाज (सूड़ी समाज) एवं पूरे झारखण्ड के गौरव ओर हम सभी के जेस्ट-श्रेष्ठ वरिष्ठ, बुद्धिजीवी, समाजसेवी, आदर्श सह हमारे समाज के धरोहर क्रांतिकारी आंदोलकारी स्वर्गीय शहीद मणींद्र नाथ मंडल जी आज भी हम सभी युवा दिलो के धड़कन ओर कण-कण में बसे है ओर हमेशा-हमेशा बसे रहेंगे हमारे मणीं बाबू। अनंत अपार अविनाशी सदैव सर्वदा वीर शहीद मणींद्रनाथ मंडल जी गौतम कुमार मंडल- धनबाद जिला सचिव- झारखण्ड सूंड़ी समाज कल्याण समिति, धनबाद, झारखण्ड।



# बुजुर्गो की सेवा सम्मान कर दी नजरूल हक को 7 वीं वर्ष पर श्रद्धांजलि

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता धनबाद ( झारखंड):- 12 अक्टूबर 2023:**

जिले के टुंडी प्रखंड अंतर्गत कटनिया पंचायत के आसन डाबर स्थित लालमनी वृद्धाश्रम में गुरुवार को आजसू पार्टी
धनबाद के वरीय एवम
पूर्व जिला सचिव मरहूम नजरूल हक को सातवीं वर्ष पर लालमणि वृद्धाश्रम में आजसू पार्टी एवं उनके परिवार के सदस्यों द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर मरहूम नजरूल को श्रद्धांजलि दी । वहां पर रह रहे बुजुर्गों को अनाज, फल, मिठाई का वितरण किया तथा रोजमर्रा की खाद्य वस्तुएं प्रदान की। बुजुर्गो ने उपस्थित लोगो को तहे दिल से शुक्रिया अदा किया। मौके पर श्रद्धांजलि सभा में आश्रम के अध्यक्ष नोशाद गद्दी, एमटीएनएल



न्यूज के निर्देशक मोहिन रजा, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य रतिलाल महतो, नगर अध्यक्ष जित्तू पासवान, जिला सचिव अमर पास्वान, महानगर उपाध्यक्ष संतोष पास्वान, मोहम्मद ताजुद्दीन सिद्दीकी, राकेश दुबे, मो. सरफराज, मो. मासूम, कमरुद्दीन सिद्दीकी, सद्दाम सिद्दीकी, गुड्डु कुमार यादव, गुड्डु खान, अशोक गुप्ता, इस्माइल अंसारी,फैयाज आलम, मोहम्मद साजिद, जशिम आलम, खातिब खान, मोहम्मद सलाउद्दीन, अब्दुल हन्नान, मोहम्मद शमी अख्तर आदि शामिल थे।

# शहर के वरिष्ठ डॉ नित्यानंद मंडल ने सिविल सर्जन को भेजा वकालतन नोटिस।

**दैनिक समाज जागरण, आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ**

चतरा (झारखंड) 12 अक्टूबर 2023 : शहर के वरिष्ठ डॉ नित्यानंद मंडल के चिकित्सीय संस्थान को फर्जी बताए जाने के बाद डॉ नित्यानंद मंडल ने चतरा के सिविल सर्जन डॉ जगदीश प्रसाद को वकालतन नोटिस भेजा है। वकालतन नोटिस में डॉ नित्यानंद मंडल के अधिवक्ता विनोद कुमार पाठक ने सिविल सर्जन से यह पुछा है कि 6 अक्टूबर को उनके मोवकिल सिविल सर्जन कार्यालय में पहुंचे। जिनका क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट का फाइल स्वीकृति के लिए दो माह से लंबित था। जिसे स्वीकृत करने का आग्रह करने पर आपके द्वारा धमकी भरे लहजे में कहा गया कि कल मैं आपके क्लीनिक में छापामारी करने आ रहा हूं। 7 अक्टूबर को शाम करीब 3:00 बजे ब्लूमी अल्ट्रासाउंड एवं केंद्र में आकर मशीन एवं रजिस्टर का समुचित जांच करने के



उपरांत सार्वजनिक तौर पर अबशब्दों का प्रयोग करते हुए उपस्थित अनेक लोगों के समक्ष अपमानित किया गया। आपने बोला कि फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट के आधार पर क्लीनिक चलाते हैं। गलत डिग्री का इस्तेमाल करते हुए सभी को उल्लू बनाते हैं। इसके बाद अखबार में में फर्जी होने का बयान दिया गया। जिसे पढ़कर उनके मोवकिल हतप्रभ हो गए। 30 वर्षों तक सरकारी सेवा देने के बाद मेरे मोवकिल की छवि एवं प्रतिष्ठा धूमिल करने का प्रयास किया गया है। सिविल सर्जन डॉ जगदीश प्रसाद से इस मामले में एक सप्ताह के अंदर इसका जवाब मांगा गया है। अन्यथा मोवकिल के पद, प्रतिष्ठा एवं स्वाभिमान के हनन के विरुद्ध में मानहानि का मुकदमा करने की बात कही गई है।

# कुकड़ू : सीसी गांव में मनरेगा योजना चढ़ा भ्रष्टचार की भेंट, मशीन से कराया गया काम

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह (झारखंड), 12 अक्टूबर : भारत सरकार ने राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 के तहत देश के गरीब मजदूरों को एक सौ दिन का रोजगार मुहैया कराने के लिए मनरेगा योजना का शुभारंभ किया गया था। भारत सरकार एवं राज्य सरकार गरीबों के हित में बड़े ही अच्छे स्लोगन के साथ रोजगार मुहैया कराने के लिए धरातल में योजनाएं लाती है परंतु देखा जाए तो गरीब मजदूरों को योजना का लाभ सही तरीके से नहीं मिल पाता है। सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत कुकडू प्रखंड के कुकडू पंचायत के सीसी गांव में मनरेगा योजना द्वारा संचालित टीसीबी का निर्माण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। यहां के जनप्रतिनिधि एवं विकास पदाधिकारी भ्रष्टचारियों के साथ मिलकर गरीबों के हक और अधिकार को लूटने में बैठे हैं। कहा कि गांव के गरीब मजदूर काम के अभाव में पलायन करने के लिए विवश है और इधर सरकारी बाबू



सीसी गांव में मनरेगा योजना के तहत टीसीबी योजना का निर्माण में गरीबों के रोजगार न देकर जेसीबी मशीन द्वारा निर्माण कार्य को कराया गया। योजना के कार्य को मशीन द्वारा निर्माण कराने से ग्रामीणों में जनप्रतिनिधि तथा विकास अधिकारियों के प्रति आक्रोश व्याप्त है। मौके पर शिबलोचन माछूआ ने द्वारा बिचौलिए के मिलीभगत से मशीन द्वारा सरकारी योजनाओं का काम कराया जा रहा है। इस अवसर पर शिबलोचन माछूआ, गोपीनाथ मछुआ, गुणधर सिंह मुंडा, निताई योगी, शुक्रराम महतो, सीमांत सिंह मुंडा, शम्भू सिंह मुंडा, गणेश सिंह मुंडा, धीरज नायक, रतन योगी, भारत महतो आदि उपस्थित थे।

# मां काली मंदिर के जीर्णोद्धार कार्यक्रम में उमड़े लोग

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता**

धनबाद (झारखंड):-12अक्टूबर 2023:जिले के पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत शंकरडीह मोड स्थित मां काली मंदिर का जीर्णोद्धार कार्यक्रम जोरों पर है । मंदिर के छत ढलाई कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर समाजसेवी श्यामापद मंडल



श्रीराम मंडल आदि प्रमुख रूप से सक्रिय दिखे । ऐसे धार्मिक कार्य के मौके सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, पुरुष एवम युवा वर्ग कार्यस्थल परश्रमदान में हिस्सा ले रहे हैं । कार्यस्थल पर मुख्य रूप से जीप सदस्य- (06) जेबा मरांडी, लटानी मुखिया एनुल हक ,भाजपा प्रखंड अध्यक्ष समीर साव, झामुमो नेता अजीत मिश्रा, वासुदेव कुमार समेत कई गणमान्य ग्रामीणों ने ढलाई कार्यक्रम में सराहनीय योगदान दे रहे हैं ।

# बागदाहा ,राजगंज की बेटी पीजी में यूनिवर्सिटी टॉपर

## आगे करेगी PHD की पढ़ाई।

**दैनिक समाज जागरण।रामलाल मुर्मू संवाददाता बाघमारा।**

राजगंज : राजगंज थाना अंतर्गत बागदाह गांव में कल्पना महतो ने पीजी में यूनिवर्सिटी टॉपर की । BBMKU धनबाद के पीजी संस्कृत डिपार्टमेंट परीक्षा



मे कल्पना महतो युनिवर्सिटी टॉपर जीप सदस्य सह राजगंज प्रखंड बनाओ आंदोलनकारी बाणी देवी ने गुलदस्ता और मिठाई खिलाकर किया सम्मानित । पीजी फाइनल परीक्षा में कल्पना महतो को कुल 1076 अंक मिले हैं, कल्पना के पिता, श्री भुवनेश्वर महतो ( राजगंज इंटर कॉलेज राजगंज में) प्रयोग शाला सहायक में कार्यरत है, माता जिरिया देवी गृहनी काम काज संभालती है। कल्पना महतो ने,10th -53'/. ,12th- 65.2 '/. ( कॉलेज 3rd टॉपर) डिग्री 7.77 CGPA ,pg- grand total -1076 अंक ला कर मां बाप की चेहरे पर मुस्कान ला दी, अब वे पीएचडी की पढ़ाई करेगी,मौके पर पूर्णिमा महतो, संजना महतो, शेखर महतो, रामचंद्र महतो, नूनाराम महतो, हेमचंद महतो, उमेश महतो, इत्यादि ने शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

# चतरा सांसद रेलवे ,गैस पाइप लाइन,सहित लंबित सड़को के कार्य में प्रगति के लिए डी एफ ओ के साथ किए बैठक।

**दैनिक समाज जागरण, आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ**

चतरा (झारखंड) 12 अक्टूबर 2023:-सांसद डॉक्टर सुनील कुमार सिंह चतरा के दक्षिणी वन प्रमंडल पदाधिकारी मुकेश कुमार उतरी वन प्रमंडल पदाधिकारी राहुल मीना गैस पाइप लाइन प्रोजेक्ट के मैनेजर चेतन कुमार मिश्रा के साथ जिला में चल रहे विकास की



कार्यों का समीक्षा किए।दोनो पदाधिकारी से कार्य में तेजी लाने के लिए काफी चर्चा हुआ और कार्य में प्रगति लाने के लिए जोर दिया गया।इस मौके पर पूर्व विधायक जनार्दन पासवान ,सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह,राजेंद्र साहू , पप्पू तिवारी ,प्रदीप केशरी,केदार यादव,अनिल सिंह,संजय सिंह,आलोक सिंह,संजय ठाकुर,शिवकुमार चौबे सहित अन्य शामिल थे।

# दो बंदर के आतंक से टुंडी के बच्चों को घर से निकलना हुआ मुश्किल

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

टुंडी : खबर है टुंडी क्षेत्र का जहा दो बंदरों ने आतंक मचा के रखा है । छोटे बच्चों को खास करके बंदरो द्वारा परेशान किया जा रहा है । परिवार वाले अपने बच्चों को घर से निकले से भयभीत हो रहें हैं। बच्चें स्कूल, कोचिंग सेंटर यहां तक कि ग्राउंड में खेलने जाने से भी डर रहे है । आपको जानकर हैरानी होगी छोटे छोटे बंदरो जो मदारी खेल में नाच दिखाने वाले बंदरो ने पिछले तीन दिनों से दर्जनों बच्चों को घायल कर दिया । जिससे माता पिता को अपने बच्चे को लेकर भयभीत हो गया । सोनार टोला, ब्लॉक रोड ,मिश्रा टोला, टुंडी बाजार एवम क्षेत्र के कई जगहों से खबर मिल रहा है की





बच्चें बंदरो के आतंक से भयभित है । टुंडी के लोगो द्वारा वन विभाग को भटके हुए बंदरो के बारे में जानकारी दिया गया । खबर मिलते ही वन विभाग के प्रभारी गोविंद मिस्त्री एवम उनके टीम के सदस्य बिरालाल सोरेन राम मरांडी तथा अन्य सदस्यों टीम पहुंचकर बंदरो को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है ।

# दिव्य शक्ति कल्याण केन्द्र के द्वारा लगाया गया नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

भूली ए ब्लॉक में दिव्य शक्ति कल्याण केन्द्र के द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग साठ लोगों ने नेत्र जाँच तथा पचपन लोगों ने रक्त जाँच कराया इस कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे संस्था के प्रमुख विष्णु सिंह ने कहा कि संस्था पिछले बारह साल से क्षेत्र में हैं और समाजिक



कार्यो को बढ़-चढ़ कर कर रही हैं, इस मौके पर मुख्य रूप से सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान, सुमिता बरनवाल , सौरभ कुमार, सोनू कुमार, भारती सेवा सदन ट्रस्ट के संस्थापक रामाशीष चौहान, धीरज सिंह, राहुल सिंह इत्यादि उपस्थित थे '